रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, शुक्रवार 17 मई 2024 ● बैशाख शुक्ल पक्ष 10 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 38 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 40.6 | 31.2 |
| जमशेदपुर | 39.0 | 28.0 |
| डालटनगंज | 41.8 | 28.3 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * *




पेज 09

# मंत्री आलमगीर 6 दिन की ईडी रिमांड पर

## ईडी ने कोर्ट को सौंपे रिमांड नोट में बताया

## गिरफ्तार चीफ इंजीनियर बीरेंद्र राम लेते थे टेंडर के बदले कमीशन, मंत्री का शेयर 1.5 प्रतिशत फिक्स था

विनीत आभा उपाध्याय । रांची

पीएमएलए के स्पेशल कोर्ट ने ईडी की अर्जी स्वीकार करते हुए झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को छह दिनों की रिमांड पर भेज दिया है. मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में मंत्री आलमगीर आलम की गिरफ्तारी हुई है. ईडी ने रिमांड नोट में आरोप लगाया कि वर्ष 2023 में गिरफ्तार तत्कालीन चीफ इंजीनियर बीरेंद्र कुमार राम टेंडर आवंटन के बदले कमीशन लिया करते थे, जिसमें से 1.5 प्रतिशत राशि मंत्री को जाती थी.

ईडी ने जांच के दौरान पाया कि वर्ष 2022 में एक असिस्टेंट इंजीनियर के जरिये तीन करोड़ रुपये टेंडर आवंटन के बदले भेजे गये थे. ईडी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम के सचिव के घरेलू सहायक के रांची के गाड़ीखाना स्थित फ्लैट से जब्त 32.2 करोड़ रुपये नकद मंत्री से संबंधित हैं और उन्हें अपने विभाग में हर निविदा से 1.5 प्रतिशत का निश्चित कमीशन मिलता था. ईडी ने यह दावा तब किया, जब उसने मंत्री आलमगीर आलम (74) को धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विशेष अदालत के समक्ष पेश किया. आलम को एजेंसी ने बुधवार को छह घंटे पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था. प्रभात कुमार शर्मा की विशेष अदालत ने उन्हें छह दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया है. आलम झारखंड के पाकुड़ सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं.

### जहांगीर के घर से बरामद पैसे मंत्री आलमगीर के

ईडी ने छह मई को मंत्री के निजी सचिव संजीव लाल और उनके घरेलू सहायक जहांगीर के घर व छह अन्य ठिकानों पर रेड किया था. जहांगीर के फ्लैट से 32.2 करोड़ बरामद किये गये थे. इस मामले में कुल 37.5 करोड़ की जब्ती की गई. ईडी ने मंत्री की रिमांड का अनुरोध करते हुए कोर्ट को बताया, यह पता चला है कि जहांगीर आलम के नाम पर पंजीकृत फ्लैट से जब्त 32.2 करोड़ रुपए की नकदी आलमगीर आलम से संबंधित है और इसे जहांगीर ने संजीव कुमार लाल के निर्देश पर एकत्र किया था, जो आलमगीर आलम के लिए ऐसा कर रहे थे.

### संजीव लाल ही कमीशन वसूली के मुख्य कड़ी

ईडी ने संजीव लाल को कमीशन वसूली का मुख्य कड़ी माना है. कहा है कि मंत्री आलमगीर के निजी सचिव संजीव के पास लेटरहेड पर कई आधिकारिक दस्तावेज की मौजूदगी से साबित होता है कि लाल इस परिसर का इस्तेमाल आलमगीर से जुड़े दस्तावेज, रिकॉर्ड, नकदी और अन्य सामानों को रखने के लिए कर रहे थे. ईडी ने आरोप लगाया कि लाल मंत्री और अन्य की ओर से जमा की गयी कमीशन की रकम का हिसाब-किताब रखते थे. ईडी ने कहा, लाल टेंडर के प्रबंधन और इंजीनियरों से कमीशन जमा करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं. साथ ही कमीशन का एक हिस्सा सरकार के उच्चाधिकारियों को बांटा गया. ईडी का दावा है कि ग्रामीण विकास विभाग के ऊपर से नीचे तक कई अधिकारी इस सांठगांठ में शामिल रहे हैं. भारी भुगतान आमतौर पर नकद में प्राप्त किया जाता था, जिसे बाद में सफेद कर दिया जाता था, जिसका खुलासा करने की जरूरत है. -शेष पेज 11 पर



**मंत्री आलम का नया ठिकाना होटवार जेल**

### कोर्ट रूम लाइव

**कोर्ट :** परिवारवालों को पता है कि आप गिरफ्तार हुए हैं?

**आलमगीर:** हां, घरवालों को गिरफ्तारी की सूचना है.

ईडी की टीम गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच मंत्री आलमगीर आलम को लेकर दिन के 11: 45 बजे सिविल कोर्ट पहुंची. वहां उन्हें रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) के स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया. करीब डेढ़ घंटे आलमगीर आलम कोर्ट में मौजूद रहे. इसके बाद उन्हें गुरुवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार होटवार भेज दिया गया. ईडी उनसे शुक्रवार से छह दिनों तक पूछताछ करेगी. जानिए कोर्ट रूम में मंत्री आलमगीर आलम से क्या-क्या पूछा गया.

**कोर्ट :** आपको कब अरेस्ट किया गया?

**आलमगीर :** कल (15 मई) शाम को.

**कोर्ट :** परिवारवालों को पता है कि आप गिरफ्तार हुए हैं ?

**आलमगीर:** हां, घरवालों को गिरफ्तारी की सूचना है.

आलमगीर के वकील: मेडिकल ट्रीटमेंट चल रहा है, कुछ दवाएं भी लेते हैं. स्वास्थ्य ठीक नहीं है.

**कोर्ट:** सभी पर्चियां पास रखें, जरूरत पड़ने पर एजेंसी को दिखायें.

**ईडी के वकील:** मेडिकल सुविधा के लिए सिविल सर्जन हमेशा उपलब्ध हैं, जरूरत पड़ने पर उचित मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी.

सुनवाई पूरी होने के बाद पीएमएलए स्पेशल कोर्ट के जज उठकर चले गये. इसके बाद मंत्री आलम ने फोन पर किसी से कुछ देर बातचीत भी की.

### आलमगीर आलम ही पूरे मामले के मुख्य साजिशकर्ता हैं

ईडी ने दावा किया कि आलमगीर आलम अपराध की आय प्राप्त करने, इसे छिपाने में शामिल थे. इस मनी लॉन्ड्रिंग प्रक्रिया में उनकी सक्रिय हिस्सेदारी थी. आलमगीर आलम ही इस पूरे मामले के मुख्य साजिशकर्ता हैं. सितंबर 2020 का धन शोधन मामला झारखंड पुलिस की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (जमशेदपुर) के मामले और दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा द्वारा मार्च 2023 में राज्य ग्रामीण कार्य विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता बीरेंद्र कुमार राम और कुछ अन्य के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी से संबद्ध है.

## आलमगीर का जहाज डुबानेवाले छह किरदार

प्रवीण कुमार। रांची

इडी की अदालत ने मंत्री आलमगीर आलम को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है. अगले छह दिनों तक वह इडी के रिमांड पर रहेंगे. उन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप है. 35 करोड़ रुपए बरामद हुए हैं. बीच चुनाव में हुई घटनाक्रमों की वजह से कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण रहे आलम को अब पार्टी के वरिष्ठ लोग ही हेय की दृष्टि से देखने लगे हैं. माना जा रहा है 74 वर्षीय इस मजबूत शख्सीयत वाले राजनेता का कैरियर खत्म हो गया है. ऐसे में यह जानना दिलचस्प होगा कि उन्हें इस हाल तक पहुंचाने में किन-किन लोगों की भूमिका रही. वो सभी लोग देर-सबेर ईडी के रडार पर आएंगे ही. हमने जब आलम के करीबियों से बात की, तो छह नाम सामने आये. चार इस कार्यकाल में और दो विधानसभा अध्यक्ष वाले कार्यकाल के. आलमगीर आलम दूध पीता बच्चा नहीं हैं, जो किया है, उसके लिए खुद ही जिम्मेदार हैं, लेकिन उन्हें करीब से जानने वाले बताते हैं कि अगर ये छह लोग आलम की जिंदगी में नहीं आए होते, तो आज आलम की यह दुर्गति नहीं होती.

- **संजीव लाल:** फिलहाल 35 करोड़ रुपए की बरामदगी के मामले में न्यायिक हिरासत में हैं. मंत्री आलमगीर आलम के पीएस थे. आलमगीर जब मंत्री बने, तब संजीव लाल सबसे पहले उनके बेटे के संपर्क में आया. फिर आलमगीर का पीएस बना. जैसा कि हर पावर सेंटर के साथ होता है, यहां भी हुआ. पीएस बनने के कुछ दिनों के भीतर ही संजीव लाल ने आलमगीर आलम के तमाम करीबियों को उनसे दूर कर दिया. उन तक पहुंचने वाली तमाम सूचनाओं को रोक दिया और खुद उनकी आंख, कान, नाक बन गया. उसके बाद पंसद के इंजीनियर, पसंद के ठेकेदार, पसंद के सप्लायर सबकी मंडली संजीव लाल के पास जमा होने लगी. फिर क्या था वसूली का खेल शुरू हो गया.
- **मुन्ना सिंह:** मुन्ना सिंह पेशे से बिल्डर हैं. रांची में उनका कई बड़े प्रोजेक्ट का काम चल रहा है. इडी ने इनके घर से भी 3.50 करोड़ रुपया बरामद किया था. बताया जाता है कि संजीव लाल ने ही मुन्ना सिंह को मंत्री आलमगीर आलम से मिलवाया था. पिछले चार सालों में मुन्ना सिंह की तरक्की देख करके कोई भी कंपटीटर बिल्डर उनसे रस्क कर सकता है. मुन्ना सिंह अक्सर मंत्री के आवास पर आते जाते थे. इसकी एक वजह यह हो सकती है कि भ्रष्टाचार का पैसा रिएल एस्टेट में ही सबसे अधिक खपता है. और जब भ्रष्टाचार कर हासिल पैसे को इंवेस्ट करने का रास्ता मिल जाये, तब यह सब करने का मजा कई गुणा बढ़ जाता है.
- **सैफू भाई :** रांची में इन्हें सारे लोग इसी नाम से जानते हैं. संथाल के ही रहने वाले हैं. महीने में 20 दिन रांची में ही आलमगीर के आसपास रहते थे. पाकुड़ में मैरेज हॉल, मार्केटिंग कांप्लेक्स आदि में निवेश का काम सैफू भाई के जिम्मे ही होता था. ग्रामीण विकास विभाग का कोई भी काम हो, सैफू भाई के कहने पर तुरंत हो जाया करता था. बदले में उन्हें क्या मिलता था, यह जांच के बाद ही पता चल पाएगा. इसके साथ संथाल की सारी पार्टी इन्हीं के जरिए मंत्री व संजीव लाल तक पहुंचती थी. -शेष पेज 11 पर



- **तनवीर आलम :** यह सच है कि आलमगीर आलम के सामने उनका बेटा तनवीर खड़ा भी नहीं हो पाता था. पिता के सामने वह एक अच्छे बेटे की तरह ही बने रहने की कोशिश करता था. लेकिन था तो पुत्र ही. संजीव लाल ने इसे अपने सांचे में ऐसा ढाला कि इसके पास भी अफसरों, इंजीनियरों, ठेकेदारों का आना-जाना शुरू हो गया. संजीव लाल जो भी करता था आलमगीर से पहले तनवीर को जरूर विश्वास में लेता था.

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 68,900 |
| चांदी (किलो) | 88,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं और रहेंगे

**तमलुक (बंगाल)।** बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि उनकी पार्टी टीएमसी राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा विरोधी गठजोड़ का हिस्सा है और आगे भी रहेगी. एक चुनावी रैली में बनर्जी ने कहा कि टीएमसी बंगाल में माकपा और कांग्रेस के साथ गठबंधन में नहीं है. कुछ लोगों ने बुधवार के मेरे बयान को गलत समझा गया है.

#### मालदा में आकाशीय से 11 लोगों की मौत

**मालदा।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में अलग-अलग स्थानों पर गुरुवार को आकाशीय बिजली की चपेट में आने से कम से कम 11 लोगों की मौत हो गयी और दो अन्य लोग झुलस गये.

मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में गिरफ्तारी पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

## मामला कोर्ट में हो, आरोपी पेश हुआ तो ईडी अरेस्ट नहीं कर सकती



एजेंसी। नयी दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक फैसले में कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी की शिकायत पर विशेष कोर्ट के संज्ञान के बाद एजेंसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं करेगी.न्यायमूर्ति अभयएस ओका व उज्ज्वल भुइंया की पीठ ने कहा, यदि आरोपी की हिरासत जरूरी है, तो ईडी को विशेष कोर्ट में आवेदन देना होगा. आरोपी का पक्ष सुनने के बाद विशेष कोर्ट को कारण बताते हुए अनिवार्य रूप से फैसला सुनाना होगा. कोर्ट हिरासत की अनुमति तभी देगी, जब संतुष्ट हो कि हिरासत में रख कर पूछताछ जरूरी है. कोर्ट ने यह कहा कि जिसको आरोपी बनाया गया, उसे गिरफ्तार करने के लिए ईडी को पीएमएलए, 2002 की धारा 19 की शर्तों को पूरा करना होगा.

**ईडी की गिरफ्तारी पर 3 टिप्पणियां**

1. मनी लॉन्ड्रिंग का आरोपी अगर कोर्ट के समन के बाद पेश होता है, तो उसे जमानत की अर्जी देने की जरूरत नहीं है. ऐसे में पीएमएलए के सेक्शन 45 के तहत जमानत की शर्तें भी लागू नहीं हैं.
2. कोर्ट समन के बाद अगर आरोपी पेश होता है, तो उसकी रिमांड के लिए ईडी को स्पेशल कोर्ट में एप्लिकेशन देनी होगी.
3. कोर्ट तभी एजेंसी को कस्टडी देगी, जब वह संतुष्ट हो जाएगी कि कस्टडी में पूछताछ जरूरी है.

### तो क्या ईडी की ताकत पर शीर्ष कोर्ट ने कस दिया शिकंजा?

#### क्या कहता है पीएमएलए का सेक्शन 19

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जब ईडी ने आरोपी के खिलाफ कम्प्लेंट भेज दी है, जो जांच के दौरान गिरफ्तार नहीं किया गया था. तब पीएमएलए एक्ट के सेक्शन 19 के तहत मिली पावर्स का इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं. सेक्शन 19 कहता है कि अगर ईडी को किसी आरोपी के अपराध में शामिल होने का शक है तो वह उसे गिरफ्तार कर सकती है. कोर्ट ने कहा कि आरोपी जमानत की अपील करता है, तो कोर्ट सरकारी वकील की दलीलें सुनेगी और जब संतुष्ट हो जाएगी कि व्यक्ति गुनहगार नहीं है और वह बाहर जाकर जुर्म नहीं करेगा, तब जमानत दी सकेगी. नवंबर 2017 में कोर्ट ने पीएमएलए के सेक्शन 45(1) को अवैध करा दिया था, क्योंकि इसमें मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी को जमानत के लिए 2 अतिरिक्त शर्तें थीं. केंद्र सरकार ने पीएमएलए एक्ट में संशोधन कर इन प्रावधानों को बरकरार रखा था.

#### किये थे सवाल

इस मामले पर शीर्ष अदालत में पिछली सुनवाई 30 अप्रैल को हुई थी. तब सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया था कि अगर कोर्ट ने पीएमएलए के तहत आरोपी को समन भेजा गया और वह कोर्ट में पेश हुआ है, तो क्या वो सीआरपीसी के तहत जमानत के लिए आवेदन कर सकता है? 30 अप्रैल को कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था. गुरुवार को कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है.

### चुनावी समर 2024

पीएम मोदी ने राहुल गांधी पर कसा तंज

#### रायबरेली से भी जाएंगे खटा खट खटा खट



**प्रतापगढ़ (यूपी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला किया. राहुल गांधी अपनी सभाओं में चुनाव बाद सरकार बनने पर बैंक खाते में खटा खट खटा खट रुपए भेजने का वादा कर रहे हैं. इसी का जवाब पीएम मोदी ने प्रतापगढ़ में दिया. मोदी ने कहा कि कोई इनको बता दो अब रायबरेली की जनता भी खटा खट खटा खट खटा खट घर भेजेगी. अमेठी से गए अब रायबरेली से भी जाएंगे.

राजद अध्यक्ष लालू यादव का देश के नाम संदेश

#### संविधान खत्म कर देगी भाजपा



**पटना।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने देशवासियों के नाम संदेश दिया है. उन्होंने कहा, सावधान हो जाइए! भाजपा आपका आरक्षण, लोकतंत्र और संविधान खत्म करने पर तुल गयी है. संविधान नहीं रहेगा, तो लोकतंत्र भी नहीं रहेगा. आप देश के समान रूप से नागरिक भी नहीं रहेंगे. आप ऐसे नागरिक नहीं रहेंगे, जिनके पास अधिकार होंगे, संवैधानिक सुरक्षा और उपचार के उपाय हों. आप चंद लोगों के गुलाम मात्र रह जाएंगे. संविधान है तो आरक्षण है.

## समरथ को नहिं दोसु गुसाईं

**प्रसंगवश**



बैजनाथ मिश्र
वरिष्ठ पत्रकार और झारखंड के पूर्व सूचना आयुक्त

समरथ को नहिं दोसु गुसाईं, रवि पावक सुरसरि की नाईं. ये पंक्तियां हैं तुलसीदास के मानस की. उस समय सुप्रीम कोर्ट नहीं था, इसलिए शायद उसका उल्लेख नहीं हुआ. इन पंक्तियों का अर्थ सीधा सपाट है. वह यह कि समर्थ को कोई दोष नहीं लगता या उसे दोषी नहीं ठहराया जा सकता. तुलसी ने इन समर्थ व्यक्तियों की श्रेणी में रवि (सूर्य), पावक (अग्नि) और सुरसरि (गंगा) यानी जल को रखा है. ये जो चाहें कर सकते हैं. कुछ इसी तरह की भूमिका में हमारा सुप्रीम कोर्ट भी लगता है. अपनी इसी सर्वोच्चता का उपयोग करते हुए उसने अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत दे दी है. हालांकि उन्होंने जमानत मांगी नहीं थी. वह सुप्रीम कोर्ट गये थे इस दलील के साथ कि उनकी गिरफ्तारी अवैधानिक तथा असंवैधानिक है. लेकिन वह सुप्रीम कोर्ट ही क्या जो बिना मांगे मुराद पूरी न कर दे. इसलिए केजरीवाल की गिरफ्तारी पर तो फैसला नहीं आया, लेकिन उन्हें चुनाव प्रचार के लिए औपबंधिक अंतरिम जमानत मिल गयी. साथ ही कोर्ट ने यह भी कह दिया कि इसे नजीर नहीं माना जाना चाहिए. यानी यह सुप्रीम कृपा बिरले पर ही बरसती है, जनसामान्य पर नहीं.

सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि चुनाव पांच साल में एक बार आते हैं और केजरीवाल अपनी पार्टी के मुखिया हैं. इसलिए लेवल प्लेइंग फील्ड के कनसेप्ट के साथ उन्हें सशर्त जमानत दी जाती है. मान लिया कि सुप्रीम कोर्ट का ऑब्जर्वेशन सही है. लेकिन फिर हेमंत सोरेन को इसी आधार पर जमानत क्यों नहीं मिली ? कहा जा सकता है कि उनके मामले में हाईकोर्ट में फैसला लंबित होने का पेंच था. लेकिन जब केजरीवाल को बिना मांगे जमानत मिल सकती है, तब जमानत मांगने पहुंचे हेमंत के साथ न्याय क्यों नहीं हुआ ? अगर केजरीवाल पेशेवर अपराधी नहीं हैं और उनके देश से भाग जाने की संभावना नहीं है, तो क्या हेमंत पेशेवर अपराधी हैं और वह जमानत मिलने पर देश से भाग जाएंगे ?

हेमंत भी अपनी पार्टी के व्यावहारिक मुखिया हैं. वह एक पूर्ण राज्य के मुख्यमंत्री रहे हैं जबकि केजरीवाल अपूर्ण राज्य के मुख्यमंत्री हैं. दोनों की गिरफ्तारी आठ-नौ समन के बाद हुई है. हेमंत ने तो कम से कम संवैधानिक नैतिकता का उदाहरण पेश करते हुए जेल जाने से पहले अपने पद से इस्तीफा दे दिया था, जबकि केजरीवाल ने घोर अनैतिकता का उदाहरण पेश करते हुए मुख्यमंत्री का पद नहीं छोड़ा है. बावजूद इसके केजरीवाल पर सुप्रीम कोर्ट का करम और हेमंत पर सितम समझ से परे है.

क्या हेमंत लेवल प्लेइंग फील्ड के हकदार नहीं हैं ? क्या उन्हें चुनाव प्रचार का मौका इसलिए नहीं मिलना चाहिए कि वह आदिवासी हैं यानी एलीट क्लास के नहीं हैं ? क्या वे इसलिए जेल में रहेंगे कि वह अराजक नहीं हैं और उन्हें भारत विरोधी विदेशी (जर्मनी, अमेरिका, कनाडा आदि) एनजीओ का समर्थन हासिल नहीं है ? आखिर केजरीवाल को उपकृत करने की कोई तो वैधानिक, संवैधानिक वजह होगी ? लोग कहते रहते हैं कि कानून की नजर में कोई खास नहीं है. सब बराबर हैं. सुप्रीम कोर्ट भी यही कहता है. लेकिन केजरीवाल पर उसका आदेश उसकी घोषणा की चुगली करता लगता है. -शेष पेज 11 पर

कोविशील्ड के बाद अब कोवैक्सीन से भी साइड इफेक्ट्स का दावा

## हार्ट अटैक और लकवा का खतरा

शुभम संदेश नेटवर्क

कोरोना वैक्सीन कोविशील्ड का पूरा मामला ठंडा नहीं हुआ कि अब भारत बायोटेक की कोवैक्सीन से भी साइड इफेक्ट्स का दावा हुआ है. इकोनॉमिक टाइम्स ने साइंस जर्नल स्प्रिंगरलिंक में पब्लिश हुई रिसर्च से मामला सामने आया है. बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में हुए शोध में एक तिहाई लोगों में कोवैक्सीन के साइड इफेक्ट्स देखे गए हैं. लोगों में सांस की दिक्कत, ब्लड क्लॉटिंग और चर्म रोग की बीमारियां देखी गईं.

बता दें कि ब्लड क्लॉटिंग से हार्ट अटैक का खतरा होता है. कुछ लोगों को लकवा के भी लक्षण मिले हैं. शोध में पता चला कि टीनएजर्स, किशोरियों और एलर्जी रोगियों को कोवैक्सीन से खतरा है.हालांकि हाल ही में कोवैक्सीन बनाने वाली कंपनी भारत बायोटेक ने कहा था कि उनकी बनाई हुई वैक्सीन सुरक्षित है. पीएम नरेंद्र मोदी ने भी इसी कोवैक्सीन के दो डोज लगवाए थे.



- **बीएचयू के शोध में किया गया दावा :** सांस लेने में दिक्कत, ब्लड क्लॉटिंग के मामले दिखे
- **भारत बायोटेक ने बनाई है कोवैक्सीन, देश में इसके भी 36 करोड़ डोज लगे हैं**

### 30% लोगों पर हुआ साइड इफेक्ट

1. **सांस की दिक्कत बढ़ी :** शोधकर्ता शंख शुभ्रा चक्रवर्ती ने कहा, हमने उन लोगों का डेटा कलेक्ट किया, जिन्हें वैक्सीन लगे एक साल हो गया. 1,024 लोगों पर शोध में से 635 किशोर व 291 वयस्क शामिल थे. 304 (47.9%) किशोरों और 124 (42.6%) वयस्कों में सांस संबंधी इन्फेक्शन (अपर रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन) देखे गए. इससे लोगों में सर्दी, खांसी जैसी गंभीर समस्याएं देखी गईं.
2. **स्किन से जुड़ी बीमारियां :** शोध में पाया गया कि इसमें हिस्सा लेने वाले टीनएजर्स में स्किन से जुड़ी बीमारियां (10.5%), नर्वस सिस्टम से जुड़े डिसऑर्डर (4.7%) और जनरल डिसऑर्डर (10.2%) देखे गए. वहीं, वयस्कों में जनरल डिसऑर्डर (8.9%), मांसपेशियों और हड्डियों से जुड़े डिसऑर्डर (5.8%) और नर्वस सिस्टम से जुड़े डिसऑर्डर (5.5%) देखे गए.
3. **गुलियन बेरी सिंड्रोम (जीबीएस) भी हो सकता है :** कोवैक्सीन के साइड इफेक्ट्स पर हुई स्टडी में 4.6% किशोरियों में मासिक धर्म संबंधी असामान्यताएं (अनियमित पीरियड्स) देखी गईं. आंखों से जुड़ी असामान्यताएं (2.7%) और हाइपोथायरायडिज्म (0.6%) भी देखा गया. वहीं, 0.3% प्रतिभागियों में स्ट्रोक और 0.1% लोगों में गुलियन बेरी सिंड्रोम (जीबीएस) की पहचान भी हुई.



## राशिफल
आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** मित्र से धोखा मिल सकता है. विद्यार्थी वर्ग शोध कार्य व शैक्षणिक गतिविधियों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं. स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. नौकरी में कोई नया विचार क्रियान्वित हो सकता है.

**वृषभ** माता से मानसिक मतभेद होगा. कार्य की सफलता के लिए प्रयास अधिक करना पड़ेंगे. गलतफहमी से विवाद हो सकता है. भावनाओं पर अंकुश आवश्यक है. हितशत्रुओं से सावधान रहें. कारोबार ठीक चलेगा. आय होगी.

**मिथुन** समय बहुत ही उत्तम है. आय में वृद्धि होगी. कोई बड़ा कार्य प्रारंभ करने का मन बनेगा. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा. निवेश शुभ फल देगा. समय की अनुकूलता का लाभ लें. मंदिर में जल दान करें.

**कर्क** आंख में कोई समस्या हो सकती है. आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. आय में वृद्धि होगी. परिवार में खुशी का माहौल रहेगा. किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा.

**सिंह** समय अनुकूल है. पर सुबह से खर्च में वृद्धि होगी. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. भाग्य का सहारा रहेगा. परिवार में खुशी का माहौल रहेगा. चोट व रोग से बचें. किसी बड़ी समस्या से निजात मिल सकती है.

**कन्या** आय एक समान नहीं होगा. कर्ज लेना पड़ सकता है. किसी व्यक्ति के उकसावे में नहीं आएं. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा.

**तुला** किसी कार्य को लेकर लापरवाही न करें. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. पुरानी लेनदारी वसूली के प्रयास सफल रहेंगे. कारोबार में वृद्धि होगी. जल्दबाजी न करें. इतर का दान करना चाहिए.

**वृश्चिक** कोई मानसिक पीड़ा हो सकती है. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. शत्रुओं का पराभव होगा. आर्थिक नीति में बदलाव हो सकता है. कार्यप्रणाली में सुधार होगा. तत्काल लाभ नहीं मिलेगा. सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी.

**धनु** समय सामान्य है. सुबह का समय सामान्य होगा. ससुराल से शुभ समाचार मिलेगा. कोर्ट-कचहरी तथा सरकारी मामलों की बाधा दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. पूजा-पाठ आदि पर व्यय होगा.

**मकर** क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है. वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में लापरवाही न करें. कारोबार ठीक चलेगा. आय में निश्चितता रहेगी. शनि को खुश रखें. कार्य में गति आएगी.

**कुंभ** दांपत्य जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा. कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी. आपके कार्य और प्रभाव से आय में वृद्धि होगी. नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा. किये गए कार्य का लाभ होगा.

**मीन** किसी पुरानी बात को लेकर मानसिक जलझन होगा. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा. लंबी यात्रा की योजना बन सकती है. स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. जल का दान करें.

## एडवोकेट एसोसिएशन की बैठक के बाद काम पर लौटे हाईकोर्ट के अधिवक्ता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता गुरुवार से अपने काम पर लौट आये हैं. बुधवार को जिस अधिवक्ता के खिलाफ एक्शन लिया गया था, उसे डबल बेंच से राहत मिलने के बाद गुरुवार को हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन की बैठक हुई. इसमें निर्णय लिया गया कि पहले की तरह सभी अधिवक्ता न्यायालय में अपने काम पर उपस्थित होंगे. एसोसिएशन के अध्यक्ष ऋतु कुमार और महासचिव नवीन कुमार के संयुक्त हस्ताक्षर से पत्र जारी कर निर्णय की जानकारी हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं को दे दी गयी है. यह जानकारी हाईकोर्ट के एडवोकेट धीरज कुमार ने दी.



### झारखंड में सततशील यातायात व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए सीड व ओएमआई फाउंडेशन के बीच एमओयू

# स्वच्छ परिवहन व्यवस्था की मजबूती के लिए नवाचारों पर होगा अनुसंधान

**संवाददाता। रांची**

झारखंड में सस्टेनेबल मोबिलिटी (सततशील यातायात) व्यवस्था को बढ़ावा देने और जस्ट ट्रांजिशन प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए सीड और ओएमआई फाउंडेशन साथ मिल कर शोध-अध्ययन व डेवलपमेंट रोडमैप तैयार करेंगे. यह साझेदारी भविष्य और निम्न-कार्बन विकास की दिशा में राज्य के प्रयासों को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है. सीड के सीईओ रमापति कुमार और ओएमआई फाउंडेशन ट्रस्ट की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ऐश्वर्या रामन ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया.

इस एमओयू के अंतर्गत सीड और ओएमआई फाउंडेशन सस्टेनेबल मोबिलिटी पर आधारित नवाचारों के अनुसंधान और परियोजना पर काम करेंगे और स्वच्छ परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने का प्रयास करेंगे. सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन टास्क फोर्स (झारखंड सरकार) के टेक्निकल पार्टनर के रूप में सीड राज्य के लिए सस्टेनेबल मोबिलिटी से संबंधित एक रोडमैप तैयार करने को अग्रसर है, जो परिवहन क्षेत्र में डीकार्बनाइजेशन प्रक्रिया को आगे बढ़ाने और राज्य में क्लीन मैन्युफैक्चरिंग इको सिस्टम बनाने की दिशा में सहायक होगा.



### ग्रीन इकोनॉमी व सस्टेनेबल मोबिलिटी को गति मिलेगी

ऐश्वर्या रामन ने बताया कि यह साझेदारी टास्क फोर्स और राज्य सरकार के लक्ष्यों के अनुरूप स्वच्छ परिवहन के क्षेत्र में एनर्जी ट्रांजिशन, तकनीकी ज्ञान के आदान-प्रदान, पायलट स्टडीज को बढ़ावा देगी. इससे राज्य में ग्रीन इकोनॉमी और सस्टेनेबल मोबिलिटी को गति मिलेगी. इस कार्यक्रम में नेहा गुप्ता, दीपांजन राउत, प्रदीप करुतुरी, प्रकाश गुप्ता, मनीष राम, अश्विनी आदि उपस्थित थे.

### नए-नए तरीकों से अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी : रमापति कुमार

साझेदारी के बारे में सीड के सीईओ रमापति कुमार ने कहा कि यह पहल स्थानीय स्तर पर अत्याधुनिक रिसर्च और इन्नोवेशंस को बढ़ावा देकर सस्टेनेबल मोबिलिटी के लिए एक रोडमैप तैयार करने पर केंद्रित है. इससे पारंपरिक परिवहन व्यवस्था से अलग सस्टेनेबल मोबिलिटी के नए तरीकों के जरिए अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी. साथ ही जस्ट ट्रांजिशन की प्रक्रिया को बल मिलेगा.

### परिवहन क्षेत्र में आएगा आदर्श बदलाव: ऐश्वर्या रामन

ओएमआई फाउंडेशन ट्रस्ट की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ऐश्वर्या रामन ने कहा कि स्वच्छ परिवहन को अपनाना सततशील भविष्य और स्वच्छ पर्यावरण के लिए आवश्यक है. इलेक्ट्रिक वाहनों से लेकर ग्रीन हाइड्रोजन और बायोफ्यूल्स जैसे भविष्य के ईंधन को अपनाते हुए हम परिवहन क्षेत्र में एक आदर्श बदलाव ला सकते हैं. इस प्रकिया में हम सस्टेनेबल ट्रांसपोर्ट और क्लीन एनर्जी क्षेत्र में जस्ट ट्रांजिशन के लिए प्रयासरत हैं, जो महिलाओं व दिव्यांगों के हितों के अनुकूल परिवहन अधिसंरचना तैयार करने को बढ़ावा देती है.

### बाबूलाल ने भ्रष्टाचार पर राज्य की गठबंधन सरकार को घेरा, कहा

# गलत ढंग से पैसा कमानेवालों को हर हाल में जेल जाना ही पड़ेगा

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को राजमहल लोकसभा के पाकुड़ जिले में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के रहते कोई भी आदिवासी, दलित और ओबीसी के आरक्षण को खत्म नहीं कर सकता है. इंडिया गठबंधन वालों की दुकान बंद हो रही है. उनके साथ जनता खड़ी नहीं है, इसलिए दुष्प्रचार कर रहे हैं. उनकी साजिश को समझें. वे लोग प्रधानमंत्री मोदी को हटाने के लिए साजिश कर रहे हैं. पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने भ्रष्ट मंत्री, अफसर और नेताओं पर कार्रवाई की है. वे जेल में बंद हैं. आज इस लोकसभा क्षेत्र से दो-दो लोग जेल में बंद हैं. राजमहल लोकसभा के बरहेट विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और पाकुड़ विधायक व मंत्री आलमगीर आलम जेल में बंद हैं.

**अपनी करनी से हैं जेल में हेमंत सोरेन :** बाबूलाल ने कहा कि इंडिया गठबंधन के लोग कहते हैं कि हेमंत सोरेन को फंसा दिया गया है, पर वे अपनी करनी से जेल में हैं. उन्होंने राजमहल के पहाड़ों को अवैध रूप से खनन कर पत्थरों को बिहार व बांग्लादेश को बेच दिया. पैसे अपनी तिजोरी में भर लिए. नदी के बालू को यूपी और बिहार ले जाते रहे,

### खास बातें
- भाजपा के रहते आरक्षण को खत्म नहीं कर सकता कोई
- अमरापाड़ा व लिट्टीपाड़ा में कोयले की चोरी कराते थे हेमंत

### झारखंड सरकार को पत्र लिखकर हार गए

मरांडी ने कहा कि झारखंड सरकार को पत्र लिख कर हार गए हैं कि यहां गड़बड़ी हो रही है. यह अफसर भ्रष्टाचार कर रहा है. इसे ठीक करें, लेकिन राज्य सरकार कुछ करती नहीं है. राज्य सरकार खुद जांच करती, भ्रष्टाचारियों और बिचौलियों को पकड़ती, भ्रष्ट अफसरों को जेल में डालती, तो यह गड़बड़ी नहीं होती. आज तो इस प्रदेश की सरकार ही गड़बड़ी करने में लगी हुई है. खुद लूटने में लगी हुई है.

झारखंड के लोगों को प्रधानमंत्री आवास बनाने के लिए बालू नहीं मिलता है. लोगों को परेशानी हो रही है. हेमंत सोरेन अमरापाड़ा व लिट्टीपाड़ा में रात में कोयला की चोरी कराते थे. फर्जी कागज बनाकर जमीन को बेचने और बेचवाने का काम किया. पाकुड़िया में 800 से 900 बीघा जमीन अपने भाई और बाकी लोगों के नाम से कराए हैं.



## गरीब युवाओं के हक की नौकरी नेताओं की पैरवी पर बांटी गई

**रांची।** झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम की गिरफ्तारी के बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रहते हुए आलमगीर आलम ने विधानसभा में सैकड़ों कर्मियों को अवैध रूप से नियुक्त किया. गरीब युवाओं के हक की नौकरी नेताओं की पैरवी पर बांटी गयी. पैसे के लेनदेन की सीडी सामने आयी. मामला प्रकाश में आने पर विक्रमादित्य आयोग का गठन कर जांच की गयी, जिसमें आलमगीर आलम पर लगे आरोप प्रमाणित भी हुए. लेकिन इसके बाद जो हुआ वो युवाओं को जानना और समझना बेहद जरूरी है.

### हेमंत सरकार के कामकाज पर उठाये सवाल

बाबूलाल ने हेमंत सरकार के कामकाज पर सवाल उठाते हुए लिखा है कि मुख्यमंत्री बनने के बाद युवा विरोधी हेमंत सोरेन ने विक्रमादित्य आयोग की रिपोर्ट पर कार्रवाई करने के बजाय उसकी समीक्षा के लिए एक और आयोग का गठन कर दिया. प्रदेश अध्यक्ष ने आगे लिखा कि दरअसल कांग्रेस झामुमोवाले नहीं चाहते कि नियुक्ति घोटाला की सच्चाई समाने आये और झारखंड के युवाओं को न्याय मिले.

### मंत्री आलमगीर आलम पर साधा निशाना

मरांडी ने कहा कि आईएएस पूजा सिंघल के घर से 20 करोड़ रुपये मिले. वह भी जेल में हैं. अभी-अभी इस क्षेत्र से विधायक और सरकार में दूसरे नंबर के मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के नौकर के घर में 35 करोड़ रुपये मिले. ये आप सबों से लूटा हुआ, अवैध बालू, पत्थर, जमीन व कोयला से कमाया हुआ और ठेकेदारी में कमीशन से लिया हुआ पैसा है. ब्लॉक से कमीशन के रूप में लिया हुआ पैसा है. मनरेगा के कमीशन का पैसा है. जब उन्हें वेतन डेढ़ लाख रुपये मिलता है. तो इतना पैसा कहां से आया? वेतन के हिसाब से 10 साल में या जीवन भर में भी इतना पैसा जमा नहीं होगा. यह पैसा राज्य की गरीब जनता का है. उन्होंने कहा कि हम विश्वास दिलाते हैं कि एक-एक कर भ्रष्ट और दलाल अफसरों, दलाल नेताओं को जेल में बंद करा देंगे.



## पोल्ट्री फॉर्म के कचरे से पांच मेगावाट बिजली होगा उत्पादन

**नई पहल:** सरकार ने अलग-अलग कचरा से कुल 151 मेगावाट बिजली उत्पादन का रखा है लक्ष्य

- **साल** भर में पोल्ट्री फॉर्म से निकलता है 363 टन कचरा
- **मवेशी** कचरे से 116 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य
- **शहर** में निकलता है 1055 मिलियन लीटर गीला कचरा

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

झारखंड में पोल्ट्री (मुर्गा-मुर्गी-बत्तख) के कचरे से भी बिजली तैयार की जाएगी. सरकार ने इस कचरे से पांच मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा है. रिन्यूएवल एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए तैयार किए गए डीपीआर में कहा गया है कि पोल्ट्री फॉर्म से साल भर में 363 टन कचरा निकलता है. इससे पांच मेगावाट बिजली का उत्पादन हो सकता है. वहीं, मवेशियों के कचरे से 116 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है. साल भर में 13,580 टन कैटल वेस्ट निकलता है. इसका उपयोग बिजली उत्पादन में किया जा सकता है.

### गीला और ठोस कचरा से 30 मेगावाट बिजली उत्पादन का है लक्ष्य

शहरी क्षेत्रों में निकलने वाले गीला कचरा से 10 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है. आकलन के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में प्रतिदिन 1055 मिलियन लीटर गीला कचरा निकलता है. सरकार द्वारा तैयार की गई योजना के तहत शहरी क्षेत्रों से निकलने वाले ठोस कचरा से 20 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है. शहरी क्षेत्रों में साल भर में 1317 टन कचरा निकलता है. इस तरह सारे कचरों को मिला कर कुल ठोस कचरा 15260 टन प्रति वर्ष निकलने का अनुमान लगाया गया है.

### किस कचरे से कितने मेगावाट बिजली का होगा उत्पादन

| कचरा | बिजली उत्पादन |
|---|---|
| पोल्ट्री | पांच मेगावाट |
| कैटल वेस्ट जेनरेशन | 116 मेगावाट |
| अर्बन लिक्विड वेस्ट | 10 मेगावाट बिजली |
| अर्बन सॉलिड वेस्ट | 20 मेगावाट |

## जिस डीएसपी ने दी थी क्लीनचिट उसने ही आलम को जेल तक पहुंचाया

**सौरभ सिंह। रांची**

बरहरवा टोल प्लाजा मामले में जिस डीएसपी पीके मिश्रा ने आलमगीर आलम को 24 घंटे में क्लीन चिट दी थी, उस डीएसपी ने ही गुरुवार को आलमगीर को जेल तक पहुंचाया. ईडी ने बुधवार को आलमगीर को गिरफ्तार करने के बाद गुरुवार को पीएमएलए की विशेष अदालत में पेश किया था. इस दौरान कोर्ट की सुरक्षा से लेकर आलमगीर आलम को होटवार जेल तक पहुंचाने तक की जिम्मेदारी हटिया डीएसपी पीके मिश्रा को मिली थी.

### बरहरवा टोल प्लाजा मामले में 24 घंटे में दे दी थी क्लीन चिट


गौरतलब है कि बरहरवा टोल प्लाजा मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा और राज्य सरकार में मंत्री आलमगीर आलम को केस दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर ही साहिबगंज पुलिस ने क्लीन चिट दे दी थी. दरअसल, ईडी ने बरहरवा टोल प्लाजा टेंडर को लेकर हुए विवाद से जुड़े केस में अनुसंधानकर्ता सरफुद्दीन खान को पूछताछ के लिए बुलाया था. आईओ से केस से जुड़े सारे कागजात की मांग ईडी ने की थी. इस दौरान अनुसंधानकर्ता ने ईडी को बताया कि वरीय अधिकारियों के कहने पर केस में पंकज मिश्रा व आलमगीर को अगले ही दिन क्लीन चिट दे दी गई थी. सरफुद्दीन खान ने ईडी के सामने यह स्वीकार किया था कि डीएसपी प्रमोद मिश्रा के कहने पर ही क्लीन चिट की कार्रवाई की गई थी.




## विस नियुक्ति घोटाला मामले में अब 11 जून को होगी सुनवाई

**संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा में अवैध नियुक्ति की जांच की मांग के लिए दाखिल जनहित याचिका पर गुरुवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. अदालत में जस्टिस विक्रमादित्य कमेटी और जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय कमेटी की सीलबंद रिपोर्ट कोर्ट के समक्ष पेश की गयी. इसके बाद कोर्ट ने मौखिक रूप से पूछा कि जस्टिस विक्रमादित्य कमेटी की रिपोर्ट के बाद दूसरी कमेटी क्यों बनानी पड़ी? अब इस मामले में 11 जून को अगली सुनवाई होगी. विधानसभा की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने बहस की.



- जांच की मांग के लिए जनहित याचिका पर हुई सुनवाई
- दोनों जांच कमेटियों की सीलबंद रिपोर्ट हाईकोर्ट में प्रस्तुत की गयी

**2005 से 2007 के बीच नियुक्ति में हुई है गड़बड़ी :** झारखंड विधानसभा में अवैध नियुक्ति की जांच की मांग के लिए शिव शंकर शर्मा ने जनहित याचिका दाखिल की थी. याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2005 से वर्ष 2007 के बीच में विधानसभा में हुई नियुक्ति में गड़बड़ी हुई है. मामले की जांच के लिए पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद कमेटी का गठन किया गया. कमेटी ने जांच कर वर्ष 2018 में राज्यपाल को रिपोर्ट भी सौंपी थी. इसके बाद राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को कार्रवाई करने का निर्देश दिया था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है.

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का रोड-शो आज

**संवाददाता। रांची**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार की शाम पांच बजे से चुटिया में रोड शो करेंगे. रोड शो चुटिया के इंदिरा गांधी चौक से सरस्वती शिशु मंदिर तक होगा. वहीं शाह शनिवार को बोकारो में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे. इससे पहले वे खूंटी में अर्जुन मुंडा के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित कर चुके हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 मई को फिर झारखंड आएंगे. वे जमशेदपुर से भाजपा उम्मीदवार विद्युत वरण महतो के समर्थन में घाटशिला में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे. इससे पहले प्रधानमंत्री अब तक झारखंड में पांच चुनावी सभाएं और राजधानी रांची में रोड शो कर चुके हैं. उनकी चाईबासा, पलामू, गुमला, चतरा व गिरिडीह में चुनावी सभाएं हो चुकी हैं.

> चुटिया के इंदिरा गांधी चौक से सरस्वती शिशु मंदिर तक होगा रोड शो

**जेरेडा की पहल** नौ जिलों में 216 सोलर मिनी ग्रिड स्थापित, 3599.20 किलोवाट बिजली का हो रहा उत्पादन

# सौर उर्जा ने बदल दी तस्वीर, जगमगा रहे राज्य के 246 गांव

**रवि भारती। रांची**

दुर्गम और सुदूरवर्ती इलाकों में सौर उर्जा के जरिये बिजली पहुंचाई जा रही है. जरेडा ने अब तक 246 गांवों में सोलर मिनी ग्रिड के जरिये बिजली पहुंचा दी है. सबसे अधिक चतरा में 80 गांवों को सोलर मिनी ग्रिड के जरिये बिजली मिल रही है. वहीं साहिबगंज के 42 और पश्चिमी सिंहभूम के 54 गांवों को सोलर मिनी ग्रिड के जरिये बिजली दी जा रही है. अब इन गांवों की तस्वीर पूरी तरह बदल गई है. यहां शाम ढलते ही सोलर लाइट जगमग हो उठती है.

बता दें कि अब तक राज्य के नौ जिलों में 216 सोलर मिनी ग्रिड स्थापित किए जा चुके हैं. इन ग्रिडों के जरिये बिजली पहुंचाई जा रही है. कुल 3599.20 किलोवाट बिजली का उत्पादन हो रहा है. सबसे अधिक चतरा में सोलर मिनी ग्रिड के जरिये 1414.8 किलोवाट बिजली का उत्पादन हो रहा है. वहीं गुमला में 386 किलोवाट और पश्चिम सिंहभूम में 923 किलोवाट बिजली का उत्पादन हो रहा है.



### सबसे अधिक चतरा के 80 गांवों में लगा है सोलर मिनी ग्रिड

#### किस जिले में कितने ग्रिड किए गए हैं स्थापित

| जिला का नाम | सोलर मिनी ग्रिड की संख्या |
|---|---|
| चतरा | 68 |
| गुमला | 23 |
| हजारीबाग | 14 |
| लातेहार | 05 |
| साहिबगंज | 37 |
| पश्चिमी सिंहभूम | 51 |
| पाकुड़ | 17 |
| सिमडेगा | 06 |
| सरायकेला | 01 |

### साहिबगंज के 42 और पश्चिम सिंहभूम के 54 गांवों में की जा रही बिजली आपूर्ति

#### कितने गांव में कितनी बिजली की आपूर्ति

| जिला | गांव | बिजली आपूर्ति (किलोवाट) |
|---|---|---|
| चतरा | 80 | 1414.8 |
| गुमला | 23 | 386 |
| हजारीबाग | 17 | 171.6 |
| लातेहार | 05 | 74.4 |
| साहिबगंज | 42 | 317 |
| पश्चिमी सिंहभूम | 54 | 923 |
| पाकुड़ | 18 | 140.4 |
| सिमडेगा | 06 | 169 |
| सरायकेला | 01 | 03 |


## क्लासिफाइड






तापमान
37.3° अधिकतम | 26.0° न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, शुक्रवार 17 मई 2024 ● बैशाख शुक्ल पक्ष 10 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 38 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

- शहर के 27 हजार भवनों, अपार्टमेंट और मार्केटिंग कांप्लेक्स में नहीं लगे हैं रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम
- रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने पर जोर, नगर विकास विभाग फिर सक्रिय हुआ
- रांची शहर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगानेवाले भवनों का सर्वे करने का निर्देश
- रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगाने पर पर डेढ़ गुणा देना पड़ेगा होल्डिंग टैक्स

**हरमू क्षेत्र का भूगर्भ जल स्तर डेंजर जोन की अधिकत्तम सीमा 10 मीटर से भी नीचे**

# हटिया, कांके व महिलौंग में जल स्तर डेंजर जोन में

कौशल आनंद। रांची

रांची शहर में हर साल भूगर्भ जल स्तर गिरता ही जा रहा है. कई इलाकों में जल स्तर नीचे गिरने से बोरिंग फेल हो गयी है. कई इलाकों में 500 से 1000 फीट तक बोरिंग करने के बाद भी पानी नहीं निकल पा रहा है. हटिया, कांके और महिलौंग इलाके में जल स्तर डेंजर जोन में पहुंच गया है. वहीं हरमू इलाके में भूगर्भ जल स्तर डेंजर जोन की अधिकतम सीमा 10 मीटर से भी नीचे पहुंच गया है. हर साल शहर के अलग-अलग इलाकों में भूगर्भ जल स्तर 2.45 से लेकर 2.19 मीटर तक गिर रहा है, जो आनेवाले दिनों में गंभीर जल संकट के खतरे की घंटी है.

लगातार गिरते जल स्तर और गर्मी के दिनों में भारी जलसंकट को देखते हुए नगर विकास विभाग एक्टिव हो गया है. विभाग ने रांची नगर निगम को शहर के भवनों और बहुमंजिली इमारतों में हर हाल रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने का निर्देश दिया है. निगम को निर्देश दिया है कि वह मॉनसून शुरू होने के पहले ही वैसे भवनों, अपार्टमेंट और व्यावसायिक कांप्लेक्स का सर्वे करें, जहां रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगे हैं. ऐसे चिह्नित भवनों को जल्द से जल्द रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का निर्देश देने को कहा गया है. यदि इसके बाद भी वे निर्देश पर अमल नहीं करते हैं, तो उनसे डेढ़ गुणा ज्यादा होल्डिंग टैक्स वसूल का निर्देश दिया गया है.

**रांची शहरी क्षेत्र के भूगर्भ जल स्तर की स्थिति** (मीटर में)

| स्थान | मई 2019-20 | मई 2022-23 |
|---|---|---|
| हरमू | 9.40 | 10.00 |
| हटिया | 12.12 | 12.40 |
| कांके चौक | 3.10 | ....... |
| कांके हाई स्कूल | 19.60 | ....... |
| कांके 1 | 3.40 | 2.95 |
| खरसीदाग (नामकुम) | 7.80 | 6.75 |
| लालगंज (नामकुम) | 5.35 | ....... |
| लोवाडीह (नामकुम) | 9.95 | 7.30 |
| महिलौंग | 4.50 | 9.10 |
| मणिटोला (डोरंडा) | 11.46 | ....... |
| पिंडारकोन (नामकुम) | 2.45 | ....... |
| पिठोरिया | 5.40 | 8.75 |
| आरके मिशन (मोरहबादी) | 5.40 | 4.20 |
| रामपुर | 5.60 | 6.75 |
| श्यामली कॉलानी | 3.47 | 3.45 |
| सिरम टोली | 9.10 | 6.50 |
| शनि मंदिर (हरमू रोड) | 8.10 | ....... |
| बजरा | 4.51 | 4.85 |
| बीआईटी मोड़ | 2.35 | 7.80 |
| ब्रिजफोड स्कूल (तुपुदाना) | 7.20 | 7.85 |

(नोट : डाटा ग्राउंड वाटर निदेशालय, रांची)

## हर हाल में बारिश के पानी का संरक्षण जरूरी है



### डीप बोरिंग के जरिए ग्राउंड वाटर का हो रहा दोहन, पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं

नगर निगम के अनुसार, रांची शहर में करीब 27 से 28 हजार ऐसे बड़े भवन, अपार्टमेंट और मार्केटिंग कांप्लेक्स हैं, जहां डीप बोरिंग के जरिये भूगर्भ जल का दोहन तो रहा है, मगर इन भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगाया है. इससे ऐसे भवनों के परिसर में लगातार भूगर्भ जल स्तर गिरता ही जा रहा है और आसपास के क्षेत्रों को भी प्रभावित कर रहा है. निगम का कहना है कि ऐसे भवनों पर सख्ती बरती जाएगी, ताकि वहां हर हाल में हार्वेस्टिंग सिस्टम मॉनसून से पहले लग जाए और जल स्तर बरकार रहे.

नगर विकास विभाग ने कहा है कि हर हाल में बारिश के पानी का संरक्षण बहुत ही जरूरी है. दिनों दिन भूगर्भ जल का अंधाधुंध दोहन होने से पानी पाताल में जा रहा है. रांची शहर के कई इलाकों के हालात ऐसे हो गये हैं कि अब ठंड के दिनों में भी बोरिंग फेल हो जा रही है. इतना ही नहीं कई क्षेत्रों में ऐसे भी मामले आये हैं, जहां दिंसबर-जनवरी में बोरिंग कराने के बाद अप्रैल-मई के बीच ही बोरिंग फेल हो रही है. इसलिए, अब भूगर्भ जल को रिचार्ज करने के लिए सख्ती बरतने की जरूरत है.

### नगर निगम क्षेत्र में यह है नियम

रांची नगर निगम क्षेत्र में तीन हजार वर्ग फीट या उससे अधिक एरिया में किये गये निर्माण के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाना जरूरी है. इसके दायरे में निगम क्षेत्र में बने 79,772 भवन, मल्टीस्टोरिड बिल्डिंग, ऊंची इमारतें आएंगी. निगम के पास जो आंकड़ा है, उसके अनुसार, करीब 27 हजार भवन ऐसे हैं, जिनमें रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाया ही नहीं गया है. निगम ने इन भवनों पर सख्ती बरतने के लिए नोटिस जारी करने का निर्णय लिया है.

### 40 हजार रुपये के खर्च में लग जाता है रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

अगर आप तीन हजार वर्गफीट तक के परिसर में गृह निर्माण, अर्पाटमेंट या मार्केट कांप्लेक्स का निर्माण कर रहे हैं, तो उसमें लाखों रुपये का खर्च आता है. खर्च करोड़ों में भी जा सकता है. लेकिन ऐसे भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने में मात्र 40 हजार रुपये का ही खर्च आता है. रांची नगर निगम के अधीन कई एजेसियां निबंधित हैं, जो आपके परिसर में आकर यह सिस्टम लगा देंगी. अगर कोई 40 हजार रुपये खर्च करता है, तो न केवल वह अपने परिसर में भूगर्भ जल स्तर को स्टेबल रख सकेगा, बल्कि आसपास के इलाके के कम से कम 10 से 15 मीटर के ग्राउंड वाटर को रिचार्ज रखने में मदद कर सकता है. इससे न सिर्फ आवासीय परिसर की बोरिंग फेल होने से बचेगी, बल्कि आसपास की बोरिंग भी फेल नहीं होगी.

## रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर छह वकीलों की कमेटी देगी रिपोर्ट

संवाददाता। रांची

राजधानी के विभिन्न जलाशयों और तालाबों के अतिक्रमण से संबंधित याचिका पर गुरुवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. अदालत ने हाईकोर्ट के छह अधिवक्ताओं की कमेटी गठित की है. यह कमेटी शहर के अलग-अलग इलाकों में बनी बहुमंजिला इमारतों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निरीक्षण करने के बाद हाईकोर्ट को रिपोर्ट सौंपेंगी. निरीक्षण के दौरान नगर निगम के इंजीनियर भी मौजूद रहेंगे. बता दें कि रांची के बड़ा तालाब और जिले के आसपास के जलस्रोतों को संरक्षित करने व इसमें हो रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है. याचिका में कहा गया है कि शहर में तेजी से मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है. इसका काफी बुरा असर जलाशयों पर पड़ रहा है. इतना ही नहीं, रांची के तालाबों की स्थिति भी बदतर होती जा रही है.

### ब्रीफ खबरें

**सभी अपने मताधिकार का प्रयोग करें: पालटा**

**रांची।** गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निश्मन सेवा के महानिदेशक सह महासमादेष्टा अनिल पालटा ने कहा कि रांची में 25 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान है. उन्होंने गुरुवार को कहा कि होमगार्ड और फायर सर्विस के जितने पदाधिकारी और कर्मी रांची में प्रतिनियुक्त हैं, उन सभी से अपील है, कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग करें. समय पर मतदान केंद्र में जाकर वोट दें, वोट के माध्यम से ही आप अपने जीवन में सही तरीके से परिवर्तन ला सकते हैं.

**अर्जुन मुंडा आज-कल बंगाल में करेंगे प्रचार**

**रांची।** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा 17 एवं 18 मई को बंगाल के झारग्राम और मिदनापुर में भाजपा प्रत्याशी के लिए चुनाव प्रचार करेंगे. मुंडा 17 मई को सुबह दिल्ली से रांची सेवा विमान से पहुंचेंगे और रांची से सीधे झारग्राम के नयाग्राम विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रस्थान करेंगे.

**खूंटी के दो जेल कर्मियों पर दुष्कर्म का आरोप**

**खूंटी/रांची।** खूंटी जेल में बंद महिला बंदी की ओर से राष्ट्रीय महिला आयोग को पत्र लिखने का मामला गुरुवार को प्रकाश में आया है. पत्र में बंदी ने जेल के दो कर्मियो पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है. साथ ही गर्भवती होने पर अबॉर्सन कराने का भी आरोप लगाया है. महिला बंदी ने आरोप लगाया है कि जेल के कर्मी बंदी पत्र लिखने की अनुमति नहीं देते. इस वजह से रिहा होने वाली महिला बंदी के माध्यम से पत्र लिखा है. इस संबंध में जेल आईजी सुदर्शन मंडल ने बताया कि इस तरह का मामला मेरे जानकारी में नहीं आया है. अगर ऐसा है तो मामले की जांच होगी.

**ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य व पंचायती राज में योजनाओं के नाम पर लूट**

# लूट का आलम, दे धना धन

रवि भारती/ प्रवीण कुमार। रांची

ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग और पंचायती राज विभाग में विकास योजनाओं के नाम पर लूट मची हुई है. इस लूट का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि तीनों विभागों को मिला कर योजना मद से लगभग 6600 करोड़ रुपये खर्च किये गये, जिसमें ग्रामीण पुल-पुलिया, सड़क, कुआं, तालाब, आंगनबाड़ी, कोस्टल एरिया डेवलपमेंट सहित अन्य ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्टर के नाम पर पिछले चार साल में लगभग 3000 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किया गया. इसमें कमीशन के नाम लगभग 180 करोड़ रुपये अफसर, मंत्री, चीफ इंजीनियर के पास चले गये. वित्तीय वर्ष 2023-24 में योजना बजट 75 हजार करोड़ रुपये का था.

**सिर्फ कमीशन में चले गये 180 करोड़ रुपये :** ईडी अफसरों द्वारा की गई पूछताछ में यह बात सामने आई है कि टेंडर के एवज में विभाग के अफसर को 1.25 प्रतिशत, विभाग के मंत्री को दो से तीन प्रतिशत और मुख्य अभियंता कार्यालय में दो प्रतिशत कमीशन लिया जाता था. इस हिसाब से 3000 करोड़ के टेंडर में अफसर का कमीशन 37.50 करोड़, मंत्री का कमीशन 60 करोड़ रुपये हुआ. अगर मंत्री, मुख्य अभियंता और अफसर का कमीशन जोड़ दिया जाए, तो कमीशन की राशि 180 करोड़ रुपये हो जाती है.

**बिल पास करने में भी बनाया रिकॉर्ड :** ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग और पंचायती राज विभाग ने बिल पास करने में भी रिकॉर्ड बनाया है. 31 मार्च 2024 तक तीनों विभागों ने 26,872 बिल पास किये. इसमें ग्रामीण कार्य विभाग ने 7950, ग्रामीण विकास विभाग ने 8000 और पंचायती राज विभाग ने 10,922 बिल पास किये.

## तीन विभागों को मिला कर योजना मद से 6600 करोड़ रुपये खर्च किये



- चार साल में 3000 करोड़ का टेंडर, कुल 26,872 बिल किये गये पास
- ग्रामीण विकास विभाग ने अब तक 14,361 करोड़ रुपये का ब्योरा नहीं दिया
- 96 एलॉटमेंट ऑर्डर किया गया पास, 82 योजनाओं को भी स्वीकृति दी गई

**14,361 करोड़ रुपये का हिसाब-किताब नहीं**

ग्रामीण विकास विभाग के पास अभी तक 14,361 करोड़ रुपये का हिसाब-किताब ही नहीं है. दरअसल सरकार विकास योजनाओं के लिए लगातार राशि जारी कर रही है, लेकिन विभागों ने योजनाओं में कितना खर्च किया, इसका अब तक ब्योरा नहीं दिया है. वित्त विभाग के रिमाइंडर के बावजूद उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं सौंपा गया है. सरकार ने निर्देश दिया है कि वित्त विभाग द्वारा बार-बार रिमाइंडर देने के बावजूद लंबित उपयोगिता प्रमाण-पत्र समर्पित नहीं किया जाना, यह दर्शाता है कि आपके विभाग द्वारा इस संबंध में गंभीर प्रयास नहीं किया गया. इसे तत्काल ऑनलाइन जमा करने का निर्देश दिया गया है.

### सरकारी खजाने में हुई सेंधमारी

मनरेगा के लिए किये गये सोशल ऑडिट में करीब 51 करोड़ रुपये की लूट का मामला भी सामने आ चुका है. तालाब से लेकर डोभा और टीसीबी से लेकर सड़क निर्माण के नाम पर राज्य भर में इस लूट को अंजाम दिया गया है. धरातल पर बगैर योजना को साकार किये अधिकारियों ने करीब 51 करोड़ की राशि की बंदरबांट कर ली है. सबसे ज्यादा गढ़वा और पलामू में मनरेगा योजना के नाम पर सरकारी राशि की लूट हुई.

### प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश रहा बेअसर

ग्रामीण विकास विभाग ने संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन में गड़बड़ी पकड़े जाने के बाद स्पष्ट कहा है कि योजनाओं के क्रियान्वयन में अनियमितता सामने आने अथवा इसकी शिकायत प्राप्त होने के बाद भी कुछ मामलों में कार्रवाई नहीं हो रही है. जबकि, जांच में गबन की पुष्टि होने पर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने, आरोप पत्र गठित करने, आरोपों के स्पष्टीकरण पर जिला प्रशासन का मंतव्य प्राप्त करने, गबन की राशि की वसूली करने, प्राथमिकी दर्ज करने आदि का निर्देश विभाग स्तर से कई बार दिया गया, लेकिन यह बेअसर रहा.

### ग्रामीण विकास की 6.90 लाख की योजनाएं पूरी नहीं

झारखंड में ग्रामीण विकास विभाग की अब तक छह लाख 90 हजार 840 योजनाएं पूरी नहीं हो पाई हैं. पिछले चार साल में 4768216 विभिन्न योजनाओं पर काम शुरू हुआ था, जिसमें 4077376 योजनाओं का काम पूरा हो गया है. आंगनबाड़ी के निर्माण व पुनरुद्धार के लिए 17162 योजनाएं ली गई थीं, जिसमें 7249 योजनाएं अब तक पूरी नहीं हो पाई हैं. वहीं सूखाग्रस्त इलाकों के लिए 14591 योजनाएं ली गई थीं, जिसमें 6051 योजनाओं का काम अब तक पूरा नहीं हो पाया है. इसी तरह सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत 4172 योजनाओं का काम पूरा नहीं हो पाया है. भूमि विकास से संबंधित 756, जल संरक्षण से जुड़ी 14261 और रूरल सेनिटेशन से जुड़ी 6787 योजनाएं पूरी नहीं हो पाई हैं.

### फैक्ट फाइल

**विभागवार खर्च का आंकड़ा**

| विभाग | खर्च |
|---|---|
| ग्रामीण विकास | 3184 करोड़ रुपये |
| ग्रामीण कार्य | 3005 .77 करोड़ रुपये |
| पंचायती राज | 411.31 करोड़ रुपये |

**योजनाओं का हाल**

- 82 बड़ी योजनाओं की स्वीकृति
- 96 एलॉटमेंट ऑर्डर पास किये गये
- 6.90 लाख रुपये की योजनाएं पूरी नहीं

**राशि निकासी के लिए कितने बिल पास**

| विभाग | पास हुए बिल |
|---|---|
| ग्रामीण कार्य | 7950 |
| ग्रामीण विकास | 8000 |
| पंचायती राज | 10,922 |

## सरकारी स्कूलों में अब सात जून तक रहेगी गर्मी की छुट्टी



संवाददाता। रांची

- झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के निदेशक ने जारी किया आदेश

राज्य के सरकारी स्कूलों में गर्मी की छुट्टी में पांच दिनों की बढ़ोतरी की गई है. अब सात जून तक गर्मी की छुट्टी रहेगी. इसका आदेश झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के निदेशक आदित्य रंजन ने गुरुवार को जारी कर दिया. जारी आदेश में कहा गया है कि विभागीय स्तर से झारखंड के सभी कोटि के सरकारी विद्यालयों के लिए 27 फरवरी को अवकाश तालिका- 2024 प्रकाशित की गई थी. इसके अनुसार एक जनवरी से लेकर पांच जनवरी तक शीतकालीन अवकाश और 21 मई से दो जून तक ग्रीष्मावकाश निर्धारित थी. जिलों से प्राप्त अभ्यावेदन से ज्ञात होता है कि विद्यालय स्तर पर उक्त शीतकालीन अवकाश का उपभोग नहीं किया गया है. अवकाश तालिका के नोट में यह अंकित है कि अवकाश तालिका प्रकाशन के पूर्व अगर अवकाश तालिका में प्रदत्त अवकाश का उपभोग नहीं किया गया हो, तो उसका सामंजन अन्य अवकाश के साथ किया जा सकता है. उक्त अवकाश का उपभोग विद्यालय स्तर से नहीं करने की स्थिति में ग्रीष्मावकाश के साथ पांच दिनों का अतिरिक्त अवकाश दिया गया है.

## पीएलएफआई के नाम से महिला वकील को धमकी

संवाददाता। रांची

रांची सिविल कोर्ट की महिला अधिवक्ता को पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के नाम से धमकी दी गई है. अधिवक्ता ज्योति आनंद के व्हाट्स ऐप नंबर पर पीएलएफआई का पर्चा भेजकर धमकी दी गई है. कहा गया है कि खूंटी के सीलदा मौजा में जो जमीन ली है, उस जमीन का कमीशन संगठन को नहीं दिए हैं. आपने गलत ढंग से जमीन को लिया है, जिसका विरोध जमीन मालिक कर रहे हैं. आपने इस मामले को लेकर केस भी किया है, इसलिए संगठन को



सहयोग राशि 10 लाख रुपये देना पड़ेगा, नहीं तो फौजी कार्रवाई की जाएगी. जो केस की हो, उसे उठा लो, अन्यथा जब भी प्लॉट पर आओगी, तो गोली मार देंगे.

**कवायद** | **शहरवासी जागरूक हों, तो कचरे से तैयार गैस से जलेगा घर का चूल्हा**

# ये कचरा भी काफी काम का...

**नगर निगम की अपील- नीले डस्टबिन में सूखा और हरे रंग की डस्टबिन में गीला कचरा डालें**

- कचरा प्रबंधन किसी संस्था की नहीं, बल्कि हर व्यक्ति की जिम्मेदारी : उप प्रशासक

आकर्ष अनिकेत। रांची

शहर से निकलनेवाले कचरों के निष्पादन के लिए झीरी में गेल कंपनी द्वारा कंप्रेस्ड बॉयोगैस (सीबीजी) प्लांट का संचालन शुरू कर दिया गया है. प्लांट के सफलतापूर्वक संचालन के लिए 150 टन गीला कचरा की प्रतिदिन आवश्यकता है, ताकि प्लांट सुचारू रूप से चल सके. फिलहाल गेल द्वारा प्लांट चलाने के लिए सिर्फ 50 टन गीला कचरा ही मांगा जा रहा है. प्लांट की डिमांड को देखते हुए नगर निगम शहरी क्षेत्र में लगातार लोगों को जागरूक कर रहा है. शहर के आम लोगों को बताया जा रहा है कि नीले रंग की डस्टबिन में सूखा व हरे रंग की डस्टबिन में गीला कचरा डालें. गीला व सूखा कतरा अलग-अलग करने की जिम्मेवारी सिर्फ निगम की ही नहीं, बल्कि आम लोगों की भी है.

### आम लोग भी एक-दूसरे को करें जागरूक

निगम के उप प्रशासक रवींद्र कुमार का कहना है कि आम लोग भी एक-दूसरे को गीला-सूखा कचरा अलग-अलग करने के लिए प्रेरित करें, तो काफी हद तक योजना सफल हो सकेगी. लोग जितना ज्यादा एक-दूसरे को फायदे बतायेंगे, उतना ज्यादा इसका लाभ मिल सकेगा.



### गीला कचरे से तैयार होगा उपयोगी गैस

सीबीजी प्लांट को जरूरत के हिसाब से गीला कचरा उपलब्ध होने पर उपयोगी गैस का उत्पादन होगा. गेल ने राजधानी में पाइपलाइन से गैस उपलब्ध कराने की योजना पर काम शुरू कर दिया है. कई इलाकों में पाइपलाइन बिछायी जा चुकी है.

### बल्क वेस्ट जेनरेटर के लिए 53 वार्डों में 48 टीमें गठित

निगम ने शहर में वैसे संस्थानों को चिह्नित किया है, जहां से प्रतिदिन भारी मात्रा में कचरा निकलता है. 410 बल्क वेस्ट जेनरेटर (बीडब्ल्यूजी) की सूची भी तैयार की है. इसके लिए सभी 53 वार्डों में सहायक प्रशासक, नगर प्रबंधक, नगर अभियान प्रबंधक और कनीय अभियंता के नेतृत्व में 48 टीमों का गठन किया गया है.

### कचरा प्रबंधन पर जोर, लोगों से सहयोग की अपील

नगर निगम कचरा प्रबंधन को लेकर लगातार अभियान चला रहा है. उप प्रशासक रवींद्र कुमार का कहना है कि बिना आम लोगों के सहयोग के कचरा प्रबंधन संभव नहीं हो सकेगा. सीबीजी प्लांट की डिमांड को देखते हुए हर हाल में सूखा व गीला कचरा के अलग अलग उठाव करना जरूरी है. कचरा प्रबंधन के लिए निगमकर्मियों के साथा लगातार बैठकें कर रणनीति तैयार की जा रही है.

**रांची में ट्रैफिक सुधार के लिए पुलिस मुख्यालय में मंथन, कमेटी बनेगी**

# अन्य शहरों में जाकर अध्ययन करेगी कमेटी

संवाददाता। रांची

झारखंड हाइकोर्ट की सख्ती के बाद राजधानी रांची में ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए गुरुवार को कई घंटे तक पुलिस मुख्यालय में मंथन किया गया. डीजीपी अजय कुमार सिंह ने रांची शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के मद्देनजर सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के लिए विस्तृत रूप से समीक्षा की.

उन्होंने पुलिसकर्मियों की उपलब्धता एवं आवश्यकता पर जोर देते हुए कोलकता महानगर की तर्ज पर रांची में ट्रैफिक जिला बनाने के प्रस्ताव पर लिये गये निर्णय की समीक्षा की. वहीं अन्य शहरों, जहां की यातायात व्यवस्था अनुकरणीय है, वैसे शहरों में यातायात व्यवस्था के अध्ययन के लिए टीम भेजने का निर्णय लिया गया. यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए गृह रक्षा वाहिनी से सहयोग के लिए निर्देशित भी किया गया है. अब अन्य शहरों में यातायात व्यवस्था के अध्ययन के लिए एक त्रिस्तरीय कमेटी का गठन कर लोकसभा चुनाव के उपरांत भेजने की तैयारी है.



**समीक्षा बैठक**

- हाईकोर्ट की सख्ती के बाद डीजीपी ने की बैठक
- सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था की समीक्षा की

▼ ब्रीफ खबरें

### मीडियाकर्मी कर रहे पोस्टल बैलेट से वोट

**रांची।** आवश्यक सेवा में लगे वोटरों की ओर से पोस्टल बैलेट से वोट किया जा रहा है. रांची समाहरणालय में बने पोस्टल वोटिंग सेंटर में मीडियाकर्मियों के जरिये पांचवें चरण में हजारीबाग, चतरा एवं कोडरमा क्षेत्र के लिए गुरुवार को वोट किया गया. पांचवें चरण के लिए पोस्टल बैलेट से 14-16 मई तक वोट का समय था. दूसरी ओर छठे चरण के लिए पोस्टल बैलेट से वोट के लिए जिन मीडियाकर्मियों ने जिला जनसंपर्क कार्यालय, रांची में फॉर्म-12डी जमा किया था, वो समाहरणालय में पोस्टल वोटिंग सेंटर में वोट कर सकते हैं. छठे चरण के लिए 19-21 तक वोट किया जा सकता है.

### शराब के साथ दो आरपी गिरफ्तार हुए

**रांची।** आरपीएफ ने रांची रेलवे स्टेशन से शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार लोगों में अंकित और अमित शामिल है. दोनों बिहार के खगड़िया के रह हैं. इनके पास से 24 शराब की बोतल बरामद की गई है. बरामद शराब का बाजार मूल्य 17 हजार 700 रुपये है. गुरुवार को आरपीएफ ने बताया कि ऑपरेशन सतर्क के तहत आरपीएफ फ्लाइंग टीम और अपराध शाखा ने रांची रेलवे स्टेशन पर चेकिंग की. चेकिंग के दौरान दो लोगों को संदिग्ध अवस्था में खड़े देखा. उन्हें हिरासत में लेकर उनके बैग की जांच की. इस दौरान शराब को बरामद किया गया.

## रिम्स निदेशक ने अस्पताल परिसर का किया निरीक्षण

# अव्यवस्था देख भड़के

संवाददाता। रांची

रिम्स निदेशक डॉ. राजकुमार ने गुरुवार को अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया. उनके साथ डीन प्रो. डॉ. विद्यापति, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हीरेंद्र बिरुआ, उपाधीक्षक डॉ. शैलेश त्रिपाठी मौजूद थे. रिम्स में डायनमिकक बेड मैनेजमेंट सिस्टम के तहत विभागों में बेड के उचित वितरण सुनिश्चित करने के लिए निदेशक ने मेडिसिन और स्किन विभाग का निरीक्षण किया. इस संदर्भ में उन्होंने विभागों को समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए हैं, ताकि डायनमिक बेड मैनेजमेंट सिस्टम का क्रियान्वयन सुचारु ढंग से हो सके और मरीज़ों को इसका फायदा पहुंचे.

स्किन विभाग में खाली बेड पर डायनमिक बेड मैनेजमेंट के तहत मेडिसिन की महिला मरीज़ों को और स्किन विभाग की महिला मरीजों के साथ में तथा मेडिसिन के पुरुष मरीज़ों को स्किन विभाग के पुरुष मरीज़ों के साथ वार्ड में रखने की व्यवस्था की जाएगी. साथ ही वार्ड इंचार्ज सिस्टर को यहां तत्काल व्यवस्था करते हुए और नर्स प्रतिनियुक्त करने के निर्देश दिए हैं एवं प्रयुक्त दवाओं का इंडेंट कराने के भी आदेश दिए हैं.

निरीक्षण के दौरान निदेशक ने देखा कि मेडिसिन विभाग के वार्ड के कई बेड पर चादर नहीं थी. इसको लेकर उन्होंने मैट्रन को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं और साथ ही उनको मरीजों के बेड पर चादर और साफ-सफाई का ध्यान देने के भी आदेश भी दिए. वार्ड में मरीज़ों के परिजनों की भीड़ को देखते हुए निदेशक ने परिजनों से आग्रह किया है कि वह वार्ड में भीड़ न लगाएं.




**ऑन्कोलॉजी विभाग में लिफ्ट मिली खराब, निदेशक ने जतायी नाराजगी**

*अस्पताल के मुख्य भवन से होते हुए डॉ. राजकुमार ऑन्कोलॉजी विभाग का निरीक्षण करने पहुंचे. ऑन्कोलॉजी विभाग की 2 लिफ्ट ख़राब थी. मगर लिफ्ट खराब होने की जानकारी न तो विभाग में किसी को थी और न ही वहां कोई लिफ्टमैन मौजूद था. इसको लेकर निदेशक ने नाराजगी जतायी और लिफ्ट को अविलंब दुरुस्त कर व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए. साथ ही वार्ड में साफ-सफाई की कमी देख चिंता जताई और इसे ठीक करने के आदेश दिए. साथ ही उन्होंने मरीज़ों से उनका हालचाल लिया और मैट्रन को समय से वार्ड में निरीक्षण करने के आदेश दिए. डॉ. राजकुमार ने कॉटेज और पेइंग वार्ड का भी निरीक्षण किया. यहां जरूरत के हिसाब से मरम्मत कराने के निर्देश दिए हैं. कॉटेज और पेइंग वार्ड के जीर्णोद्धार के बाद यहां के शुल्क और सुविधाएं को बढ़ाये जाने के संबंध में निर्णय लेने पर जल्द चर्चा होगी. नेफ्रोप्लस के पास के खाली पेइंग वार्ड के कमरों को उन्होंने डॉक्टर ड्यूटी रूम बनाने के निर्देश दिए हैं.*

### अव्यवस्थित तरीके से रखी ट्रॉली और व्हीलचेयर को देख भड़के

अस्पताल परिसर के निरीक्षण के दौरान निदेशक ने देखा कि ट्रॉली, व्हील चेयर इत्यादि अव्यवस्थित तरीके से परिसर में रखे हुए हैं. अव्यवस्था देख वह भड़क गये और चिकित्सा अधीक्षक व उपाधीक्षक को ट्राली, व्हील चेयर के लिए एक केंद्रीय स्थल बनाने के निर्देश दिए.

### बर्न वार्ड में जल्द एसी दुरुस्त करने का निर्देश



डॉ. राजकुमार ने बर्न वार्ड का भी निरीक्षण किया, जहां की स्थिति देख कर उन्होंने चिंता व्यक्त की. बर्न वार्ड में प्रबंधन और बुनियादी ढांचे की कमी को देखते हुए उन्होंने बर्न वार्ड के इंचार्ज डॉ. अजय कुमार को यहां की व्यवस्था को बेहतर करते हुए वार्ड में एसी दुरुस्त करने और साफ-सफाई का खास ध्यान रखने के निर्देश दिए. निदेशक ने कैदी वार्ड का दौरा किया और कैदियों से भी वार्ड संबंधित जानकारी ली. इस वार्ड में बाथरूम में जल-जमाव की समस्या को देखते हुए उन्होंने पीएचईडी के इंजीनियर को इसे यथाशीघ्र ठीक करने के निर्देश दिए.

## आलमगीर आलम को तुरंत मंत्री पद से हटाएं और जांच तेज हो: अरुण सिंह

प्रमुख संवाददाता। रांची

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने कहा है कि कांग्रेस कोटे से मंत्री आलमगीर आलम को अविलंब मंत्री पद से हटाना चाहिए. राज्य सरकार को अविलंब आलमगीर आलम को मंत्री पद से हटाने का काम करना चाहिए. साथ ही उनके खिलाफ जांच में तेजी लानी चाहिए. अरुण सिंह गुरुवार को बीजेपी प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बातचीत कर रहे थे. उन्होंने कहा कि ये बड़ी आश्चर्य की बात है कि आलमगीर आलम ने गिरफ्तारी के बाद भी इस्तीफा नहीं दिया है.

**मंत्री के पास सैकड़ों करोड़ होने की संभावना :** अरुण सिंह ने कहा कि अभी भी आलमगीर आलम के पास सैकड़ों करोड़ होने की संभावना है. जिस मंत्री के आप्त सचिव और नौकर के घर से 35 करोड़ रुपए बरामद हुए, ऐसे मामलों में जांच तेज करने की जरूरत है. कहा कि ये वही आलमगीर आलम हैं जिन्होंने कोरोना के वक्त जिस तरह से तबलीगी जमात के लोगों को अलग-अलग जगहों से लाकर बंगाल तक नियमों की धज्जियां उड़ाकर भेजने का काम किया था. उस समय भी सरकार चुप्पी साधे रही. राज्य सरकार तुष्टीकरण की वजह से इन्हें छूट देती रही है.

**झारखंड की जनता भ्रष्टाचार से त्रस्त :** अरुण सिंह ने कहा कि झारखंड की जनता भ्रष्टाचार से त्रस्त है. इस वजह से एनडीए के पक्ष में मतदान करने का मन बना लिया है. प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए बहुमत का आंकड़ा पार करने के बाद 400 सीटों के लक्ष्य को पार करने में जुटा है. अब तक हुए चार चरणों के चुनाव में आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों में एकतरफा एनडीए को वोट मिला है. उन्होंने झारखंड की सभी 14 सीटें जीतने का दावा किया है.



### झारखंड में चल रहा लैंड जिहाद

अरुण सिंह ने कहा कि झारखंड में जिस तरह से लैंड जिहाद चल रहा है. पूरे देश में सबसे ज्यादा इस तरह की घटना झारखंड में ही देखने को मिल रही है. झारखंड में लैंड माफिया, सैंड माफिया, स्टोन माफिया और लिकर माफिया के द्वारा सरकार चलाने का आरोप लगाते हुए भ्रष्टाचार चरम पर होने की बात कही है. उन्होंने कहा कि जिस तरह से संथाल में आदिवासी बेटियों को झांसे में लेकर शादी की जाती है और उनकी जमीन हड़पी जाती है, उससे साबित होता है कि झारखंड में लैंड जिहाद चल रही है.

## हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा, जमीन कब्जा, महिला अपराध व रंगदारी के मामलों में कैसे लगेगी रोक

### आरोपियों पर अब तक क्या कार्रवाई की गई?

संवाददाता। रांची

दुमका में स्पेनिश बोलने वाली ब्राजील निवासी महिला के साथ गैंग रेप एवं सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्ति जज (स्वर्गीय) एमवाई इकबाल की रांची स्थित जमीन की बाउंड्री वॉल तोड़कर जमीन पर कब्जे की कोशिश मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई. कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार से पूछा है कि राज्य में जमीन कब्जा, महिला अपराध एवं रंगदारी के मामलों में लगातार लिप्त रहने वाले आरोपियों की जमानत रद्द करने को लेकर क्या कार्रवाई हुई है. इस संबंध में कोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा है. कोर्ट ने सरकार को एक चार्ट तैयार करने को कहा है, जिसमें आरोपियों की पहचान से संबंधित डाटा रहे ताकि वह अगर दूसरी बार भी वे अपराध करते हुए पकड़े जाएं, तो उनकी पहचान आसानी से हो सके. इससे पहले राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि पिछले 6 माह से झारखंड में भू-माफिया द्वारा जमीन कब्जा, महिलाओं के खिलाफ अपराध व रंगदारी मांगने की घटना को लेकर दर्ज मामले का डाटा एक होने का कारण यह है कि वही अपराधी बार-बार ऐसी घटनाओं को अंजाम देते हैं. सरकार का डाटा गलत नहीं है. सरकार की ओर से रांची में पिछले 6 माह में उक्त तीनों मामलों में क्राइम का डाटा कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया. वहीं बताया कि राज्य के अन्य जिलों के भू-माफिया द्वारा जमीन कब्जे, महिलाओं के खिलाफ अपराध एवं रंगदारी मांगने की अपराध का डाटा अभी नही आ पाया है. जिस पर कोर्ट ने अगली सुनवाई में सभी जिलों में पिछले 6 माह में भू-माफिया द्वारा जमीन कब्जे, महिलाओं के खिलाफ अपराध एवं रंगदारी मांगने की घटना को लेकर दर्ज केस के बारे में जानकारी मांगी है. मामले में राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद एवं अधिवक्ता शाहबाज अख्तर ने पैरवी की.

**खास बातें**

- सरकार ने कोर्ट में पेश किया रांची का छह माह का ब्योरा
- कोर्ट ने अगली सुनवाई में पूरे राज्य का विस्तृत ब्योरा मांगा

## भाजपा ने वैश्य एवं पिछड़ों को धोखा दिया है : महेश्वर साहू

संवाददाता। रांची

वैश्य नेता और कांग्रेस के सदस्य महेश्वर साहु ने कहा है कि भाजपा ने अब तक वैश्य एवं पिछड़ों को धोखा देने का काम किया है. वैश्य समाज के लोग अब तक भाजपा को वोट देते रहे हैं. लेकिन देखा जाए तो केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार रहते हुए ही वैश्यों एवं पिछड़े वर्ग को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है.

नोट बंदी, जीएसटी, आरक्षण, छोटे व्यापारियों की ऋष्टा इसके प्रमाण है. गुरुवार को साहु रांची के सर्कुलर रोड स्थित एक होटल में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि संयुक्त बिहार में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलता था, लेकिन अलग राज्य बनने के बाद तत्कालीन भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने ओबीसी का आरक्षण घटा कर 14 प्रतिशत कर दिया। 2011 में जब अर्जुन मुंडा मुख्यमंत्री थे तो 25 वैश्य उप जातियों को राष्ट्रीय ओबीसी सूची से हटा दिया गया था. हालांकि मेरे लंबे संघर्ष के बाद करीब 14 उप जातियों को पुनः शामिल किया गया. जबकि सबसे अधिक समय तक राज्य की सत्ता में रहने के बावजूद भाजपा ने ओबीसी का आरक्षण बढ़ा कर 27 प्रतिशत नहीं किया. जब महागठबंधन की सरकार ने ओबीसी का आरक्षण बढ़ा कर 27 प्रतिशत करना भी चाहा, तो इसे भाजपा वालों ने साजिश करके खारिज करवा दिया. कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन ओबीसी की हित में काम करना चाहती है. इस बार कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताना जरूरी है. साहू ने कहा कि हमलोग रांची लोकसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को तथा अन्य क्षेत्रों में भी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताने की अपील करते हैं.

## भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री ने पदयात्रा कर संजय सेठ के लिए मांगा समर्थन

संवाददाता। रांची

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद अरुण सिंह गुरुवार को एक दिवसीय प्रवास पर रांची पहुंचे. शाम में धुर्वा के हजारों कार्यकर्ताओं के साथ पदयात्रा एवं प्रबुद्ध लोगों से जनसंपर्क कर रांची से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी संजय सेठ के लिए जनसमर्थन मांगा. इससे पूर्व अरुण सिंह ने धुर्वा बस स्टैंड स्थित राम मंदिर में पूजा-अर्चना की. इसके बाद पदयात्रा में शामिल हुए. इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश में मोदी की लहर चल रही है. इस बार रांची सहित देश की जनता 400 पार के संकल्प को पूरा करने जा रही है. पुनः देश में भाजपा की सरकार बनेगी. मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे. उन्होंने रांची की जनता से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ जी को भारी मतों से जिताने का आह्वान किया. पदयात्रा में बोकारो विधायक बिरंची नारायण, योगेंद्र प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष वरूण साहू, पूर्व विधायक राम कुमार पाहन, उमेश यादव, रोशनी खलखो, बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, राजू सिंह, रमेश सिंह, कृपा शंकर सिंह, वेद सिंह, वीणा मिश्रा, पप्पू सिंह, सुचिता रानी सिंह, शिवाजी सिंह, कन्हैया सिंह, चंदन पटेल, पूजा सिंह, अंकिता सिंह, सागर यदुवंशी सहित हजारों की तादाद में पार्टी कार्यकर्ता एवं आमजन शामिल रहें.



### दक्षिण पूर्वी रेलवे के पांच अफसर बदले

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे मंडल ने पांच अफसरों का तबादला कर दिया है. जारी आदेश के अनुसार चक्रधरपुर सीनियर डीसीएम गजराज सिंह चरण को डिप्टी सीओएम (गुड्स) बनाया गया है. वहीं दपू रेलवे सीपीआरओ आदित्य चौधरी को चक्रधरपुर का सीनियर डीसीएम बनाया गया है. चौधरी इससे पहले आद्रा व खड़गपुर के डीसीएम रह चुके हैं. वहीं चक्रधरपुर के डीओएम (को-आर्डिनेशन) विनीत गुप्ता को दपू रेलवे का सीपीआरओ बनाया गया है. इससे पहले विनीत गुप्ता जीएम के पीए थे. वहीं आद्रा के सीनियर डीओएम (को-आर्डिनेशन) अविनाश को चक्रधरपुर का डीओएम(को-आर्डिनेशन) बनाया गया है. सीओएम गुड्स गार्डेनरीच सचेंद्र वर्मा को आद्रा का नया डीओएम बनाया गया है. खड़गपुर के सीनियर डीओएम आलोक कृष्ण को खड़गपुर में ही डीसीएम बनाया गया है. खड़गपुर डीसीएम ओम प्रकाश चरण वेटिंग में रहेंगे. उधर डिप्टी सीवीओ गार्डेनरीच प्रभात को खड़गपुर का नया सीनियर डीओएम बनाया गया है.

## मजदूरी दर पर चैंबर की प्रतिक्रिया को ट्रेड यूनियनों ने बताया निंदनीय

संवाददाता। रांची

ट्रेड यूनियनों ने अधिसूचित न्यूनतम मजदूरी दर पर चेंबर ऑफ कॉमर्स की प्रतिक्रिया की निंदा की है. इंटक, बीएमएस, एटक, सीटू और एक्टू जैसे केंद्रीय यूनियनों ने संयुक्त बयान जारी कर कहा है कि श्रम विभाग ने न्यूनतम मजदूरी एक्ट के सभी प्रावधानों का पालन करते हुए मजदूरी की संशोधित दरों को लागू किया है. इसलिए अब परामर्शदातृ पर्षद के किसी घटक द्वारा नाराजगी जताने या दर को अनुचित बताने की गुंजाइश नहीं है.

जारी बयान में इंटक के अध्यक्ष राकेश्वर पांडे ने बताया, अप्रैल 2023 में परामर्शदातृ पर्षद के पुनर्गठन के बाद दो दौर की बैठकें हुईं. नियोक्ता और नियोजित पक्ष ने विचार रखे. जिसके बाद पर्षद के अध्यक्ष को कार्रवाई के लिए अधिकृत किया गया. श्रम विभाग ने सार्वजनिक राय के लिए विभागीय पोर्टल में संशोधित दर का मसौदा दो महीने के लिए रखा था. उसके बाद ही 14 मार्च को अधिसूचना जारी की गयी थी. इस पृष्ठभूमि में उन्होंने सभी संबंधित पक्षों से आपसी हित के लिए अधिसूचना का पालन करने का अनुरोध किया.

संयुक्त ट्रेड यूनियन मंच का मानना है कि चैंबर ऑफ कॉमर्स का यह तर्क कि न्यूनतम मजदूरी में प्रस्तावित वृद्धि से उद्योग बंद हो जाएंगे. बेरोजगारी बढ़ेगी आदि पूरी तरह भ्रामक है. और सिर्फ 5 फीसदी वृद्धि करने का उनका प्रस्ताव मनोगत एवं निराधार है. उन्होंने यह भी कहा कि मजदूरी की संशोधित दर से राज्य से श्रम बल का पलायन भी कम हो जाएगा.

**खास बातें**

- सभी प्रावधानों का पालन करते हुए लागू हुई मजदूरी
- यूनियनों ने कहा- चैंबर को भी तब नहीं था कोई एतराज

## नेताम ने संभाली गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार की कमान

# गठबंधन सरकार ने आदिवासियों को सिर्फ छला है : रामविचार नेताम

प्रमुख संवाददाता। रांची

छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान कहा कि झारखंड खनिज संसाधनों एवं वन संपदा से संपन्न राज्य होने के बाद भी उसे परिवारवाद ने विकास के मानक में पीछे छोड़ दिया. राज्य में भोलेभाले आदिवासियों को झामुमो और उसकी गठबंधन सरकार ने सिर्फ ठगने और गुमराह करने का काम किया है. उनके विकास के लिए एक भी योजना शुरू नहीं की गई. आदिवासियों के नाम पर भ्रष्टाचार बहुत हुआ. यह सब परिवारवाद को पालने पोषने के लिए किया गया है.



**राज्य के मंत्री और उनके सहयोगी कमीशन के खेल में ही व्यस्त हैं:** नेताम ने कहा कि राज्य के मंत्री और उनके सहयोगी कमीशन के खेल में व्यस्त हैं. आदिवासी बहुल राज्य में भी आदिवासी समाज विकास की मुख्यधारा से अलग है. राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री जेल में बंद हैं. मंत्री आलमगीर आलम भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार कर लिए गए हैं. इससे पता चलता है कि प्रदेश में भ्रष्टाचार की जड़ें कितनी गहरी है. जांच एजेंसियां स्वतंत्र है, वह हर भ्रष्टाचारी का यही आलम करेगी. झारखंड से सटे हुए छत्तीसगढ़ में भाजपा की डबल इंजन की सरकार आदिवासियों, गरीब, किसान और पिछड़े वर्ग के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है. वहीं झारखंड में उनके हक का पैसा पिता-पुत्र और मंत्री तथा उनके सहयोगियों के कमीशन में खर्च हो रहा है.

## रांची रेलवे स्टेशन पर बच्चा चोरी के मामले में चाइल्ड राइट्स की पहल

# जीआरपी के खिलाफ सीआईडी डीजी से शिकायत

संवाददाता। रांची

रांची रेलवे स्टेशन से चोरी हुए नौ माह के शुभम का 5 दिन बाद भी सुराग पुलिस को नहीं मिल पाया है. पुलिस की कई टीमें अलग-अलग जगह बच्चे की तलाश में छापेमारी कर रही है. लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी है. इसको लेकर चाइल्ड राइट्स फाउंडेशन के सचिव बैजनाथ कुमार ने जीआरपी द्वारा त्वरित कार्रवाई नहीं करने को लेकर शिकायत दर्ज कराया है. बैजनाथ कुमार ने सीआईडी डीजी और रेल एडीजी के पास शिकायत की है और कहा हैं कि रांची रेलवे स्टेशन पर अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बच्चों को उठाकर ले जाते हुए सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है. लेकिन बच्चे के माता-पिता जब रांची रेलवे पुलिस थाना में शिकायत करने पहुंचे तो जीआरपी ने यह कह कर लौटा दिया कि यह मामला यहां का नहीं है. तुम लोग चुटिया थाना चले जाओ और अपनी शिकायत दर्ज कराओ.



### क्या है मामला

बीती 11 मई की रात 9 माह के शुभम को चोरों ने तब गायब कर दिया, जब वह अपनी दादी के साथ सो रहा था. बच्चे के गायब करने की वारदात रांची स्टेशन में लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गयी. तब से पुलिस बच्चे की तलाश कर रही है. लातेहार के गारू के प्रदीप लोहरा और उनकी पत्नी नीना अपने बच्चे शुभम को अगरतला से लेकर रांची लौटे थे. की ट्रेन न मिलने से सभी स्टेशन पर रात गुजारी. उसी दौरान उनका बच्चा गायब हो गया था.

### एसएसपी के साथ पुलिस प्रेक्षक ने की बैठक

**रांची।** चुनाव के छठे चरण में रांची सीट पर 25 मई को वोटिंग होनी है. इसे लेकर गुरुवार को एसएसपी कार्यालय में पुलिस प्रेक्षक जलिन्दर डी सुपेकर ने एसएसपी चंदन सिन्हा सहित सभी वरीय पुलिस अफसरों के साथ चुनाव तैयारियों की समीक्षा बैठक की. बैठक में प्रेक्षक ने आचार संहिता के दौरान जिला पुलिस के कार्यो की समीक्षा की. समीक्षा के क्रम में सुरक्षा बल की बूथों में प्रतिनियुक्ति, चेक नाका पर प्रभावी चेकिंग, अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और व्यापार के खिलाफ पुलिस एवं उत्पाद विभाग के संयुक्त टीम के जरिये छापेमारी करने, मादक पदार्थों के खरीद-बिक्री और भंडारण एवं उसमे संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ छापेमारी करने, शस्त्र अधिनियम के तहत आरोप पत्रित आरोपितों के विरुद्ध छापेमारी करने का निर्देश दिया गया.

इसके अलावा सक्रिय अपराधियों के खिलाफ समर्पित सीसीए प्रस्ताव की समीक्षा करते हुए सभी अपराधियों के विरुद्ध नियत अवधि में कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया गया. साथ ही जिला पुलिस को भयमुक्त वातावरण में चुनाव कार्य सम्पन्न कराने के लिए मतदान केंद्र और समीपवर्ती क्षेत्रों में आसूचना संकलन एवं आमलोगों के बीच विश्वास बहाली के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया गया.

## ऑनर किलिंग में गोली लगने से जख्मी अधेड़ की रांची में मौत

संवाददाता। रांची/ पलामू

पलामू में ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है. यहां अंतरजातीय शादी से नाराज लड़की के भाइयों ने उसके ससुर को गोली मार दी थी. 29 अप्रैल को संतोष साव को गोली मारी गई थी. साव को दो गोली लगी थी. जिसके बाद इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया था, जहां से डॉक्टर ने उन्हें रिम्स रेफर कर दिया. इसके 20 दिन बाद उनकी मौत हो गई. वहीं पुलिस ने घटना के मुख्य आरोपी समेत दो लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया. छतरपुर थानेदार ने मौत की पुष्टि की. साव के बेटे ने अंतरजातीय विवाह किया. शादी से बहू के भाई और परिजन नाराज थे. 29 अप्रैल की रात संतोष साव अपनी दुकान बंद कर घर जा रहे थे, तभी बहू के भाइयों ने गोली मार दी थी. इसके बाद पुलिस ने गोली मारने के आरोपी आशुतोष और रौशन सिंह को गिरफ्तार कर लिया. दोनों के पास से पुलिस ने दो देसी कट्टा और तीन गोली बरामद की. संतोष सिंह छतरपुर थाना क्षेत्र के कवल कुरकुटा, जबकि रौशन सिंह बिहार के सासाराम के मॉडल थाना क्षेत्र के रहने वाला है.


**This may be published in Newspapers and TV from the day follwbing the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll.**

**Format C-I**

(for Candidates to published in Newspaper, TV)

Declaration about criminal Cases

(As per the judgement dated 25th September, 2018 of Honble Superme Court of WT Civil No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors Ex. Union of India & Otr.

Name and address of candidate : SRI RAM SINGH

Name of political party : INDEPENDENT

(Independent candidates should write *Independent* here)

Name of Election : LOK SABHA

*Name of Constituency : 4 CHATRA

I ....................................... (Name of candidate), a candidate for the abovementioned election\, declare for public information the following details about my criminal antecedents :

(A Pending criminal cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Principal Distt & Session Judge Garhwa, Jharkhand | S.T. No. 200/2019 | Pending Trial | U/S 147, 148, 149, 341, 323, 337, 338, 353, 307, 338, 371, 511, 188 I.P.C and 126, 127 R. P. Act. |

(B) Details about cases of conviction of criminal offences

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & Punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| NIL | Not applicable | NIL | NIL |
| | | | |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, Mention the election concerned in place of name of constituency.

**SRIRAM SINGH**
**(IMDEPENDENT CANDIDATE)**
**(Signature of Candidate)**

▼ ब्रीफ खबरें

### संत पॉल्स कैथेड्रल चर्च में दृढ़ीकरण संस्कार 19 को

**रांची।** बहुबाजार स्थित संतपॉल्स कैथेड्रल चर्च में 29 मई को 70 मसीही बच्चों का दृढ़ीकरण संस्कार किया जाएगा. इस कार्यक्रम में राज्य के गुमला, लोहरदगा, खूंटी, चाईबासा समेत अन्य जिलों के 15 से 25 वर्ष तक के बच्चे शामिल होंगे. पेरिस पुरोहित डेविड ने बताया कि कलिसिया के बच्चों का विशेष विधि द्वारा बच्चों को पवित्र आत्मा के ज्ञान और नौ फलों को प्राप्त करने की विधि सिखायी जाएगी, जिसमें प्रेम ,आनंद, मेल ,धीरज, कृपा, भलाई ,विश्वास, नम्रता और संयम के बारे में ज्ञान दिया जाएगा. मुख्य अनुष्ठानकर्ता बिशप बीबी बास्के शामिल होंगे.

### न्यू प्ले स्कूल में समर कैंप का हुआ आयोजन

**रांची।** जेसीआई रांची के बैनर तले न्यू प्ले स्कूल रातू रोड में बच्चों के लिए समर कैम्प का आयोजन किया गया. इस दौरान तीन दिनों तक बच्चों के बीच नृत्य, गतिविधियां, खेल, विज्ञान प्रयोग, क्राफ्ट्स और मनोरंजन के अनेक रोचक कार्यक्रम हुए. इस दौरान बच्चों के बीच हेलेन ओ ग्रेडी सेशन, पूल पार्टी, जादू शो जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किये गये. मौके पर विक्रम चौधरी, रुचि झुंझुनवाला, प्रोजेक्ट मेंटर आशा पोद्दार, प्रोजेक्ट समन्वयक अभिषेक मोदी, मधु मोदी, सुरभि टेकरीवाल, पायल जैन, दीपिका माहेश्वरी समेत अन्य शामिल थे.

### आदिवासी संगठनों का महाजुटान 19 मई को

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के मोरहाबादी स्थित जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग परिसर में स्थित डॉ. रामदयाल मुंडा अखरा में 19 मई को विभिन्न आदिवासी संगठनों का महाजुटान होगा. कांके रोड सरना समिति के अध्यक्ष डबलू मुंडा ने गुरुवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि उस महाजुटान में गणमान्य आदिवासी नेता झारखंड के आदिवासी समाज में व्याप्त समस्याओं पर विचार-विमर्श करेंगे. उन्होंने बताया कि उन समस्याओं में धार्मिक स्थल, धार्मिक झंडा, पलायन, बेरोजगारी आदि मुख्य रूप से शामिल होंगे.

### एनटीपीसी मुख्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा प्रारंभ

**रांची।** एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, एनटीपीसी माइनिंग लि. स्वच्छता पर जागरूकता फैलाने के लिए गुरुवार से 31 मई तक स्वच्छता पखवाड़ा-2024 मना रहा है. पखवाड़ा के शुभारंभ के साथ मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) रजनीश रस्तोगी ने विभागाध्यक्षों, वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में शपथ दिलाई. बाद में कर्मचारियों और सहयोगियों ने मैं स्वच्छता राजदूत हूं की थीम के साथ सेल्फी जोन में भाग लिया, स्वच्छ भारत अभियान की पहल को सफलतापूर्वक चलाने के लिए प्रतिबद्धता दोहरायी.

### सीता नवमी पर माता जानकी का हुआ पूजन

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति के तत्वावधान में गुरुवार को सीता नवमी के अवसर पर श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर धर्मशाला में माता जानकी का पूजन किया गया. झारखंड प्रांत धर्म प्रसार परियोजना सह प्रमुख रेणु अग्रवाल ने कहा कि सीता माता समस्त नारी समाज की आदर्श हैं. स्वामी दिव्यानंद जी महाराज ने कहा कि माता सीता श्रीराम समाहित हैं. कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र, प्रांत सहकोषाध्यक्ष शिव शंकर साबू, कलावती देवी, किरण मेहता, मधु देवी, बबीता आदि उपस्थित थी.

स्त्री सत्संग सभा की तीन सौ सदस्याएं कर रहीं पाठ, 15 से सजेंगे विशेष दीवान

# राजधानी के गुरुद्वारों में गूंजा श्रीसुखमनी साहिब का पाठ

संवाददाता। रांची



राजधानी के विविध गुरुद्वारा साहिब में इन दिनों गुरु श्री अर्जन देव के शहीदी गुरु पर्व को लेकर सुखमनी साहिब का पाठ किया जा रहा है. गुरुद्वारा श्रीगुरुनानक सत्संग सभा, रातू रोड में भी नित्य पाठ चल रहा है. स्त्री सत्संग सभा की तीन सौ सदस्याएं इसमें खास तौर से हिस्सा ले रही हैं. श्रद्धाभाव से पाठ कर सब सुख-समृद्धि की कामनाएं कर रही हैं.

गुरुवार को 15वें दिन भी अपराह्न साढ़े तीन से शाम साढ़े पांच बजे तक पाठ चला. नीता मिढा, गीता कटारिया, बेबी मिढा, दुर्गा देवी मिढा, उषा ढंढई, नीतू किंगर, शीतल मुंजाल आदि ने इसमें खास तौर से हिस्सा लिया. मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि 40 दिनों तक चलने वाले इस लड़ीवार पाठ की समाप्ति दस जून को होगी. इसके बाद 15 जून को गुरुपर्व मनाया जायेगा. इस मौके पर गुरुद्वारा साहिब में तीन दीवान सजाये जायेंगे. पहला दीवान प्रातः और रात्रिकालीन सजेगा. अंतिम दीवान 16 जून को दिन के दस बजे से सजाया जायेगा. इसमें स्थानीय और बाहर से आये रागी जत्था खास तौर से शिरकत करेंगे.

**स्टेशन रोड में दो को मनेगा शहीदी गुरुपर्व :** स्टेशन रोड गुरुद्वारा साहिब में भी 40 दिनी सुखमनी साहिब के पाठ का खास आयोजन किया गया है. स्त्री सत्संग सभा की सौ से अधिक सदस्याएं इसमें भागीदारी निभा रही हैं. नित्य दिन के तीन बजे से पाठ कर सब के लिए मंगलकामनाएं कर रही हैं. हरभजन सिंह ने बताया कि दो जून को इसका समापन होगा. इस मौके पर श्रीगुरु अर्जन देव जी का शहीदी गुरु पर्व श्रद्धाभाव से मनाया जायेगा. विशेष दीवान सजाये जायेंगे. गुरु का अटूट लंगर भी बरतेगा. उन्होंने धर्मावलंबियों से इसमें बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की है.

## मेन रोड गुरुद्वारा साहिब में सात तक चलेगा पाठ



श्रीगुरु सिंह सभा, मेन रोड गुरुद्वारा साहिब में सात जून तक पाठ चलेगा. यहा भी नित्य स्त्री सत्संग की ओर से अपराह्न बेला में पाठ किया जा रहा है. गुरुवार को दिन के साढ़े तीन बजे से सभा की सदस्यों ने सस्वर पाठ कर गुरु के श्रीचरणों में श्रद्धा अर्पित की. सभा कीअध्यक्ष सुरेंद्र पाल कौर, सचिव खेम कौर, परमजीत कौर, संध्या रानी मेहता, सानिया भसीन, तरनजोत कौर, अलंग लखविंदर कौर, सतपाल कौर आदि ने इसमें मुख्य रूप से हिस्सा लिया. प्रो हरविंदर बीर सिंह ने बताया कि नौ जून से दो दिनी गुरु अर्जन देव जी का शहादत दिवस श्रद्धा पूर्वक मनाया जायेगा. पहले दिन मेन रोड गुरुद्वारा साहिब में रात्रिकालीन दीवान सजेगा. दूसरे दिन दस जून को गुरुनानक स्कूल, पीपी कंपाउंड में शहादत दिवस मनेगा. इसमें पटना साहिब के रागी भाई सरबजीत सिंह जी खास तौर से शिरकत करेंगे. इस मौके पर गुरुद्वारा साहिब की ओर से गुरमत ट्रेनिंग कैंप भी लगाया जा रहा है. इसकी शुरुआत 28 मई से होगी. इसका समापन दो जून को होगा. इसमें पांच से 15 वर्ष के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे. भाग लेने के इच्छुक 25 मई तक निबंधन करा सकते हैं.

# कृष्णानगर कॉलोनी के श्रीराधाकृष्ण मंदिर में गूंजती रहीं मानस की चौपाइयां

संवाददाता। रांची



कृष्णा नगर कॉलोनी का राधाकृष्ण मंदिर में गुरुवार को श्रीरामचरित मानस चौपाइयां गूंजती रहीं. यहां मंदिर कमेटी की ओर से मानस पाठ का खास आयोजन किया गया है, जो सात जून तक प्रतिदिन चलेगा. उपस्थित श्रद्धालु शाम चार से साढ़े छह बजे तक सस्वर पाठ कर अपने इष्ट के श्रीचरणो में श्रद्धा के पुष्प चढ़ायेंगे.

गुरुवार की शाम मंदिर के प्रधान मनोहर लाल जसूजा संग श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर भक्ति के ज्योत जगाये. इसके बाद पाठ प्रारंभ हुआ. भक्तों ने ढोल और करताल की ताल पर पाठ कर भक्ति आनंद के महासागर में डुबकी लगाते रहे. रामचंद्र तलेजा ने सुमधुर कंठों से पाठ कर भक्ति की धारा प्रवाहित की तो चंद्रभान तलेजा ने श्रद्धालुओं को भावार्थ समझाते हुए श्रद्धा और भक्ति का मर्म समझाया. अब यह सिलसिला तय समय पर नित्य चलेगा.

समापन के मौके पर भजन और भंडारा का खास आयोजन किया जायेगा. अरुण कुमार जसूजा बंटा ने बताया कि कॉलोनी के लोग इसमें बढ़-चढ़ कर भाग ले रहे हैं.

### मनुष्य का चरित्र ही उसे महान बनाता है : आचार्य

**रांची।** विद्यापति नगर महिला समिति, कांके रोड में देवघर से आए आचार्य पराशर महाराज के सांनिध्य में चल रहे श्रीमदभागवत कथा ज्ञानयज्ञ का समापन गुरुवार को हुआ. भागवत कथा का आयोजन विद्यापति नगर के वत्सालय प्रांगण में हुआ. अंतिम दिन की कथा में आचार्य पराशर ने भागवत कथा के विशेष प्रसंगों पर सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया. उन्होंने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है और धर्म का नाश होने लगता है, प्रभु अवतार लेकर अधर्मियों का नाश कर धर्म की पुनरस्थापना करते हैं. आचार्य श्री ने कहा कि मनुष्य का चरित्र ही उसे महान बनाता है. मुख्य यजमान कल्याणी देवी, सरिता, संजय चौधरी, अनिता देवी, सीमा शर्मा, सोनी झा, अर्चना प्रिया, शांति भगत, रूबी मिश्रा, रेणु चटर्जी, सोनी झा, प्रतिभा मिश्रा, अनुपमश्री, बबली, अर्पणा आदि मौजूद थे.

## इंप्रूवमेंट परीक्षा के लिए अब नहीं होगा साल भर का इंतजार

संवाददाता। रांची

झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने इस वर्ष से इंप्रूवमेंट परीक्षा की प्रक्रिया में बदलाव कर दिया है. वर्ष 2024 में मैट्रिक-इंटर की वार्षिक परीक्षा पास कर चुके जो विद्यार्थी अपने अंक से संतुष्ट नहीं हैं, वे इंप्रूवमेंट परीक्षा में इसी साल भाग ले सकते हैं. इससे पहले तक मैट्रिक-इंटर के विद्यार्थियों को इंप्रूवमेंट परीक्षा के लिए एक साल इंतजार करना होता था. इंप्रूवमेंट परीक्षा में वही विद्यार्थी शामिल हो सकते हैं, जो मैट्रिक-इंटर की वार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण हों. जैके अधिकृत सूत्रों के अनुसार इस परीक्षा में शामिल होने के लिए विषय की बाध्यता नहीं है. विद्यार्थी चाहे तो सभी विषयों या फिर जिस विषय के अंक से संतुष्ट नहीं हैं, उसकी परीक्षा दे सकते हैं. इंप्रूवमेंट परीक्षा की प्रक्रिया में बदलाव से उन विद्यार्थियों को लाभ होगा, जो मेडिकल, इंजीनियरिंग या उन प्रतियोगिता परीक्षाओं में शामिल हुए हैं, जिसमें 12वीं में निश्चित अंक प्राप्त करने की बाध्यता है. विद्यार्थी को अगर प्रावधान के अनुरूप अंक प्राप्त नहीं हुआ, तो भी उनका एक साल बेकार नहीं जायेगा. सूत्रों ने बताया कि जैक ने इंप्रूवमेंट परीक्षा-2024 की प्रक्रिया शुरू कर दी है. परीक्षा जून अंत तक होने की संभावना है, जबकि रिजल्ट जुलाई में जारी होंगे. परीक्षा में शामिल होने के लिए इंटर के विद्यार्थी 17 से 31 मई तक और मैट्रिक के विद्यार्थी 21 से 31 मई तक बिना विलंब शुल्क के आवेदन जमा कर सकते हैं. जबकि, विलंब शुल्क के साथ आवेदन एक से छह जून तक जमा होंगे.

## गोस्सनर महाविद्यालय में तीन दिनी एंकरिंग कार्यशाला शुरू



संवाददाता। रांची

गोस्सनर कॉलेज के पत्रकारिता एवं वीडियो प्रोडक्शन विभाग में तीन दिवसीय एंकरिंग कार्यशाला का शुभारंभ 16 मई गुरुवार को हो गया. रांची विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागध्यक्ष डॉ. जंग बहादुर पांडेय मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यशाला में शामिल हुए. उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुये कहा कि कार्यक्रम संचालन में एंकर की भूमिका अहम होती है. इसलिए एंकर की भाषा सरल, शुद्ध और उच्चारण स्पष्ट होनी चाहिए. कार्यशाला तीन सत्रों में विभक्त था. पहले सत्र में लोगों का परिचय और अभिवादन हुआ. दूसरा सत्र में तकनीकी सत्र था. जिसमें मुख्य वक्ता राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के पदाधिकारी अंजेश कुमार ने एंकरिंग के दौरान आने वाली बाधाओं से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया. उन्होंने यह भी बताया कि किस तरह से बाधाओं को चुनौती देते हुए आगे की राह को आसान किया जा सकता है.

तीसरे सत्र की मुख्य वक्ता सीनियर एंकर मीनाक्षी शर्मा ने विद्यार्थियों को सफल एंकरिंग के मूल मंत्र बताए. शब्दों के उच्चारण का तरीका भी बताया. उन्होंने कहा कि एंकर को कार्यक्रम करने से पहले महत्वपूर्ण तैयारी पर जोर देनी चाहिए. कार्यक्रम में मास कॉम विभाग की एचओडी प्रो. महिमा गोल्डेन बिलुंग, प्रो. संतोष कुमार, प्रो. अनुज कुमार, हिंदी विभाग के प्रो. प्रशांत गौरव, डॉ. वासुदेव प्रसाद, जोहार हजारीबाग के फैज अहमद सहित गोस्सनर महाविद्यालय सहित विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थी व शिक्षक मौजूद थे.

### जेसीआई ने किया 100 अनाथ व मंदबुद्धि बच्चों के बीच अल्पाहार का वितरण

**रांची ।** जेसीआई यूथ के बैनर तले निवारणपुर में गुरुवार को अनाथ एवं मंद बुद्धि बच्चों के बीच अल्पाहार का वितरण किया गया. संस्था की अध्यक्ष सोनल अग्रवाल ने बताया कि आदिम जाति सेवा मंडल बच्चों के निवारणपुर आश्रम में रहने वाले 100 मंदबुद्धि एवं अनाथ बच्चों के बीच अल्पाहार वितरण किया गया. चिप्स, समोसा, सैंडविच, बिस्कुट, मिक्चर समेत अन्य खाद्य सामग्री दिया गया. इसके साथ ही साथ बच्चों के साथ विभिन्न रोचक खेल खेला गया, ताकि उनके सभी का मनोबल बढ़ाया जा सके. बच्चों ने संस्था के सदस्यों के साथ खूब मौज-मस्ती की. बच्चों ने तालियां बजाकर सदस्यों का स्वागत किया. अध्यक्ष ने कहा कि अनाथ आश्रम में बच्चे के बीच प्यार बांटने से एक अलग अनुभूति होती है. बच्चों का साथ दिल के अंदर के भाव को पैदा करता है, मौके पर पूर्व अध्यक्ष प्रतीक बदानी, मोनिका गोयनका, विनायक शर्मा, गुणीत सिंह समेत अन्य शामिल थे.

## संत माइकल पब्लिक स्कूल में विद्यार्थी परिषद का गठन

संवाददाता। रांची



कटहल मोड़ स्थित संत माइकल पब्लिक स्कूल में गुरुवार को मेरा मत मेरा अधिकार के तहत मतदाता जागरूक अभियान चलाया गया. इसके साथ ही विद्यार्थी परिषद का गठन भी किया गया. इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक कुमार सिन्हा ने कहा कि संविधान में उल्लेखित मतदान से संबंधित नियमों के महत्व एवं अधिकारों के बारे में बच्चों को जानकारी दी गई .मतदान किसी भी देश, राज्य और समाज के विकास के लिए क्यों और कितना महत्वपूर्ण है? उन्होंने यह भी बताया कि मतदाता का सिर्फ एक मत किसी देश की उन्नति या अवनति का कारण बन सकता है. इसलिए अपने मत का इस्तेमाल हर हाल में करना चाहिए. विद्यालय की प्राचार्या श्रावणी पांडे ने कहा कि आज के आप बच्चे ही देश के भावी मतदाता होंगे. मतदान के महत्व को समझना पड़ेगा. विद्यालय में नये सत्र 2024-25 के लिए हेड बॉय एवं हेड गर्ल का चुनाव कराया गया, ताकि बच्चे व्यावहारिक रूप से निर्वाचन प्रक्रिया को समझ सकें. विद्यालय की प्राचार्या श्रावणी पांडेय ने चयनित सभी विद्यार्थियों को कर्तव्यों एवं अधिकारों का शपथ ग्रहण कराया. कार्यक्रम में निदेशक रमाकांत प्रसाद, निदेशिका सुषमा सिन्हा, उप प्राचार्य अक्षय कुमार सिन्हा, वरिष्ठ शिक्षक निर्मल कुमार चौधरी समेत अन्य शामिल थे.

समर कैंप डीएवी हेहल में खेल सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन

# बच्चे कर रहे अपनी छुपी प्रतिभा का प्रदर्शन

संवाददाता। रांची



डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में बच्चों के लिए पांच दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया है, जो 17 मई तक चलेगा. कैंप में कक्षा एक से 12वीं तक के छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं.

कैंप में खेलकूद, संगीत सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है. शिविर में कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, हैंडबॉल, शतरंज, योगासन सहित कई खेलों का प्रैक्टिस कराया जा रहा है. इसके अलावा बच्चों को देशभक्ति गीत भी सिखाये जा रहे हैं. इस समर कैंप के जरिये बच्चे अपने अंदर छिपी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं.

**स्वस्थ शरीर में ही होता है स्वस्थ मन का विकास : एसके मिश्रा**

स्कूल के प्रिंसिपल एसके मिश्रा ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का विकास होता है. समर कैंप बच्चों और किशोरों के लिए सीखने और मनोरंजन करने का एक आदर्श मंच है. ऐसे शिविर में कई प्रकार की गतिविधियां होती हैं, जिससे बच्चों में अंतर्निहित प्रतिभा सामने आती है. बच्चों की हिचकिचाहट कम होती है.

**खास बातें**

- योगासन सहित कई खेलों का कराया जा रहा अभ्यास
- बच्चों को सिखाये जा रहे देशभक्ति के गीत

समर कैंप में बच्चे नए साहसिक प्रयास करते हैं और इस प्रकार उनमें स्वतंत्रता की भावना विकसित होती है. प्राचार्य ने विद्यालय के खेल शिक्षक संजय मंडल, एसएम अजीम, प्रोलोय करमाकर और संगीत शिक्षक इंद्रजीत दत्ता व मुक्ति सरकार के सराहनीय प्रयासों की प्रशंसा की.

**FORMAT C-1**

**Declaration about Criminal Cases**

| | |
|---|---|
| Name and address of candidate | Vinod Kumar Singh |
| Name of political | Communist Party Of India (Marxist-Leninist) Liberation |
| Name of Election | General Election to the House of the People Lok Sabha 2024 |
| Name of Constituency | 05-Kodarma |

I **Vinod Kumar Singh**, a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

| Sl. No. | A. Pending criminal cases | | | |
|---|---|---|---|---|
| | Name of Court | Case No. and dated | Status of cases | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
| 1 | Special Judicial Mag. F.C. Ranchi (MP MLA Cases) | Case No 12/21 | Charge(s) framed | Under IPC Sections 144,341, 342, 188 Unlawful assembly |
| 2 | First Class Judicial Mag., Dhanbad. (MP MLA Cases) | GR 1372/12 | Charge(s) framed | Under IPC Sections 147, 148, 149, 337, 427 Unlawful assembly |
| 3 | Chief Judicial Magistrate, Giridih | GR 428/14 | No charge(s) framed | Under IPC Sections 147, 149, 186, 341, 290, 291 Unlawful assembly |

**B. Details about cases on conviction for criminal offences**

| Sl. No. | Name of Court and date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | **Maximum punishment imposed** |
|---|---|---|---|
| | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

Format C-2

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the CPI(ML)(L)

| | |
|---|---|
| Name of Political Party: | COMMUNIST PARTY OF INDIA (MARXIST-LENINIST) (LIBERATION) |
| Name of Election : | General Election to the House of the People Lok Sabha 2024 |
| Name of State/UT : | Jharkhand |

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Name of candidate | Name of constituency | A: Pending criminal cases | | B: Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description Of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) | Maximum punishment imposed |
| 1 | Vinod Kumar Singh | 05-Kodarma | 12/2021 Special Judicial Mag., F.C., Ranchi (MP MLA cases) | Under IPC Sections 144,341, 342, 188 Unlawful assembly | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 2 | | | GR1372/12 First Class Judicial Mag., Dhanbad (MP MLA Cases) | Under IPC Sections 147, 148, 149, 337, 427 Unlawful assembly | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 3 | | | GR 428/14 Chief Judicial Magistrate, Giridih | Under IPC Sections 147, 149, 186, 341, 290, 291 Unlawful assembly | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

### इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को मिल रहा है अपार स्नेह व आशीर्वाद

# यह चुनाव धनबाद को भयमुक्त बनाने की लड़ाई है : अनुपमा सिंह

संवाददाता। धनबाद

धनबाद के कोलाकुसमा कोराडीह में गुरुवार को अपने जनसम्पर्क के दौरान महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने कहा कि धनबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता का मिल रहे अपार समर्थन, स्नेह और आशीर्वाद से अभिभूत हूं. यह चुनाव पूरे लोकसभा के सर्वांगीण विकास एवं भय मुक्त धनबाद बनाने को लेकर है. लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के समर्थन में धनबाद नगर महिला कांग्रेस कमिटी की अध्यक्ष पूनम देवी की अध्यक्षता में कोला-कुसमा के कोराडीह बस्ती में जनसंपर्क अभियान चलाया गया.

जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम के क्रम में स्थानीय लोगों ने भारी संख्या में पहुंचकर ढोल बाजा के साथ माला पहनाकर अनुपमा का जोरदार स्वागत किया. जनसंपर्क अभियान के क्रम में अनुपमा ने कहा कि राहुल गांधी ने संकल्प लिया है कि कांग्रेस की सरकार बनते ही हिंदुस्तान के हर गरीब महिला को चाहे वह मजदूरी करें, खेती करें, छोटा नौकरी करें, हर महिला को एक लाख रुपया देने की योजना बनेगी. इसके साथ महिला सशक्तिकरण को सशक्त व मजबूत बनाते हुए महिला को सुनिश्चित भागीदारी देने की पहल की है. कांग्रेस पार्टी जो कहती है वह करके दिखाती है. जैसे राहुल गांधी ने अनुपमा को धनबाद से टिकट देकर अपने घोषणा को सच किया है और निश्चित रूप से कांग्रेस की सरकार बनते ही देश के हर गरीब महिलाओं को साल में एक लाख रुपया देने का अपना वायदा भी पूरा करेंगी. देश की जनता मोदी सरकार के क्रियाकलाप से त्रस्त, परेशान और हतोत्साहित हैं. महंगाई व बेरोजगारी चरम सीमा पर हैं. लोग आर्थिक संकटों से जूझ रहे हैं. इसके बावजूद मोदी सरकार मूकदर्शक बनी हुई है. लोग इस बार भाजपा के लुभावने जूमलों के झांसे में आने वाले नही हैं. भाजपा के चाल, चेहरा और चरित्र को समझ चुकी है. यह चुनाव देश की दशा और दिशा तय करेगी. 2024 के लोकसभा चुनाव में धनबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता भाजपा को धनबाद लोकसभा से उखाड़ फेंकने का काम करेगी. इसके लिए अनुपमा ने लोगों से वोट देने की अपील की.



#### पूनम ने अनुपमा के लिए मांगा वोट

मौके पर धनबाद नगर महिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष पूनम देवी ने जनसंपर्क अभियान के दौरान इंडिया महागठबंधन कांग्रेस के प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में भारी से भारी संख्या में अपना मतदान कर सुनिश्चित जीत दिलाने का लोगों से आह्वान किया. उन्होनें कहा कि धनबाद लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह की ऐतिहासिक जीत होगी. जनसंपर्क अभियान के क्रम में धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव पप्पू कुमार तिवारी, रशीद अंसारी, पिंटू मंडल, शमशेर अंसारी, रफीक अंसारी, बॉबी सिंह, यशोदा देवी, बिंदु देवी, शोभा देवी, पार्वती देवी, इम्तियाज अंसारी, इरशाद, संजीव मिर्धा, बुलेट राजा अंसारी, खुर्शीद अंसारी, संदीप सिंह, किस्टु मिर्धा, रोहन कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे.

# उप मुखिया ने ओरमांझी में पदयात्रा कर मांगा समर्थन



- भाजपा कार्यकर्ता खुद को प्रत्याशी समझकर प्रचार करें : उपमुखिया

संवाददाता। ओरमांझी

भाजपा ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव के तहत क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया. इस दौरान उप मुखिया सह ओबीसी मोर्चा मंडल कोषाध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता व वार्ड सदस्य मीना देवी समेत कई लोग मौजूद रहे. गुप्ता ने गांगुटोली के बूथों में जनसंपर्क करते हुए कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है. हम सभी कार्यकर्ताओं को रांची लोकसभा क्षेत्र में भाजपा की जीत के लिए कार्य करना है. कार्यकर्ता खुद को प्रत्याशी समझकर प्रचार अभियान चलाएं. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटियों और केंद्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं के चलते केंद्र में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनना निश्चित है. गुप्ता ने कहा कि देश में विपक्ष अपनी पहचान तथा विश्वसनीयता खो चुका है. रांची लोकसभा क्षेत्र में इस बार फिर से कमल खिलेगा, ऐसा उन्हें विश्वास है. मौके पर नोना पाहन, कृष्णा पाहन, राजू साहू, रामदेव साहू मुकेश साहू, हरिचंद्र साहू, सुमंती देवी, बिलों देवी, कंचन देवी आदि मौजूद थे.

## ब्रीफ खबरें

### जंगली हाथी से बचाव के लिए ऐप लॉन्च किया

**सिमडेगा।** जिले में जंगली हाथी से बचने के लिए वन विभाग ने एक ऐप लॉन्च किया. इसे इंस्टॉल करने के बाद आप जान सकते हैं कि हाथी आपसे कितनी दूरी पर है. अगर आपके नजदीक हाथी आता है, तो ऐप आपको अलर्ट करेगा. किस क्षेत्र में कहां पर कितना हाथी जमा हैं, इसके बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी देगा. वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास कुमार उज्ज्वल ने बताया कि इस ऐप को डाउनलोड करके हाथियों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ले सकते हैं.

### कार की टक्कर में बाइक सवार का पैर टूटा

**लापुंग।** लापुंग थाना क्षेत्र के दोलैचा बगीचा के पास कार की जबर्दस्त टक्कर में बाइक सवार मालगो निवासी घायल हो गया. उसको श्रीकांत भगत की मदद से एम्बुलेंस बुलाकर हॉस्पिटल भेजा गया. बताया जाता है कि 38 वर्षीय मालगो निवासी कपिल मुंडा मालगो से अरमालटदाग और दोलैचा होते हुए बाइक से रांची जा रहा था. इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रही कार ने बाइक को पीछे से ठोकर मार दी. इसमें बाइक सवार का बायां पैर टूट गया. टक्कर मारने के बाद कार सवार भाग निकला. बाद में कपिल मुंडा की पत्नी भी घटनास्थल पहुंची. एंबुलेंस से कपिल मुंडा को बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से रिम्स रेफर कर दिया गया. हालांकि परिजन उसे गुलमोहर हॉस्पिटल ले गए.

### पासवा का छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह जून में

**रांची।** पासवा के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष आलोक दुबे की उपस्थिति में 26 मई को पटना में पासवा की की बिहार कमेटी का चुनाव होगा और बिहार प्रदेश छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह के आयोजन की रणनीति बनेगी. बुधवार को पासवा (पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन) की महत्वपूर्ण वर्चुअल मीटिंग आलोक कुमार दुबे की अध्यक्षता में हुई, जिसमें की महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये. तय हुआ कि पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) का राष्ट्रीय अधिवेशन देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित होगा, जिसमें झारखंड सहित देश भर से विभिन्न राज्यों के शिक्षाविद और प्रतिनिधि शामिल होंगे. हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्र का सबसे बड़ा छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह खेलगांव रांची में होगा, जिसमें जैक बोर्ड, सीबीएसई एवं आईसीएसई के मैट्रिक और इंटर के सफल 15,000 से अधिक मेधावी बच्चों को पुरस्कृत करने का लक्ष्य रखा गया है. समारोह 5 से 10 जून के बीच होगा. तत्पश्चात झारखंड के हर जिले में छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन होगा.बैठक का संचालन फलक फातिमा ने किया. धन्यवाद ज्ञापन पासवा के महासचिव नीरज सहाय ने किया. बैठक में पासवा के वरिष्ठ सहयोगी लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, पश्चिम बंगाल की पूर्व पासवा अध्यक्ष मसूदा यास्मिन, कर्नाटक की स्मृति कुमारी, नई दिल्ली की प्रियंका कुमारी, पटना से अतुल आनंद, मुंबई महाराष्ट्र से डॉ जयश्री, राजस्थान से रिया पूजा आदि ने हिस्सा लिया.

### गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए 20 मई को होना है मतदान

# सीएम चंपाई और कल्पना ने गांडेय में झोंकी ताकत

- कल थमेगा प्रचार का शोर कई मंत्रियों ने भी की सभाएं
- सुबह से देर शाम तक जनता से भी मिलती रहीं कल्पना

विशेष संवाददाता। रांची/गिरिडीह

गांडेय विधानसभा उपचुनाव 20 मई को होना है. प्रचार अभियान 18 को समाप्त हो जाएगा. शेष बचे दो से तीन दिनों में प्रचार अभियान तेज हो गया है. गांडेय की कमान खुद सीएम चंपाई सोरेन और कल्पना सोरेन ने संभाल रखी है. बुधवार के बाद गुरुवार को भी मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कल्पना सोरेन के लिए गांडेय में चुनावी सभा की. कार्यक्रम में झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश ठाकुर, बन्ना गुप्ता, सांसद डॉ सरफराज अहमद, विधायक डॉ इरफान अंसारी, सुदिव्य कुमार सोनू आदि शामिल हुए.

**कल्पना को वोट देकर तानाशाहों को दें जवाबः चंपाई :** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने गांडेय प्रखंड के पतली पंचायत में एक चुनावी सभा को सभा को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि 2024 का यह चुनाव कोई मामूली चुनाव नहीं है. यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान बचाने का चुनाव है. यह चुनाव आप लोगों के भविष्य से जुड़ा चुनाव है. आपको सोच-समझ कर निर्णय लेना है. चौथे चरण का लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद ही भाजपा रेस से बाहर हो चुकी है. अब बारी है झारखंड की. झारखंड की 14 में से 14 सीट इंडिया गठबंधन को देकर दिल्ली में गठबंधन की सरकार बनानी है. लोकसभा के साथ-साथ गांडेय में उपचुनाव भी हो रहा है.

इस उपचुनाव में हेंमत बाबू की पत्नी कल्पना सोरेन को वोट देकर भाजपा की तानाशाही का करारा जवाब दें, क्योंकि हेमंत बाबू को एक साजिश के तहत गिरफ्तार किया गया है.



#### हमारी लड़ाई संविधान खत्म करनेवालों के खिलाफ : कल्पना

कल्पना सोरेन ने कहा कि अभी झारखंड सहित पूरे देश में लोकतंत्र का महापर्व चल रहा है. यह पर्व हर पांच साल में एक बार आता है. मगर इस बार का चुनाव बहुत अलग है. हमारी लड़ाई देश के संविधान और आरक्षण को खत्म करने वालों के खिलाफ है. एक-एक वोट काफी अहम है. भाजपा दिल्ली से हमारे वीर अबुआ के संघर्ष के बाद बनी संविधान को मिटाना चाहती है. अगर संविधान खत्म हुआ, तो न केवल आदिवासी, बल्कि दलित, पिछड़े व अल्पसंख्यकों के अधिकार को भी खत्म कर दिया जाएगा.

#### आपके हक-अधिकार को खत्म करना चाहती है भाजपा

कल्पना ने कहा कि यह आप सभी की जिम्मेदारी है कि बाबा साहेब के संविधान को खत्म होने से बचाएं. हमारा सारा हक-अधिकार बाबा साहेब ने संविधान में लिखा है. अगर यह किताब नहीं होती, तो हमारा कोई हक और अधिकार नहीं मिलता. अब इसी किताब को भाजपा खत्म करना चाहती है. आपका बेटा हेमंत सोरेन आपके लिए कई काम कर रहे थे. मगर इनके काम से भाजपा डर गयी और षड्यंत्र के तहत उन्हें जेल भेज दिया. उन्होंने 20 मई को कोडरमा लोकसभा से माले प्रत्याशी विनोद सिंह और गांडेय विधानसभा में झामुमो को वोट देने की अपील की.

# सोये युवक को अज्ञात अपराधियों ने मारी गोली

संवाददाता। बालूमाथ (लातेहार)

थाना क्षेत्र के झाबर पंचायत स्थित भगत मोड़ के समीप घर की छत पर सोए युवक को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार कर घायल कर दिया. घायल युवक इचाक ग्राम के टोका टोला निवासी छोटेलाल उरांव के पुत्र गोपाल उरांव बताया गया है.

घटना के बाद परिजनों ने घायल अवस्था में गोपाल को सीएचसी लाया, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक

**▪ रिम्स में चल रहा इलाज**

उपचार कर उसे रांची के रिम्स रेफर कर दिया गया. जानकारी के अनुसार गोपाल उरांव बुधवार की मध्य रात्रि अपने नवनिर्मित घर की छत पर सो रहा था. इसी बीच अज्ञात अपराधियों ने छत पर पहुंच कर सोये अवस्था में कनपटी में गोली मार दी और फरार हो गए. गोली लगने से गोपाल की एक आंख बुरी तरह जख्मी हो गया. युवक की स्थिति नाजुक बताई जा रही है. सूचना के बाद थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे और मामले की छानबीन की.

> गोली चलाने की घटना हुई है. घायल युवक पंचर बनाने का कार्य करता था. आपसी विवाद समेत हर बिंदुओं पर पुलिस जांच कर रही है. जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा. – **आशुतोष कुमार सत्यम**, बालूमाथ एसडीपीओ.

### श्री श्याम मंदिर का स्थापना दिवस 19 को

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा निर्मित व संचालित हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर का आठवां स्थापना दिवस समारोह वैशाख माह की मोहिनी एकादशी रविवार 19 मई को धूमधाम से मनाया जाएगा. श्री श्याम मित्र मंडल केपहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि मंदिर स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा, मुख्य समारोह रात 9:30 बजे प्रारंभ हेगा. खाटूनरेश सहित मंदिर में विराजमान सभी देवी- देवताओं का भव्य मनोहारी श्रृंगार किया जाएगा. सभी देवी- देवताओं को नवीन पोशाक पहनाया जाएगा और मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी अपनी धर्मपत्नी अन्नपूर्णा सरावगी के साथ पूजन कर खाटूनरेश की अखंड ज्योति प्रज्वलित करेंगे. नारसरिया ने बताया कि विभिन्न प्रकार के मिष्ठान, फल, पंचमेवा, रबड़ी, दूध, नारियल, मगही पान का भोग लगाकर भक्तों को वितरित किया जाएगा. कोलकाता के प्रसिद्ध भजन गायक अभिषेक शर्मा अपने सहयोगियों के साथ मधुर भजनों की गंगा बहाएंगे. वे कोलकाता से रविवार कीसुबह ही रांची पहुंचेंगे.

# सिल्ली में शुरू हुआ सीआरपी ईपी का प्रशिक्षण कार्यक्रम



संवाददाता। सिल्ली /मुरी

श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 32 दिवसीय कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन एंटरप्राइज प्रमोशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रमोद कुमार जिला प्रबंधक उद्यमिता विकास रांची, दीपक कुमार जिला प्रबंधक वित्तीय समावेश रांची, प्रेम कुमार ब्लॉक प्रोग्राम ऑफिसर सिल्ली द्वारा किया गया. कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न प्रखंड से आए 29 जीआरपी महिलाओं ने भाग लिया. इस मौके पर प्रमोद कुमार ने संदेश दिया कि आप सभी लोग प्रशिक्षण के बाद अपने क्षेत्र में मेहनत और ईमानदारी से कार्य करें. दीपक कुमार ने कहा कि प्रत्येक महिला समिति के दीदी को लखपति दीदी बनाना है और स्वरोजगार को और आगे बढ़ाना है और दूसरों को भी रोजगार देना है. रुडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार कहा कि प्रशिक्षण के बाद आप सभी को गांव में सरकार की सभी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करना है. रुडसेट संस्थान में 64 प्रकार के प्रशिक्षण निशुल्क दिए जाते हैं. जैसे : टू व्हीलर मैकेनिक, महिला वस्त्र निर्माण, ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट, सीसीटीवी कैमरा इंस्टॉलेशन, इलेक्ट्रीशियन, बकरी पालन कृषि उद्यमी इत्यादि. इसमें से कोई एक प्रशिक्षण लेकर व्यक्ति अपना खुद का स्वरोजगार कर सकते हैं. मौके पर वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार, जगदीश चंद्र महतो, दशरथ महतो, महेश रुहिदास, सुनील मुंडा उपस्थित थे.

# कार से भिड़ी बाइक, तीन घायल, दो गंभीर

- कार का पिछला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त, प्राथमिक उपचार कर दो घायलों को रिम्स रेफर किया गया

संवाददाता। बेड़ो





बेड़ो थाना क्षेत्र के रांची गुमला मुख्य मार्ग पर जरिया गांव के निकट निर्माणाधीन बाईपास सड़क के पास तेज गति से चल रहे बाइक सवार ने मारुति कार में टक्कर मार दी. बाइक पर सवार हेशमी मांडर निवासी 19 वर्षीय विकास लकड़ा, पिता मोहन लकड़ा तथा 20 वर्षीय कुंदन लकड़ा, पिता सिरली लकड़ा गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बाइक सवार एक अन्य युवक सचिन लकड़ा, पिता दीपक लकड़ा घायल हो गए. सड़क दुर्घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई. ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो भेजा. यहां डॉ सुमन एक्का ने जीएनएम सुनीता केरकेट्टा की मदद से गंभीर रूप से घायल विकास लकड़ा एवं कुंदन लकड़ा का प्राथमिक उपचार किया. दोनों के सिर, चेहरे तथा पैर सहित शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोटे आई है. दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया. सचिन लकड़ा ने बताया कि वे तीनों बजाज बाइक एन एस 200 बाइक पर सवार होकर पांडेपारा के अर्जुन उरांव से मिलने तथा उसका बाइक खरीदने के लिए बेड़ो आए थे. यहां से घर लौट के क्रम में मारुति कार से उनकी बाइक की टक्कर हो गई. बताया जाता है कि मारुति कार का पिछला हिस्सा और टायर का रिम बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. इससे पहले बाइक सवारी वह केशा मोड़ के पास भी गिरने से बाल बाल बचे थे. पुलिस ने बाइक को जब्त कर ली है.

### मध्य प्रदेश के सीएम ने कोडरमा व हजारीबाग में की भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभाएं

# राम मंदिर दिया, अब कृष्ण मंदिर की बारी : मोहन

- गठबंधन वाले खो चुके हैं अपना मानसिक संतुलन : अन्नपूर्णा देवी

प्रमुख संवाददाता। रांची/कोडरमा

लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक पारा अपने चरम पर है. झारखंड में स्टार प्रचारकों का आने का सिलसिला तेज हो चुका है. इस कड़ी में गुरुवार को मध्य प्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव ने कोडरमा के जयनगर प्रखंड के पिपचो स्थित मां गंगा पब्लिक स्कूल मैदान पहुंचे. उन्होंने कहा कि राम मंदिर आपने दे दिया है, अब कृष्ण मंदिर की बारी है.

**हेमंत सोरेन ने नौकरी बेचने का किया काम :** उन्होंने झारखंड की गठबंधन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार ने झारखंड में नौकरियों को बेचने का काम किया है. यादव भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि कोडरमा अभ्रख की धरती के नाम से जाना जाता है. यहां खनिज का भंडार है, फिर भी झारखंड के लोग पलायन करने पर मजबूर हैं. देश में फिर से भाजपा की सरकार बनती है और अन्नपूर्णा देवी चुनाव जीत कर दिल्ली पहुंचती हैं, तो हर जिले में रोजगार के अवसर खोले जाएंगे.

**देश को सर्वोच्च स्थान तक ले जाएंगे मोदी :** मोहन यादव ने कहा कि देश ने 56 ईंच के सीने वाले को प्रधानमंत्री बनाया है, ना खाएगा ना खाने देगा. आने वाले दिनों में फिर से नरेंद्र मोदी सत्ता में पहुंचेंगे, तो देश को सर्वोच्च स्थान तक ले जाएंगे. वहीं कोडरमा से भाजपा उम्मीदवार अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतारा है. चुनाव में गठबंधन वाले अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं.

## भाजपा जो कहती है, वो करती है



**हजारीबाग।** जयनगर प्रखंड के पिपचो पावर हाउस मैदान में गुरुवार को आयोजित भाजपा की चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो कहती है उसे करती है. जनता ने दस वर्षों में इसे देखा भी है. उन्होंने कहा कि जब देश का इतिहास लिखा जाएगा तो पीएम मोदी का नाम उसमें सुनहरे अक्षरों से लिखा जाएगा. सभा को छत्तीसगढ की विधायक गोमती सांई, जिप सदस्य कुमकुम देवी, केदारनाथ यादव, बटेश्वर मेहता, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश यादव, मनोहर मोदी, लोकसभा चुनाव प्रभारी सुरेंद्र भाई मोदी, पूर्व जिलाध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी, रमेश सिंह, रमेश हर्षधर, मंत्री सुधीर सिंह, सेवानिवृत डीएसपी रामशरण यादव, पोखराज राणा, मुरली यादव, मुखिया संजय साव, मीना साव, दीपक वर्णवाल, पूर्व मुखिया बाला लखेंद्र पासवान, मनोज दास, चंद्र शेखर जोशी, परसाबाद मंडल अध्यक्ष विजय राणा आदि ने भी संबोधित किया.

**वार्ता**

### आईआईटी-आईएसएम के नए निदेशक ने युवाओं को दिये सफलता के मंत्र

# युवाओं को बनाएंगे रोजगार देनेवाला : प्रो. सुकुमार

संवाददाता। धनबाद

आईआईटी आईएसएम के नए निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा ने कहा कि वे युवाओं को नौकरी करने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला और बांटने वाला बनाना चाहते हैं. उनकी कोशिशें भी इसी दिशा में सार्थक रूप से बढ़ेगी. कोयलांचल को उनकी और आईआईटी जैसे संस्थान की उपयोगिता का जरूर फायदा मिलेगा. कोयलांचल में कार्बन डाई आक्साइड और प्रदूषण की बढ़ती मात्रा को नियंत्रित करने की दिशा में शोध के कदम उठाए जाएंगे.



बता दें कि बुधवार को प्रो. सुकुमार मिश्रा ने धनबाद आईआईटी आइएसएम के निदेशक के तौर पर पदभार ग्रहण किया है. इस दौरान उन्होंने कहा कि आईआईटी के युवाओं को ऐसा बनाने का इरादा है कि वे न सिर्फ खुद, बल्कि दूसरों के लिए भी रोजगार सृजित करने का काम करेंगे. उन्होंने कोयलांचल में बढ़ते प्रदूषण पर भी विचार व्यक्त किए. कहा कि प्रदूषण का कारण सिर्फ कोयला नहीं है, बल्कि जलने वाला कोयला या अन्य ईंधन भी हैं. इनके कारण ही कार्बन डाई आक्साइड की मात्रा बढ़ती है. इसके लिए सीसीयूएस यानी कार्बन कैप्चर युटिलाइजेन प्रक्रिया अपनानी होगी.

उन्होंने युवाओं को कहा कि मेहनत के रास्ते ही कामयाबी की मंजिल पर पहुंचा जा सकता है. वार्ता के दौरान उनके साथ रजिस्ट्रार प्रमोद पांडेय और डीन रजनी सिंह मौजूद थीं.

**खास बात**

- कोयलांचल में सीओटू की बढ़ती मात्रा पर उठाए जाएंगे कदम

# ओरमांझी में यशस्विनी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

संवाददाता। ओरमांझी

रांची लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने गुरुवार को ओरमांझी प्रखंड क्षेत्र के मायापुर, सदमा, मंदरो, कुचु, चंद्रा, बारीडीह, कुटे, पांचा, डटमा, पांचा बाजार में मंडल अध्यक्ष रवि साहू के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाया. उन्होंने जनता को कांग्रेस के न्याय पत्र की जानकारी दी और कांग्रेस के पंजा छाप पर वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की. खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने प्रखंड क्षेत्र में लोगों से जनसंपर्क और कर कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को वोट देने की अपील की. जनसंपर्क के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व उप प्रमुख मुंतज़िर अहमद रजा, अशोक कुमार गुप्ता, तुलसी खरवार, विधायक के सलाहकार रमेश उरांव, जेएमएम के सचिव दिनेश महतो, रहीम अंसारी, तौहीद आलम, सफीउल्लाह अंसारी, हरिमोहन महतो, अब्दुर रसीद अंसारी आदि मौजूद थे.

# कैसा हो आपका सांसद

## युवक-युवतियों, बुद्धिजीवियों ने कहा

# मेरा सांसद बिकाऊ न हो



1. क्षेत्र की समस्याओं की उसे जानकारी हो
2. बिना भेदभाव के आधार पर काम करे
3. जन समस्याओं को संसद में प्रमुखता से रखे
4. मूलभूत सुविधाओं का जल्द समाधान करे

देश में इस समय लोकसभा चुनाव के लिए मतदान हो रहे हैं. झारखंड में चार चरणों में मतदान होना है. पहले चरण का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो चुका है. लोगों के बीच यह चर्चा जोरों पर है कि उनका सांसद कैसा हो. इस मामले में लोग अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं. हर क्षेत्र की अपनी अपनी समस्याएं हैं. उसके हिसाब से सभी अपने तर्क दे रहे हैं. पर ज्यादातर लोग यह मामते हैं कि मौजूदा समय में सांसद पूरी निष्ठा के साथ काम नहीं करते हैं. अपनी कुर्सी बचाने की खातिर बहुत सारे समझौते पर लेते हैं. इसलिए वे कहते हैं कि मेरा सांसद बिकाऊ नहीं हो. जो कहे उसे पूरा करे. वैसे उनका यह भी कहना है कि सांसद पढ़ा-लिखा तो होना ही चाहिए, उसे अपने क्षेत्र की समस्या की पूरी जानकारी होनी चाहिए. साथ ही संसद में जन समस्याओं को बुलंद करने की उनमें क्षमता होनी चाहिए. शुभम संदेश की टीम ने विभिन्न जिलों वुद्धिजीवियों युवक युवतियों से इस संबंध में बात की है. पेश है रिपोर्ट.

## बहरागोड़ा

### क्षेत्रीय समस्याओं के प्रति गंभीर और पारदर्शी हो : सुदीप बधुक



शिक्षार्थी सुदीप बधुक ने कहा कि जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र में हमारा सांसद वैसा होना चाहिए जो क्षेत्रीय समस्याओं के प्रति गंभीर हो और पूरी पारदर्शी के साथ विकास का कार्य कर पाए.साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ रही बेरोजगारी, शिक्षा, चिकित्सा, सड़क, पेयजल जैसे मूलभूत सुविधाओं की कमी को दूर कर पाए. साथ ही संसद में क्षेत्र की समस्याओं को रख सके जिससे कि धरातल पर सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंच सके.

### जनता की समस्या को सरकार तक पहुंचाने वाला होना चाहिए: संजय मंडल



संजय मंडल ने कहा कि एक अच्छा सांसद व होता है जो शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों की समस्याओं को सरकार तक पहुंच कर उसका निराकरण कर सके. साथ ही लोगों से संवाद कर उनकी समस्याओं को समझने और दूर करने का प्रयास करने वाला होना चाहिए. वहीं जनहित मुद्दों पर सांसद अपने आदर्श नीतियों के आधार पर सोच समझ कर निर्णय लेने वाला होना चाहिए.

### जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतार सके: सुकुमार सेन



विद्यार्थी सुकुमार सेन का कहना है कि हमारे जमशेदपुर का सांसद वैसे होना चाहिए जो केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतर सके. जिससे कि समाज में सभी वर्ग के लोगों को योजना का लाभ आसानी से मिल सके. सांसद ऐसा होना चाहिए जो न सिर्फ शहर बल्कि गांव के लोगों की पीड़ा को सुने और उसका निराकरण करें आज भी गांव में बेहतर सड़क, शिक्षा, चिकित्सा व पेयजल की समस्या है. इन सब का निराकरण जल्द कर सके.

## आदित्यपुर

### जनता की आवाज मजबूती के साथ रखे : गीता कुमारी



छात्रा गीता कुमारी का कहना है कि देश भर में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान हो रहा है. इस चुनाव में मैं भी पहली बार मतदान किया. ऐसे में हम जैसे छात्र और युवाओं को अपने सांसद चुनने की चुनौती है. मैं एक स्टूडेंट होने के नाते यह कहना चाहती हूं कि हमारे क्षेत्र का सांसद ऐसा होना चाहिए जो जन जन की आवाज को मजबूती के साथ संसद में रखें. ताकि क्षेत्र की जनता की आकांक्षा पूरी हो सके. हमें ऐसा सांसद नहीं चाहिए जो संसद में कभी कोई आवाज ही नहीं उठाता हो. हमें वैसा सांसद नहीं चाहिए जो सिर्फ और सिर्फ अमीरों की आवाज को ही संसद में उठाता हो. हमें ऐसा सांसद चाहिए जिसके पास हर व्यक्ति अपनी क्षेत्र की समस्या के समाधान के लिए आसानी से पहुंच सके.

### पैसे के लालच में गलत काम न करे : अंजलि कुमारी



छात्रा अंजलि कुमारी का कहना है कि 2024 में मैंने पहली वार वोट दिया. मैंने अपना वोट ऐसे सांसद को दिया जो आमजन की समस्याओं को संसद में रखने की काबिलियत रखता हो. मैंने इस बात को जेहन में रखकर वोट किया है कि हमारा सांसद बिकाऊ न हो. वह पैसे की लालच में पूंजीपतियों की आवाज न बने, उनके हित में कानून में संशोधन न करे. एक विद्यार्थी होने के नाते मैं कहना चाहती हूं कि आज भी देश के कई कानूनों में संशोधन की आवश्यकता है, जिसके चलते कुछ असामाजिक तत्व इसका लाभ उठा लेते हैं और आमजन को इंसाफ नहीं मिल पाता है. हमने अपना मत का प्रयोग साफ सुथरी छवि के व्यक्तित्व को दिया है.

## धनबाद

### छात्रों की परेशानी दूर करनेवाला हो: पूनम कुमारी



बीएसएस महिला कॉलेज सिक्स सेमेस्टर की छात्रा पूनम कुमारी ने कहा कि धनबाद का सांसद ऐसा हो जो छात्रों की भविष्य के बारे में सोचे.1932 खतियान आधारित आवासीय प्रमाण पत्र को लेकर छात्रों के साथ हो रही परेशानी पर विचार करे. क्योंकि कई ऐसे छात्र हैं, जिनके पास 1932 का खतियान नही होने के कारण कई सुविधाओ से वंचित हो जा रहे है. कॉलेज के आसपास पीने के पानी की व्यवस्था करे. जन समस्याओं पर विशेष ध्यान दे.

### सरकारी लाइब्रेरी की व्यवस्था कराए : मुस्कान



बीएसएस महिला कॉलेज सिक्स सेमेस्टर की छात्रा मुस्कान गोयल ने कहा कि धनबाद का सांसद ऐसा हो जो शिक्षा व्यवस्था को और दुरुस्त करे. छात्रों के लिए सरकारी लाइब्रेरी की व्यव्स्था कराए,जिसमें हर वह सुविधा उपलब्ध हो जो छात्राओं को होनी चाहिए .क्योकि प्राइवेट लाइब्रेरी में अधिक पैसे लगने के कारण कई ऐसे छात्र हैं, जो लाइब्रेरी की सुविधा से वंचित हो जाते हैं .फिलहाल धनबाद का लॉ एंड पूरी तरह बिगड़ चुका है. इसे दुरुस्त करे ,ताकि छात्र-छात्राएं बिना किसी भय के अपनी शिक्षा ग्रहण कर सके.

### छात्रों के लिए रोजगार की व्यवस्था करे :अदिति प्रताप



बीबीएमकेयू यूजी की छात्रा अदिति प्रताप ने कहा कि धनबाद का सांसद शिक्षित हो, बेरोजगार छात्रों के लिए रोजगार की व्यवस्था करे .बेरोजगार छात्रों को रोजगार के लिए पलायन न करना पड़े.साथ ही जिले की जन समस्याओं पर ध्यान दे. हम इस समय आधुनिकता की दौर से गुजर रहे हैं. इसलिए हमारे क्षेत्र का विकास उसी अनुरुप होना चाहिए. जो हमारे क्षेत्र के विकास और पहचान कायम कर सके हमें वैसा सांसद चाहिए.

### जिले में शिक्षा स्तर को बढ़ावा दे : शुभी बवेजा




बीबीएमकेयू की पास आउट छात्रा शुभी बवेजा ने कहा कि धनबाद का सांसद ऐसा हो जो जिले में शिक्षा स्तर को बढ़ावा दे ,ताकि छात्रों को पढ़ाई के लिए बाहर न जाना पड़े. साथ ही रोजगार पर विशेष ध्यान दे.क्योंकि छात्र अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार की तलाश में रहते हैं.वक्त रहते अगर रोजगार नहीं मिला तो छात्रों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है.

### धनबाद का विकास करने वाला हो : विमल



धनबाद कोर्ट के अधिवक्ता विमल कुमार ने कहा कि हमारा सांसद कर्मठ ,शिक्षित और धनबाद का विकास करने वाला हो.साथ ही वकीलों के लिए बीमा, कोर्ट परिसर में बैठने की सुविधा और एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करवाये. बार काउंसिलिंग के तहत वकीलों को जो फायदा मिलना चाहिए, उसे दिलवाने का काम करे.

### वकीलों को मूलभूत सुविधाएं लागू करवाए : अजय



अधिवक्ता अजय कुमार रॉय ने कहा वकीलों को बिहार के तर्ज पर सुविधा दिलवाए, जिसमें मेडिकल, फैमिली बीमा आदि शामिल है.उन्होंने कहा इन माँगो को लेकर लड़ाई भी लड़ी जा रही है. वकीलों के लिए गवर्मेंट बस की सुविधा भी होनी चाहिए. धनबाद की सड़क, बिजली, पानी की व्यवस्था में भी सुधार की जरूरत है. इलाज की व्यवस्था भी सुदृढ़ कराए, खासकर एसएनएमएमसीएच में स्थिति सुधारे.

### अधिवक्ताओं के लिए ग्रुप बीमा लागू करवाए : अमित



अधिवक्ता अमित भगत ने कहा धनबाद का सांसद ऊर्जावान हो, धनबाद का विकास करने की क्षमता रखने वाला हो और सेवा भावना के साथ-साथ जन समस्याओं का निराकरण भी करे. साथ ही वकीलों के लिए ग्रुप बीमा लागू करवाये, क्योंकि अधिवक्ता समाज के लिए काम करता है.

### रंगदारी पर नकेल कसने वाला हो : यदुनंदन



व्यवसायी यदुनंदन प्रसाद ने कहा कि धनबाद का सांसद ऐसा हो जो धनबाद में कानून-व्यवस्था को दुरुस्त करे. व्यवसाइयों को किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न् हो ताकि दुकानदार भयमुक्त होकर अपनी दुकानदारी कर सके. धनबाद में वर्षों से हो रही जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए फ़्लाईओवर बनवाये.

### दुकानदारों के लिए हो स्थाई व्यवस्था : चंदन



फुटपाथ दुकानदार चन्दन ने कहा कि धनबाद का सांसद ऐसा हो जो फुटपाथ दुकानदारों के लिए सहानुभूति रखे. दुकानदारों के लिए स्थाई दुकान की व्यवस्था करवाए ताकि नगर निगम द्वारा किये जा रहे अतिक्रमण से निजात मिले. शांति से अपने परिवार का भरणपोषण कर सके.

### स्वास्थ और शिक्षा में सुधार करे : पवन दास



फुटपाथ दुकानदार पवन दास ने कहा धनबाद का सांसद धनबाद का विकास करने वाला हो.जन समस्याओं के बारे में सोचे.स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार करे ताकि गरीब परिवार को राहत मिले. फुटपाथ दुकानदारों के रोजी-रोजगार के लिए उचित व्यवस्था करे.

## घाटशिला

### सांसद शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाला हो : जय सिंह




घाटशिला कॉलेज के छात्र जय सिंह ने कहा कि हमारा सांसद शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले हो. घाटशिला कॉलेज को छोड़कर आजादी के बाद से दूसरा कोई सरकारी कॉलेज यहां नहीं खुला . आज तक जितने भी सांसद हुए लगभग बाहरी सांसद ही बने. घाटशिला अनुमंडल क्षेत्र होने के कारण तकनीकी शिक्षा की काफी जरूरत है.

### समस्याओं का समाधान करे पलायन रोके : निर्मल कुमार




सक्सेस ट्यूटोरियल क्लासेस मैं प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे निर्मल कुमार ने कहा कि क्षेत्र के चार प्रखंड के लोग पलायन को मजबूर हैं . बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र पूरी तरह कृषि के लिए जाना जाता है. सिंचाई की ऐसी व्यवस्था नहीं होने से अधिकांश किसान एक ही फसल लगते हैं . इस तरह धालभूमगढ़ प्रखंड में शीलपर फैक्ट्री वर्षो से बंद है.

### जो सरकारी शिक्षण संस्थान खुलवाए : मंजू हांसदा



घाटशिला कॉलेज की छात्रा मंजू हांसदा ने कहा कि हमारा सांसद शिक्षा और तकनीक के क्षेत्र में सरकारी शिक्षण संस्थान खोलने का प्रयास करें. ताकि यहां के छात्र-छात्राएं डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, आईएएस, आईपीएस की तैयारी कर सके. आजादी के बाद से एक सरकारी कॉलेज को छोड़कर दूसरा कोई भी सरकारी शिक्षण संस्थान नहीं खुला है.

### जो शिक्षित हो और शिक्षा के क्षेत्र में काम करे : सुनीता



घाटशिला कॉलेज की छात्रा सुनीता मुर्मू ने कहा कि हमारा सांसद शिक्षित हो ताकि शिक्षा के क्षेत्र में काम कर सके आज तक जो भी सांसद रहे कभी भी शिक्षण संस्थान खोलने की दिशा में पहल नहीं की. रोजगार के लिए भी किसी ने कोई पहल नहीं की . इसके करण यहां के अधिकांश मध्यम वर्गीय परिवार के युवा वर्ग उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं.


## चक्रधरपुर

### शिक्षित होना चाहिए हमारा सांसद: निभा कुमारी



चक्रधरपुर के जवाहरलाल नेहरू कॉलेज की छात्रा निभा कुमारी ने कहा कि एक सांसद अपने क्षेत्र की समस्याओं को संसद में जनता की आवाज बनकर उठाता है. इसलिए सांसद को शिक्षित होना चाहिए. ताकि वे क्षेत्र की समस्याओं को चिह्नित कर निपटारा कर सकें. अगर सांसद शिक्षित होंगे तो वे युवाओं के भविष्य व शिक्षा के बारे में भी सोचेंगे.

### विकास कार्य को प्राथमिकता देने वाला हो :ज्योति कुमारी



चक्रधरपुर की छात्रा ज्योति कुमारी ने कहा कि सांसद विकास कार्य को प्राथमिकता देने वाला होना चाहिए. क्षेत्र से आए दिन तेजी से पलायन हो रहा है. पढ़े-लिखे युवा नौकरी के लिए दूसरे राज्य में दर दर भटक रहे हैं. जिस तरीके से हम अपना बहुमूल्य वोट देकर सांसद का चयन करते हैं उसी तरह जनता के वोट से चुने गए सांसद को अपने विकास कार्य पर ध्यान देना चाहिए.


## बोकारो

### शिक्षा,रोजगार,नियोजन की जो करे बात : जूही रानी



बोकारो जिले के कसमार प्रखंड की बगदा निवासी छात्रा जूही रानी ने कहा कि हमारा सांसद ऐसा हो जो युवक युवतियों की शिक्षा के साथ साथ जो नियोजन एवं स्थाई रोजी रोजगार की बात करे. साथ ही युवाओं के भटकाव एवं पलायन को रोकने के लिए केंद्र सरकार से मिलकर नियोजन नीति बना सके, ताकि शिक्षा के बाद युवाओं को रोजगार की गारंटी मिले.


### जो महिलाओं के विकास को प्राथमिकता दे : पूजा कुमारी



बोकारो जिले की कसमार की छात्रा पूजा कुमारी ने कहा कि हमारा सांसद ऐसा हो जो महिलाओं के विकास को प्राथमिकता दे. साथ ही पढ़ी लिखी व हुनरमंद महिलाओं व युवतियों के लिए रोजगारपरक शिक्षा एवं प्रशिक्षण देने की बात करे. उन्होंने कहा कि देश में आधी आबादी महिलाओं की है, लेकिन शिक्षा व रोजगार के मामले में अभी भी समाज में समानता नहीं है.

## लातेहार

### क्षेत्र की जनता से भावनात्मक लगाव हो उसका : सुधा सिंह




अंबाकोठी, लातेहार की सुधा सिंह ने कहा कि सांसद सर्व सुलभ होना चाहिए. क्षेत्र की जनता से उसका भावनात्मक लगाव होना चाहिए. सांसद ऐसा हो जो सबों के दुख और सुख में साथ रह सके. क्षेत्र की समस्याओं को दिल्ली तक पहुंचा सके और उसका निराकरण कर सके. क्षेत्र में बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क व अन्य मूलभूत सुविधाओं को बहाल कराने की दिशा में प्रयासरत रहे. सांसद को आम आवाम के विश्वास पर खरा उतरना चाहिए.

### उच्च शिक्षा के लिए गंभीर हो नए कॉलेज खुलवाए : दीपा



स्टेशन रोड की दीपा ने कहा लातेहार जिला उच्च शिक्षा के क्षेत्र में काफी पिछड़ा है. यहां उच्च शिक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है. दो-दो डिग्री कॉलेज भवन का उदघाटन हो चुका है, लेकिन अभी तक उसमें पढ़ाई शुरू नहीं हो पायी है. सांसद ऐसा हो जो क्षेत्र में उच्च शिक्षा के प्रति गंभीर हो. इन कॉलेजों को चालू करा सके, ताकि यहां के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए अन्यत्र भटकना नहीं पड़े. वैसे भी लातेहार एक गरीब जिला है. सब के पास इतनी सामर्थ्य नहीं है कि वे बाहर जा कर पढ़ सकें.

### सब के सुख दुख में साथ रहे कारखाने लगवाए : निशि रानी



सदर प्रखंड के केड़ ग्राम की और फर्स्ट वोटर निशि रानी ने कहा कि सांसद ऐसा होना चाहिए, जो सबों के सुख व दुख में साथ रहे. लातेहार में प्रचुर मात्रा में खनिज संपदा हैं, लेकिन अभी तक कोई कल कारखाना नहीं लग सका है. सांसद ऐसा हो जो क्षेत्र में कल कारखना लगाने की दिशा में प्रयासरत हो. इसके अलावा सांसद को लोगों के बीच रहना चाहिए. स्थानीय सांसद हो तो और भी अच्छा हो. स्थानीय होने से उसे क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी होगी.

### क्षेत्र का विकास करने वाला हो हमारा सांसद: अलिशा



लातेहार की अलिशा ठाकुर ने कहा कि सांसद क्षेत्र के विकास के प्रति गंभीर होना चाहिए. क्षेत्र में रोजगार, पलायन व गरीबी समेंत कई समस्यायें हैं. यहां के किसान सिर्फ मॉनसून पर ही निर्भर हैं. क्षेत्र में सिंचाई की समुचित व्यवस्था नहीं है. वैसे भी पिछले कई वर्षो से क्षेत्र मे सूखाड़ के हालात हैं. ऐसे में सांसद ऐसा हो जो किसानों के लिए कुछ कर सके. इसके अलावा क्षेत्र में बेरोजगारी बहुत है. युवाओं की एक बड़ी फौज बेरोजगार हैं. उन्हें रोजगार से जोड़ना आवश्यक है. इसके लिए भी प्रयास होना चाहिए.

## गंभीर चिंता का विषय

राजनीतिक दलों और लोकतंत्र के अनुरागियों के लिए यह गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए कि आखिर चरण-दर-चरण मतदान में कमी क्यों देखी जाती रही है. निश्चित रूप से मतदान प्रतिशत में कमी चुनाव आयोग के लिए भी मंथन का विषय होना चाहिए. अब तक हुए चार चरणों में हुए मतदान के प्रतिशत में पिछले आम चुनाव के मुकाबले कमी देखी गई है. इस कमी के रुझान ने सत्ता के आकांक्षी राजनीतिक दलों की नींद उड़ायी है. हालांकि, सत्ता पक्ष व विपक्ष मतदान में कमी की अपनी सुविधा से व्याख्या कर रहे हैं. सत्ता पक्ष के नेता कह रहे हैं कि वोट विपक्षी दलों के घटे हैं. वहीं विपक्ष इसकी व्याख्या सत्ता पक्ष से मोहभंग के रूप में कर रहा है. कुछ लोग मतदान में कमी की वजह गर्मी व प्रतिकूल मौसम को बता रहे हैं. तो कुछ लोग कह रहे हैं, जब पहले ही कहा जा रहा था कि अबकी बार फलां आंकड़ा पार तो फिर ज्यादा मतदान की क्या आवश्यकता है. बहरहाल, मतदान में कमी को राजनेताओं के प्रति घटते विश्वास के रूप में भी देखा जाना चाहिए. दरअसल, कथनी-करनी के फर्क से जनता राजनेताओं से इतनी खिन्न हो चुकी है कि वह नेताओं के वायदों-इरादों पर विश्वास करने से गुरेज करती है. बार-बार छलने से उसका राजनेताओं से मोहभंग होता जा रहा है. दरअसल, सत्ता केंद्रित राजनीति के चलते सत्ता के दंभ से लेकर दल-बदल और सरकारें बनाने-गिराने के खेल से देश का जनमानस व्यथित है. आये दिन लगने वाले आरोप-प्रत्यारोप व नकारात्मक राजनीतिक हथकंडों ने बार-बार जनता का मोह भंग ही किया है. उसे लगता है कि क्या मेरे मतदान कुछ बदलेगा भी? एक राजनेता एक बार किसी दल से चुनाव लड़ता है और फिर पाला बदलकर दूसरे दल में चला जाता है, उससे क्या लोकतंत्र का भला होगा? ऐसे ही कई सवाल मतदाता को आये दिन हैरान-परेशान करते रहते हैं, जिसका असर कालांतर में मतदान प्रतिशत पर भी पड़ता है. बहरहाल, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के बाद हुए पहले मतदान में प्रतिशत का अधिक रहना सुखद ही है. जो घाटी के लोगों के लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विश्वास बढ़ने को दर्शाता है. कालांतर में ये इस केंद्रशासित प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलवाने और यथाशीघ्र विधानसभा चुनाव करवाने का मार्ग भी प्रशस्त करेगा. बहरहाल, पूरे देश में चुनाव प्रतिशत में कमी के रुझान पर चुनाव आयोग को भी गंभीर मंथन करना चाहिए कि मतदान बढ़ाने के लिए देशव्यापी अभियान चलाने के बावजूद वोटिंग अपेक्षाओं के अनुरूप क्यों नहीं हो पायी. वहीं राजनीतिक दलों को भी आत्ममंथन करना चाहिए कि मतदाता के मोहभंग की वजह क्या है. उन्हें अपनी रीतियों-नीतियों तथा घोषणापत्रों की हकीकत को महसूस करना होगा. आंध्र प्रदेश की वे घटनाएं विचलित करती हैं, जिसमें कुछ मतदाताओं ने मतदान की पूर्व संध्या पर हंगामा किया कि उन्हें वोट के बदले मिलने वाले रुपये कम मिले या नहीं मिले. इसी तरह आंध्र प्रदेश में ही एक रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने वोट के बदले कॉलोनी के लिए जनरेटर आदि की मांग की. निस्संदेह, बेशकीमती वोट की ऐसी सौदेबाजी भी हमारी गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए.

> दरअसल, सत्ता केंद्रित राजनीति के चलते सत्ता के दंभ से लेकर दल-बदल और सरकारें बनाने-गिराने के खेल से देश का जनमानस व्यथित है.

### सुभाषित

**कुत्र विधेयो यत्नः विद्याभ्यासे सदौषधे दाने।**
**अवधीरणा क्व कार्या खलपरयोषित्परधनेषु॥**

यत्न किस के लिए करना चाहिए? विद्याभ्यास, सदौषध और परोपकार के लिए. अनादर किसका करना चाहिए? दुर्जन, परायी स्त्री और परधन का. आशय यह है कि विद्या, अच्छी औषधि और दूसरों की भलाई के लिए यत्न करना चाहिए और दुष्टों, परायी नारियों तथा दूसरे के धन का अनादर करना चाहिए.

# भावी सरकार और राजनीतिक परिदृश्य

**इंडिया गठबंधन की अब तक हुई बैठकों से यह तय नहीं हो पाया कि अगर इंडिया गठबंधन को देश की जनता बहुमत देती है, तब देश के अगला प्रधानमंत्री किस पार्टी का नेता होगा? इस मुद्दे पर अभी तक निर्णय नहीं हो पाया है. इंडिया गठबंधन में शामिल नेताओं का मत था कि सर्वप्रथम हम सब मिलजुलकर एनडीए को सत्ता से बेदखल करना है. इस निमित्त एक होकर मिलजुलकर चुनाव लड़ना है. इंडिया गठबंधन में कांग्रेस पार्टी एक बड़ी पार्टी के रूप में शामिल है.**




2024 का लोकसभा चुनाव अब अपने अंतिम चरण की ओर बहुत ही तेजी के साथ आगे बढ़ता चला जा रहा है. एनडीए और इंडिया गठबंधन दोनों ने इस लोकसभा चुनाव में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है. एनडीए ओर इंडिया गठबंधन के तमाम नेता गण चुनाव प्रचार में जी-जान से जुटे हुए है. 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में 2024 के चुनाव में ज्यादा रोड शो और चुनावी सभाएं हो रही हैं. दोनों ओर से जीत के दावे किए जा रहे हैं. एनडीए और इंडिया गठबंधन के नेतागण देश की जनता को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए एक से बढ़कर एक लोक लुभावनी घोषणाएं करते जा रहे हैं. चुनाव जीतने के बाद जनता से किए गए वादे कितने पूरे हो पाएंगे, यह तो समय ही बताएगा. देश की जनता इन लोक लुभावनी घोषणाओं से कितना प्रभावित हो पाती हैं? यह परिणाम आने के बाद ही पता चल पाएगा. यह तय है कि चुनाव परिणाम आने के बाद एनडीए और इंडिया गठबंधन में किसी एक गठबंधन की ही सरकार बनेगी. अगर एनडीए की सरकार बनती है, तबके राजनीतिक परिदृश्य क्या उभर कर सामने आएंगे? इस चुनाव में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है, तबका राजनीतिक परिदृश्य कैसा होगा? अर्थात 2024 के लोकसभा चुनाव में एनडीए और 'इंडिया' गठबंधन की बनने वाली सरकार से उभरते राजनीतिक परिदृश्य पर विचार करना समय का तकाजा है.

एनडीए ने इस लोकसभा चुनाव में चार सौ पार सीटें जीतने का दावा किया है. एनडीए का यह दावा कितना सच अथवा झूठ साबित हो पाता है? स्पष्ट होने में अब ज़्यादा दिन शेष नहीं बचे हैं. ईवीएम मशीनों में ये दावे बंद होते चले जा रहे हैं. एनडीए मोदी की गारंटी पर यह चुनाव लड़ रहा है. भाजपा अपने चुनाव प्रचार में हर ओर मोदी की गारंटी का दावा कर रही हैं. अगर 2024 के लोकसभा चुनाव में एनडीए को बहुमत आता है, तब नरेंद्र मोदी ही देश के प्रधानमंत्री होंगे. कैबिनेट मंत्रिमंडल में कुछ नए लोग जरूर शामिल होंगे, किन्तु प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और रक्षा मंत्री के पद पूर्व के ही नेता गण शपथ ग्रहण करेंगे, ऐसा समझा जा सकता है. एनडीए की सरकार अपने पुराने राष्ट्रवादी एजेंडे को ही लेकर आगे बढ़ेगी. ऐसी संभावना है. इसमें किसी भी तरह की कोई मतभिन्नता दिखाई नहीं पड़ती है. वहीं दूसरी ओर अगर 2024 के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को बहुमत मिलता है, तब इस जीत के बाद देश में राजनीतिक परिदृश्य किस रूप में उभरेगा? सर्वविदित है कि इंडिया गठबंधन का गठन एनडीए को 2024 के लोकसभा चुनाव में हराने के लिए हुआ. इंडिया गठबंधन में शामिल सभी नेता एनडीए को पुनः देश की सत्ता नहीं सौंपने के लिए कृत संकल्प हैं. कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे चुनावी मंचों पर साफ कह रहे हैं कि इस बार देश में मोदी की सरकार नहीं बनेगी.

• देश-काल




विजय केसरी

2024 के लोकसभा सभा चुनाव में एनडीए की हार हो जाती है और इंडिया गठबंधन की जीत हो जाती है. तब इंडिया गठबंधन में अगले प्रधानमंत्री को लेकर विवाद उठना तय है. इंडिया गठबंधन के लिए वह समय राजनीतिक तौर पर मुश्किल भरा होगा. इंडिया गठबंधन की अब तक हुई बैठकों से यह तय नहीं हो पाया कि अगर इंडिया गठबंधन को देश की जनता बहुमत देती है, तब देश के अगला प्रधानमंत्री किस पार्टी का नेता होगा? इस मुद्दे पर अभी तक निर्णय नहीं हो पाया है. इंडिया गठबंधन में शामिल नेताओं का मत था कि सर्वप्रथम हम सब मिलजुलकर एनडीए को सत्ता से बेदखल करना है. इस निमित्त एक होकर मिलजुलकर चुनाव लड़ना है. इंडिया गठबंधन में कांग्रेस पार्टी एक बड़ी पार्टी के रूप में शामिल है. कांग्रेस पार्टी एक राष्ट्रीय पार्टी है. 2024 के लोकसभा चुनाव में सबसे अधिक सीटों पर कांग्रेस पार्टी ही चुनाव लड़ रही है. स्वाभाविक है कि सबसे अधिक सीटें कांग्रेस पार्टी को ही आएंगी. इंडिया गठबंधन में टीएमसी, सीपीआईएम, डीएमके, आम आदमी पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल, समाजवादी पार्टी, नेशनल कांफ्रेंस, पीपीडी, आरएलडी, सीपीआई(एमएल), इंडियन मुस्लिम लीग, केरल कांग्रेस (एम), मनीथानेया मक्कल कांची (ए.एम.के.) वीसीके, आरएसपी, केरल कांग्रेस, केएमडीके, एआईएफबी, अपना दल कमेरावादी, पीजेंट्स और वर्कर पार्टी ऑल इंडिया सहित कई अन्य दल भी शामिल हैं.

इंडिया गठबंधन में टीएमसी शामिल जरूर है, लेकिन पश्चिम बंगाल में टीएमसी और कांग्रेस पार्टी एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं. वही पंजाब में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं. उत्तर प्रदेश, जहां लोकसभा की सबसे अधिक सीटें हैं, वहां इंडिया गठबंधन की एकता जरूर दिख रही है. इंडिया गठबंधन के नेताओं को उम्मीद है कि इस बार के चुनाव में एनडीए को करारी शिकस्त देंगे. एनडीए को सत्ता में दूर करने के लिए ये नेता गण एक मंच पर जरूर आ गए हैं, लेकिन सबों को गठबंधन धर्म को निभाना भारी पड़ेगा. अगर इंडिया गठबंधन को 2024 के लोकसभा चुनाव में बहुमत मिलता है, तब गठबंधन का कौन नेता अगला प्रधानमंत्री कौन होगा, इसपर एक राय बनाना आसान नहीं होगा. किसी एक नेता को प्रधानमंत्री रूप में चयन कर लेते हैं, तब मंत्रिमंडल गठन करना भी आसान नहीं होगा. सभी पार्टियां अपनी-अपनी सीट के हिसाब से मंत्रिमंडल में जगह चाहेंगी. इंडिया गठबंधन के समक्ष ऐसी कई क्रिटिकल राजनीतिक स्थितियां उत्पन्न होती रहेंगी.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## नश्वरता का बोध

एक धनवान व्यक्ति था, बडा विलासी था. हर समय उसके मन में भोग विलास सुरा-सुंदरी के विचार ही छाए रहते थे.प्रारंभ में तो वे विचार उसे सुख देते रहे, लेकिन एक समय ऐसा आ गया, जब उसे अपने आप से चिढ़ होने लगी, लेकिन उससे उबरने का कोई उपाय समझ में नहीं आ रहा था. वह खुद भी इन विचारों से त्रस्त होता जा रहा था, पर आदत से लाचार, वे विचार उसे छोड ही नहीं रहे थे. उसने अपने ढंग से बहुत सारी कोशिशें कीं, लेकिन सारी कोशिशें नाकाम साबित हुईं और वह वैसे ही विचारों के दलदल में दिनोदिन धंसता चला गया. एक दिन अचानक किसी संत से उसका सम्पर्क हुआ. वह संत से उक्त अशुभ विचारों से मुक्ति दिलाने की प्रार्थना करने लगा. उसने उनके पांव पकड़ कर रोते हुए बोला- महाराज, किसी तरह इस संकट से मुझे उबारिये, क्योंकि विलासी विचारों के कारण मेरा जीवन निरर्थक होता जा रहा है. मैं चाह कर भी कुछ कर नहीं पा रहा हूं. संत ने कहा- एक मनुष्य यदि ईमानदारी से कोशिश करे तो उसे कामयाबी जरूर मिल जाती है. तुम अगर उबरना चाहते हो तो मैं तुम्हें उबारूंगा, लेकिन पहले अपना हाथ दिखाओ. हाथ देखकर संत भी चिंता में पड गये. संत बोले- बुरे विचारों से मैं तुम्हारा पिंड तो छुडा देता, पर तुम्हारे पास समय बहुत ही कम है. आज से ठीक एक माह बाद तुम्हारी मृत्यु निश्चित है, इतने कम समय में तुम्हे कुत्सित विचारों से निजात कैसे दिला सकता हूं. और फ़िर तुम्हें भी तो तुम्हारी तैयारियां करनी होगी.

वह व्यक्ति चिंता में डूब गया. अब क्या होगा, चलो समय रहते यह मालूम तो हुआ कि मेरे पास समय कम है. वह घर और व्यवसाय को व्यवस्थित व नियोजित करने में लग गया. परलोक के लिए पुण्य अर्जन की योजनाएं बनाने लगा कि कदाचित परलोक हो तो पुण्य काम में आयेगा. वह सभी से अच्छा व्यवहार करने लगा. जब एक दिन शेष रहा तो उसने विचार किया, चलो एक बार संत के दर्शन कर लें. संत ने देखते ही कहा 'बडे शान्त नजर आ रहे हो, जबकि मात्र एक दिन शेष है'. अच्छा बताओ क्या इस अवधि में कोई सुरा-सुंदरी की योजना बनी? व्यक्ति का उत्तर था, महाराज जब मृत्यु समक्ष हो तो विलास कैसा? संत हंस दिये और कहा- वत्स, अशुभ चिंतन से दूर रहने का मात्र एक ही उपाय है "मृत्यु निश्चित है यह चिंतन सदैव सम्मुख रखना चाहिए और उसी ध्येय से प्रत्येक क्षण का सदुपयोग करना चाहिए".

# फेक लाइक्स और फॉलोअर्स का खेल

• सोशल मीडिया

डॉ. शशांक द्विवेदी

इंटरनेट की वजह से पूरी दुनिया ग्लोबल विलेज में तब्दील हो गयी है. ऐसे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स दुनियाभर के लोगों को आपस में जोड़ने का काम कर रहे हैं. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की लोकप्रियता और यूजर्स के एक्टिव होने की दर पिछले कुछ सालों में लगातार बढ़ी है. ऐसे में पिछले कुछ वर्षों में सोशल मीडिया पर इन्फ्लुएंसर्स की बाढ़-सी आ गई है. मगर इन सबके बीच बड़े पैमाने पर नकली फालोअर्स वाले इन्फ्लुएंसर्स का बहुत बड़ा खेल हो रहा है, जिससे आम लोग अपना नुकसान कर बैठते हैं. पिछले दिनों इंग्लैड के पोर्ट्समाउथ विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने एक शोध में पाया कि धोखेबाज अपने फर्जी सामानों को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की पॉपुलैरिटी और भरोसे का फायदा उठा रहे हैं, जिससे कस्टमर्स नकली प्रोडक्ट खरीद बैठते हैं. रिपोर्ट के अनुसार, सोशल मीडिया पर सक्रिय 16-60 साल की उम्र के लगभग 22 प्रतिशत कस्टमर्स ने इन्फ्लुएंसर्स के द्वारा प्रमोट किए गए सामान खरीदे, जो नकली थे. 'बहुत सी कंपनियां ऐसी भी हैं, जो किसी इन्फ्लुएंसर को कहती हैं कि आप हमारे फलां प्रोडक्ट का अपने वीडियो में जिक्र करके उसको खरीदने का लिंक डाल दीजिए. अब फेक फॉलोअर्स वाले इन्फ्लुएंसर्स पैसे के लिए बिना प्रोडक्ट को प्रयोग किए प्रमोट करते हैं और बाद में ग्राहकों को पता चलता है कि वह आइटम या तो नकली है या खराब क्वालिटी का है. दरअसल, बड़ी सोशल मीडिया कंपनियां धांधली रोकने में नाकाम रही हैं. दूसरे नेटवर्क की तुलना में ट्विटर ने ज्यादा फेक अकाउंट पहचाने और हटाए. ट्विटर ने खरीदे गए आधे लाइक और रिट्वीट हटाए. अविश्वसनीय कंटेंट हटाने के मामले में यूट्यूब सबसे खराब पाई गई. फेसबुक फर्जी अकाउंट बनाने और ब्लॉक करने में सबसे अच्छा साबित हुआ, लेकिन उसने फर्जी कंटेंट बहुत कम हटाया. इंस्टाग्राम में गड़बड़ी करना सबसे आसान और सस्ता रहा. सच तो यह है कि फर्जीवाड़ा करने वाले लोग बड़ा पैसा कमाते हैं. धांधली करने वाले ये लोग मेजर प्लेटफॉर्म पर खुलेआम अपने विज्ञापन करते हैं. सोशल मीडिया पर लाखों पोस्ट को प्रभावित किया गया. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पेड प्रमोशन के जरिये इन सेलिब्रिटीज की खूब कमाई होती है. लोग अपना ज्यादा से ज्यादा समय मोबाइल की स्क्रीन पर बिताते हैं. इनमें से ज्यादातर योगदान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बिताए गए समय का होता है. ऐसे में अक्सर हम फेसबुक या इंस्टाग्राम स्क्रॉल करते समय कोई ऐड देख लेते हैं. विज्ञापन में दिखाए गए प्रोडक्ट्स को देखकर कभी-कभी उस प्रोडक्ट के बारे में और भी ज्यादा जानने की इच्छा होती है. डिजिटल एडवर्टिजमेंट पूरी तरह से इसी पर टिका हुआ होता है. सोशल मीडिया या अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दिखाए जाने वाले एडवर्टिजमेंट के जरिये भी हम प्रोडक्ट्स खरीदने के लिए तत्पर होते हैं. एक रिपोर्ट के मुताबिक , भारत में करीब आठ करोड़ सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं. तकनीकी विशेषज्ञों के अनुसार , इसमें तेजी से इजाफा हो रहा है. लेकिन चिंता की बात यह है कि इस तेजी के पीछे फेक फॉलोअर्स और व्यूज का चलन भी तेजी से बढ़ रहा है. नए-नए लोग जल्दी से बड़ा बनने के चक्कर में पैसे देकर अपने फॉलोअर्स बढ़ाते हैं. सच बात यह है कि आज जो लोग इन्फ्लुएंसर हैं, उसमें से करीब 10 प्रतिशत ही अपनी मेहनत से बिना प्रमोशन का पैसा दिये यहां तक पहुंचे हैं. ये वे इन्फ्लुएंसर हैं, जो पुराने समय से अब तक जगह बनाए हुए हैं, उस दौर में कंटेंट से ही लोग फॉलोअर बढ़ा सकते थे. बचे 90 प्रतिशत में से 40 से 45 प्रतिशत वे लोग हैं, जो जिस साइट पर होते हैं, उसी पर अपना प्रमोशन करते हैं और फॉलोअर्स बढ़ाते हैं. लेकिन बाकी जो 45-50 प्रतिशत इन्फ्लुएंसर कहलाते हैं, तो कहीं न कहीं फेक फालोअर्स, लाइक्स और व्यूज को खरीदते हैं. दरअसल हर कोई जल्दी इन्फ्लुएंसर बनना चाहता है. चाहते हैं, किसी तरह मोनेटाइजेशन हो जाए, हमें बड़ी कंपनियां अपने ब्रैंड प्रमोशन के लिए कॉल करें. दूसरे, वे लोग हैं जो फेमस हैं, लेकिन कोई प्रतियोगिता में उनसे आगे है तो उनसे भी आगे निकलने के लिए वे फेक फॉलोअर्स, लाइक या व्यूज खरीदते हैं. इससे आम लोगों का बड़ा नुकसान हो जाता है. रिपोर्ट ने सोशल मीडिया नेटवर्क पर क्लिक, लाइक और कॉमेंट बेचने वाली कंपनियों के सामने इंटरनेट कंपनियों की कमजोरी पर एक बार फिर लोगों का ध्यान खींचा है. सोशल नेटवर्क के सॉफ्टवेयर सबसे अधिक लोकप्रिय पोस्ट को प्राथमिकता देते हैं. इससे पैसा देकर जनरेट की गई गतिविधि को प्रमुख स्थान मिलता है. पैसे वाले लोग या कथित बड़े सेलिब्रिटी फेक फॉलोअर्स के खेल का बड़ा हिस्सा हैं.

> एक रिपोर्ट के मुताबिक , भारत में करीब आठ करोड़ सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं. तकनीकी विशेषज्ञों के अनुसार , इसमें तेजी से इजाफा हो रहा है. लेकिन चिंता की बात यह है कि इस तेजी के पीछे फेक फॉलोअर्स और व्यूज का चलन भी तेजी से बढ़ रहा है. नए-नए लोग जल्दी से बड़ा बनने के चक्कर में पैसे देकर अपने फॉलोअर्स बढ़ाते हैं.

# एक ही कार्य बार-बार करने की बाध्यता

• मनोविज्ञान

रेनू गहलोत राय

शारीरिक रोग कई प्रकार के होते हैं जैसे बुखार आना पेट में दर्द होना सिर में दर्द होना सर्दी जुकाम या अन्य बीमारियां. ठीक इसी प्रकार मानसिक रोग भी कई प्रकार के होते हैं. शारीरिक रूप से अस्वस्थ होने पर हम डॉक्टर के पास जाते हैं, किंतु जब बात मानसिक रोगों के इलाज की आती है हम पीछे हट जाते हैं कि लोग क्या कहेंगे? हम पागल हैं क्या? मानसिक स्थितियों में परिवर्तन पागलपन नहीं है. यह किसी के साथ कभी भी, कहीं भी हो सकता है. यहीं पर सबसे बड़ी गलती हो रही होती है. किसी भी मानसिक रोग को छुपाना उसे दबा के रखना भयंकर रूप ले लेता है. स्थिति जब क्रॉनिक हो जाती है, तब आप इलाज के बारे में सोचते हैं. कुछ बीमारियां ऐसी हैं, जिनमें व्यक्ति को स्वयं भी पता नहीं होता कि वह मानसिक रूप से बीमार है. जैसे कई बार आपने कुछ व्यक्तियों को देखा होगा जो एक ही कार्य को बार-बार करते रहते हैं. जैसे कि हाथ धोना सामान्य व्यक्ति हाथ को एक से दो बार धो कर संतुष्ट हो जाता है, किंतु कुछ व्यक्तियों में ज्यादातर महिलाओं में यह बीमारी देखी जाती है कि वे हाथ को इतनी बार और तबतक धोती रहती हैं, जब तक पानी समाप्त न हो जाए. साफ सफाई सभी पसंद करते हैं, किंतु साफ-सफाई में सारा दिन लगे रहना, जिससे घर के अन्य सदस्य परेशान होने लगें तो यह समझने में देर नहीं करनी चाहिए कि व्यक्ति मानसिक अस्वस्थता के कारण ऐसा कर रहा है. इस मनोविकार में व्यक्ति मानसिक रूप से परेशान रहता है. उसे हमेशा चिंता बनी रहती है कि यहां गंदगी है या उसके शरीर में कुछ लग गया है और वह इससे परेशान होकर अपने आपमें ही घुटता रहता है. ऐसे व्यक्ति घर या घर के बाहर खाना खाने से भी परहेज करने लगते हैं. उनके मन में यह विचार आता है कि खाना को किस तरह से बनाया गया है. अच्छे से धोया गया है कि नहीं. इस मनोविकार को ऑब्सेसिव कंपल्सिव डिसऑर्डर (ओसीडी) कहते हैं. विचार बाध्यता (ऑब्सेशन) तथा (कंपल्शन) क्रिया-बाध्यता होते हैं. विचार बाध्यता का अर्थ यह है कि रोगी के मन में कुछ ऐसे विचार उठते हैं, जिन्हें वह निरर्थक, बेतुका, अविवेकी तथा असंगत समझता है, फिर भी उसे उन विचारों से छुटकारा नहीं मिल पाता है. क्रिया बाध्यता का अर्थ यह है कि व्यक्ति ऐसे कार्यों या क्रियाओं को भी बार-बार दोहराने के लिए बाध्य होता है, जिन्हें वह निरर्थक, बेतुका, अविवेकी तथा असंगत समझता है. इस मानसिक बीमारी में व्यक्ति अपने किए गए कार्य पर बार-बार संदेह करता है और उसकी जांच करने पर उसका संदेह दूर नहीं होता है. जैसे रोगी जब अपने मकान का दरवाजा बंद करके अपने बिस्तर पर सोने के लिए जाता है तो उसे संदेह होता है कि शायद दरवाजा खुला ही रह गया. वह इसकी जांच तब तक करता है, जब तक कि वह थक कर सो नहीं जाता. इस बीमारी में कभी-कभी मनोरोगी को यह लगता है कि उसकी चाय में कुछ गिर गया है. वह चाय पीने के पहले उसे कप में बार-बार डालकर उसकी जांच करता है. कभी-कभी कुछ लोग ऐसे होते हैं, जिन्हें वस्तुओं की गिनती करने की बाध्यता पाई जाती है. पेड़ों की गिनती करना, बिजली के पोल की गिनती करना, रात भर अपने पैसों की गिनती करना इत्यादि व्यवहार देखे जा सकते हैं. बाध्यता के कुछ रोगियों में हाथ धोने की बाध्यता, वस्तुओं को धोने की बाध्यता, स्थान धोने की बाध्यता आदि लक्षण देखे जाते हैं. इस बीमारी के भिन्न-भिन्न कारण है. हमारे अचेतन मन में कभी-कभी कुछ द्वंद्व या कुंठा दब जाती है, जो बाद में जाकर भयंकर मानसिक बीमारियों का रूप ले लेती है. आघात जनक अनुभूति कभी-कभी इसका कारण हो सकती है. अनेक प्रकार के मनोवैज्ञानिक कारण है, जिससे यह रोग प्रभावित होता है. कभी-कभी इस रोग के कारण व्यक्ति को अवसाद या डिप्रेशन हो जाता है. व्यक्ति ऐसा सोचने लगता है कि इस बीमारी के कारण से मैं तो परेशान हूं, साथ ही मेरे परिवार के सभी लोग परेशान हैं. इस कारण से वह आत्महत्या करने तक की सोचने लगता है. इस बीमारी के चलते बहुत से लोग परेशान होते हैं. उन्हें पता भी नहीं होता कि वह किसी मानसिक बीमारी से पीड़ित हैं. ऐसा अगर आप कहीं भी देखते हैं तो उन्हें मनोवैज्ञानिक या मनोचिकित्सक के पास जाने की सलाह दें .यह बीमारी ठीक हो सकती है. गंभीर अवस्था में दवा और मनोचिकित्सा से इसका उपचार किया जाता है. एक्स्पोज़र रिस्पांस प्रिवेंशन के माध्यम से अनचाहे कार्य या अनचाहे विचार को कैसे रोकें, यह सिखाया जाता है. इस बीमारी में मनोचिकित्सा का बहुत बड़ा योगदान है. यदि आपके आसपास ऐसे व्यक्ति हैं जो अपने आप में ही बहुत परेशान है तो उन्हें बताएं, क्योंकि बात करने से बात बनती है.

> हमारे अचेतन मन में कभी-कभी कुछ द्वंद्व या कुंठा दब जाती है, जो बाद में जाकर भयंकर मानसिक बीमारियों का रूप ले लेती है. आघात जनक अनुभूति कभी-कभी इसका कारण हो सकती है. अनेक प्रकार के मनोवैज्ञानिक कारण है, जिससे यह रोग प्रभावित होता है. कभी-कभी इस रोग के कारण व्यक्ति को अवसाद या डिप्रेशन हो जाता है.

### मीडिया में अन्यत्र

## आखिरी मुकाम की ओर लोस चुनाव

**सोमवार** को लोकसभा चुनाव-2024 के चौथे चरण में, 96 निर्वाचन क्षेत्रों में वोट डाले गये. इसी के साथ, 23 राज्यों व केंद्र-शासित प्रदेशों में मतदान प्रक्रिया पूरी हो गयी है. अब तक 379 निर्वाचन क्षेत्रों में वोट पड़ चुका है, जिनमें आंध्र प्रदेश की सभी 25 और तेलंगाना की सभी 17 सीटें शामिल हैं, जहां सोमवार को मतदान हुआ. आंध्र प्रदेश और ओडिशा में साथ में हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए भी मतदान हुआ - आंध्र में सभी 175 सीटों के लिए, और ओडिशा में 147 में से 28 सीटों के लिए. इन राज्यों में कुछ लाभ हासिल करने के लिए अपनी जटिल योजना के तहत, भाजपा ने यहां की सत्तारूढ़ क्षेत्रीय पार्टियों (आंध्र प्रदेश में वाईएसआरसीपी और ओडिशा में बीजद) के साथ कभी नरम, तो कभी गरम प्रतिद्वंद्विता की है. चौथे चरण में जिन 96 सीटों पर मतदान हुआ, 2019 में उनमें से 42 पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी, जबकि वाईएसआर कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में 22, और बीआरएस ने तेलंगाना में नौ सीटें जीती थीं. कांग्रेस को छह सीटें मिली थीं. इस आम चुनाव के लिए चल रहे प्रचार अभियान में कोई सर्वव्यापी थीम नहीं है और पार्टियां व नेता अपने समर्थन में मतदाताओं को एकजुट करने के लिए विभिन्न नारे आजमा रहे हैं. इस बीच, भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) और मुख्य विपक्षी पार्टी के बीच बदमजा तकरार हुई. मतदान प्रतिशत के आंकड़े जारी करने में देरी पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सवाल उठाया. इसके जवाब में ईसीआई ने कहा लोग इस तरह के संदेह 'अवमानना' की भावना के तहत रखते हैं. खड़गे ने पलटवार करते हुए कहा, यह "समझ से बाहर" है कि प्रधानमंत्री और भाजपा के "सांप्रदायिक व जातिवादी" बयानों पर ईसीआई कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है. भाजपा और कांग्रेस ने मतदाताओं को मोटे तौर पर, क्रमशः, धार्मिक और जातीय अस्मिताओं के सवालों के इर्द-गिर्द गोलबंद करना जारी रखा है. सरकार की एक सलाहकार द्वारा देश में जनसांख्यिकीय रुझानों की शरारतपूर्ण प्रस्तुति को भाजपा ने हाथों-हाथ लिया. ध्रुवीकरण की मंशा से मुसलमानों पर आक्षेप लगाने के लिहाज से, यह उसके लिए मुफीद साबित हुई. भाजपा ने कांग्रेस पर मुसलमानों का पक्ष लेने का आरोप लगाना जारी रखा. कांग्रेस ने खुद के लिए मुसीबत खड़ी कर ली क्योंकि उसके एक सलाहकार ने भारत की विविधता का वर्णन करने के लिए नस्लवादी शब्दावली का इस्तेमाल किया. (द हिंदू)



### शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## आदत/लत

**शायर** कमर जलालवी ने कहा कहा है-जरा रूठ जाने पे इतनी खुशामद, 'कमर' तुम बिगाड़ोगे आदत किसी की. इस दौरान नजीर अकबराबादी के इस शेर पर भी गौर फरमाने की जरूरत है- मरता है जो महबूब की ठोकर पे 'नज़ीर' आह, फिर उस को कभी और कोई लत नहीं लगती. पहले शेर में कमर साहब किसी की आदत बिगाड़ने की बात कर रहे हें तो दूसरे में नजीर साहब किसी को लत लगने की बात. आदत अरबी भाषा मूल का संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है तो लत हिंदी मूल का संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द. रेख्ता हिंदी-उर्दू शब्दकोश के अनुसार आदत का मतलब है स्वभाव, प्रकृति, रस्म, रीत, रिवाज, क़ायदा, क़ानून, तलब, लत, किसी चीज़ को पाने की बहुत इच्छा, स्वभाव, प्रकृति, प्रवृत्ति, किसी व्यक्ति या वस्तु में होने वाला कोई विशेष गुण, विशेषता, चाल-चलन, तरीक़ा, अंदाज़, चाल-चलन शौक़, अरमान, इच्छा भी है. वहीं लत शब्द का मतलब बुरी आदत, बुरी टेक व्यसन, नशा ही बताया गया है. इसके अलावा लत का मतलब लात, पांव, उदर, पेट, टुकड़ा, खंड, अलसी के तार का कपड़ा भी है. समान अर्थवाले होने के बावजूद आदत और लत में अंतर है. आदत वह स्थिति होती है जब हम किसी एक काम को बार-बार करते रहते हैं. आदत होने पर वह काम हमें पहले की अपेक्षा कम मुश्क़िल लगता है. ज़रूरी नहीं कि जिस काम की आदत पड़ी व काम पसंदीदा ही हो. आदत को पूरी दिनचर्या का एक छोटा हिस्सा भी कह सकते हैं. आदत अच्छी और बुरी दोनों हो सकती है. लत उस अवस्था को कहा जाता है जब इंसान किसी काम को करने से ख़ुद को रोक नहीं पाता. वह काम उस व्यक्ति का आमतौर पर पसंदीदा काम होता है। लत एक ज़िद की तरह होती है. इंसान लत लगने पर वह काम करता जाता है. उसको होश नहीं रहता कि इससे उसका अच्छा हो रहा है या बुरा. लत आमतौर पर नकारात्मक स्थिति ही होती है.

# एक बार फिर लग गयीं आपत्तियां


• तीर-तुक्का

रवि प्रकाश



हमारी संस्था ने स्वच्छता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए आवेदन दिया था, जिस पर निरीक्षण करके स्वच्छता कमेटी को अपनी रिपोर्ट देनी थी. कई बार से आपत्तियां लग रही थीं. हर छठे महीने हम लोग स्वच्छता कमेटी को बुलाते थे. उनके आने-जाने का खर्च तथा ठहरने, भोजन आदि का प्रबंध भी हमको ही करना पड़ता था. इसके बाद भी वह कोई न कोई आपत्ति लगा कर चले जाते थे. इस बार हमने सारी आपत्तियां पूरी कर रखी थीं. उम्मीद थी, स्वच्छता प्रमाण पत्र मिल जाएगा, लेकिन जब स्वच्छता कमेटी के लोगों ने संस्था का निरीक्षण कर लिया, तब आकर उदास मुद्रा में हमारे पास बैठ गए. हम समझ गए, दाल में कुछ काला है. कमेटी का एक सदस्य बोला "आपकी कमियां अभी पूरी नहीं हुईं. यह जो संस्था भवन की साफ सफाई से संबंधित काम है, उसमें कमी है. मानक अभी अधूरे हैं." "मगर.. वह तो हमने पूरी कर दी है. आपने कहा था, जमीन पर पानी का पोंछा लगाने के काम के लिए एक डायरी रखी जाएगी. वह हमने रख ली है." "हां ! वह तो आपने रख ली है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है." हमने कहा, "सब कुछ तो आप के कहने के मुताबिक कर दिया. सबसे पहली बार आप आए तो आपने आपत्ति लगाई, कहा पोछा दिन में पांच बार होना चाहिए. अगली बार हमने वह आपत्ति पूरी कर दी. फिर आपने कहा कि पोंछा लगाने के लिए आपने पानी की तीन बाल्टियां नहीं रखी हैं. एक बाल्टी में पोछा साफ होगा, दूसरी बाल्टी में पोछे का कपड़ा धुलेगा तथा तीसरी बाल्टी में कीटाणु नाशक डालकर घोल के साथ पोंछे के कपड़े को हिलाया जाएगा. हमने तीनों प्रकार के बर्तन रख लिए. छठे महीने जब आप आए, तो आपने एक नई आपत्ति लगाई..डायरी की. वह भी हमने पूरी कर ली. अब क्या रह गया?" जांच कमेटी के एक सदस्य ने कुटिलता पूर्वक मुस्कुराते हुए कहा "आपने पोंछा-निरीक्षक की नियुक्ति तो की ही नहीं है." हमें गुस्सा आने लगा. हमने कहा "भाई साहब ! अगर पोछा-निरीक्षक जरूरी है तो यह बात आप हमें पिछली जांच के समय भी तो बता सकते थे?" जांच कमेटी के दूसरे सदस्य ने इस बार उत्तर दिया "जब हमें उचित लगेगा, हम आपको आपत्ति से अवगत कराएंगे. सारी आपत्तियां एक बार में नहीं गिनाई जातीं." अब जांच कमेटी के तीसरे सदस्य ने कहा "आपको लिख कर दे देता हूं." हमने कहा "दे दीजिए. वह भी पूरी कर देंगे." सुनकर जांच कमेटी के सदस्य ने संस्था के बाबू को जो हमारे बराबर ही खड़ा हुआ था बुलाया और इशारे से उसके कान में कुछ समझाया. बाबू इशारों को समझ कर हमारे पास वापस आया और हमसे उसने बुदबुदाते हुए कुछ कहा. हमने जवाब में कहा "एक पैसा नहीं देंगे." जांच कमेटी के एक सज्जन ने शान्त भाव से कहा "कोई बात नहीं . हमारा काम जांच करके आपत्तियां लगाना है . हम लगाते रहेंगे ."

# धर्म अध्यात्म



वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मोहिनी एकादशी कहा जाता है. इस बार मोहिनी एकादशी 19 मई को है. इसमें भगवान विष्णु के मोहिनी स्वरूप की पूजा की जाती है.

**19 मई को है मोहिनी एकादशी**

## भगवान विष्णु के मोहिनी स्वरूप के अराधना का दिवस



आचार्य अजय मिश्रा

एकादशी तिथि का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है. जगत के पालनहार भगवान विष्णु को एकादशी तिथि समर्पित है. इसदिन मां लक्ष्मी की भी पूजा की जाती है. धार्मिक मान्यता के अनुसार एकादशी के दिन व्रत और पूजा करने से जातक को समस्त दुख व पापों से छुटकारा मिलता है, सौभाग्य-समृद्धि की प्राप्ति होती है और मोक्ष का रास्ता खुलता है.

प्रत्येक मास कृष्ण पक्ष और शुक्ल पक्ष की एक-एक एकादशी होती है जिन्हें अलग अलग नामों से जाना जाता है. वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मोहिनी एकादशी कहा जाता है. इस बार मोहिनी एकादशी 19 मई को है. इसमें भगवान विष्णु के मोहिनी स्वरूप की पूजा की जाती है.

### पूजा मुर्हूत

एकादशी तिथि का प्रारम्भ मई 18, 2024 को 11:17 एएम से है. एकादशी तिथि समाप्त मई 19, 2024 को 01:17 पीएम पर है. मोहिनी एकादशी 19 मई को मनाई जाएगी और इसी दिन व्रत रखा जाएगा.

### ऐसे करें पूजा

सुबह जल्दी उठकर सबसे पहले स्नान करें और साफ ( संभव हो तो पीला) वस्त्र पहनें. घर और मंदिर की अच्छी तरह साफ-सफाई करें. भगवान विष्णु, भगवान कृष्ण और लड्डू गोपाल जी की प्रतिमा का अभिषेक करें. भगवान को पीले वस्त्र पहनाएं, उनका पीले चंदन से तिलक करें. देसी घी का दीपक प्रज्जवलित करें और श्रद्धा से एकादशी व्रत का संकल्प लें. अब 108 बार 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' मंत्र का जाप करें. विष्णु सहस्रनाम का पाठ जरूर करें. भगवान विष्णु को पीले पुष्प, मिष्टान, मौसम के फल, पंचामृत और तुलसी दल चढ़ाएं. पूजा समापन के बाद आरती करें. शाम में भी भगवान की पूजा विधि-विधान से करें. अगले दिन द्वादशी पर पूजा करने के बाद व्रत का पारण करें. गरीबों और ब्राह्मणों को भोजन कराएं, दान-दक्षिणा दें.

**पढ़िए श्री हरि स्तोत्र : एकादशी के दिन श्री हरि स्तोत्र पढ़ने का विशेष महत्व है.**

### ।।श्री हरि स्तोत्र।।

जगज्जालपालं चलत्कण्ठमालं
शरच्चन्द्रभालं महादैत्यकालं
नभोनीलकायं दुरावारमायं
सुपद्मासहायम् भजेऽहं भजेऽहं ॥

सदाम्भोधिवासं गलत्पुष्पहासं
जगत्सन्निवासं शतादित्यभासं
गदाचक्रशस्त्रं लसत्पीतवस्त्रं
हसच्चारुवक्त्रं भजेऽहं भजेऽहं ॥

रमाकण्ठहारं श्रुतिव्रातसारं
जलान्तर्विहारं धराभारहारं
चिदानन्दरूपं मनोज्ञस्वरूपं
धृतानेकरूपं भजेऽहं भजेऽहं ॥

जराजन्महीनं परानन्दपीनं
समाधानलीनं सदैवानवीनं
जगज्जन्महेतुं सुरानीककेतुं
त्रिलोकैकसेतुं भजेऽहं भजेऽहं ॥

कृताम्नायगानं खगाधीशयानं
विमुक्तेर्निदानं हरारातिमानं
स्वभक्तानुकूलं जगद्वृक्षमूलं
निरस्तार्तशूलं भजेऽहं भजेऽहं ॥

समस्तामरेशं द्विरेफाभकेशं
जगद्विम्बलेशं हृदाकाशदेशं
सदा दिव्यदेहं विमुक्ताखिलेहं
सुवैकुण्ठगेहं भजेऽहं भजेऽहं ॥

सुरालिबलिष्ठं त्रिलोकीवरिष्ठं
गुरूणां गरिष्ठं स्वरूपैकनिष्ठं
सदा युद्धधीरं महावीरवीरं
महाम्भोधितीरं भजेऽहं भजेऽहं ॥

रमावामभागं तलानग्रनागं
कृताधीनयागं गतारागरागं
मुनीन्द्रैः सुगीतं सुरैः संपरीतं
गुणौघैरतीतं भजेऽहं भजेऽहं ॥



### फलश्रुति

इदं यस्तु नित्यं समाधाय चित्तं
पठेदष्टकं कण्ठहारम् मुरारेः
स विष्णोर्विशोकं ध्रुवं याति लोकं
जराजन्मशोकं पुनर्विन्दते नो ॥

## टांगीनाथ: देवाधिदेव शिव का महिमा स्थल



डॉ. हरेन्द्र सिन्हा
पुरातत्वविद्

टांगीनाथ झारखंड राज्य के प्राचीन सांस्कृतिक धरोहरों में से एक महत्वपूर्ण शिव मंदिर है जिसके अवशेष एक छोटी सी टुंगड़ी यानी पहाड़ी के ऊपर अवस्थित हैं. हालांकि अब यहां का प्राचीन मंदिर, जो लगभग आठवीं शताब्दी के आसपास का माना जाता है, अपने मूल रूप में उपलब्ध नहीं है. लेकिन वहां प्राचीन मंदिर के जो अवशेष बिखरे पड़े थे, उन्हें ही सजा कर एक छोटे मंदिर का रूप दे दिया गया है.

शिव की आराधना देश के हर हिस्से में होती है. झारखंड में भी शिव आराधना की परम्परा बहुत पहले से ही चली आ रही है. विशेष कर आदिवासियों के बीच शिव सर्वाधिक प्रचलित देवी-देवताओं में से एक हैं, जिनकी आराधना मुख्यतः शिवलिंग के रूप में की जाती रही है. झारखंड में शैव धर्म से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण स्थल हैं, जिनमें से एक टांगीनाथ का मंदिर भी है, जो गुमला ज़िले के झुमरी प्रखंड में मझगांव के पास अवस्थित है. यह गुमला ज़िला मुख्यालय से लगभग 70 किलोमीटर की दूरी पर है और सर्वप्रथम 1915 में चुन्नीलाल नामक शोधकर्ता ने इसके बारे में सूचना दी थी. बाद में प्रसिद्ध मानव शास्त्री शरत चंद्र रॉय ने भी ने भी इसे देखा था और इसकी चर्चा भी की थी.



### आठवीं शताब्दी का भव्य मंदिर

टांगीनाथ झारखंड राज्य के प्राचीन सांस्कृतिक धरोहरों में से एक महत्वपूर्ण शिव मंदिर है जिसके अवशेष एक छोटी सी टुंगड़ी यानी पहाड़ी के ऊपर अवस्थित हैं. हालांकि अब यहां का प्राचीन मंदिर, जो लगभग आठवीं शताब्दी के आसपास का माना जाता है, अपने मूल रूप में उपलब्ध नहीं है. लेकिन वहां प्राचीन मंदिर के जो अवशेष बिखरे पड़े थे, उन्हें ही सजा कर एक छोटे मंदिर का रूप दे दिया गया है. इस प्राचीन मंदिर के पुनर्निर्माण में अधिकांशतः यहां बिखरे प्राचीन आर्किटेक्चरल मेम्बर्स का इस्तेमाल किया गया है, जिसमें अब छत वाला हिस्सा नहीं है. इस मंदिर के अंदर कुछ मूर्तियां भी सजा दी गई हैं, जो इसी स्थल पर बड़ी संख्या में बिखरी पड़ी थीं. इन बिखरी मूर्तियों और सैकड़ों शिवलिंगों को संग्रहित कर आगे चलकर एक नये मंदिर का निर्माण यहीं पर कर दिया गया जहां शिवलिंग स्थापित किया गया है, जिसकी अनवरत पूजा आराधना होती है.

### खास हैं चौखट और तोरण

प्राचीन मंदिर के प्रवेश द्वार दो तोरण के रूप में है. दोनों के बीच एक गलियारा भी बना हुआ है. दोनों द्वारों के ऊपर कुछ कलाकृतियां भी बनाई गई होंगी जो अब देखने को नहीं मिलती. बलुआही पत्थरों से निर्मित यहां जो दो स्तंभ खड़े किए गए हैं, उनमें एक पर गंगा और दूसरे पर यमुना देवी की आकृतियां उत्कीर्ण की गई हैं. गंगा देवी को घड़ियाल पर एवं एवं यमुना देवी को कच्छप पर आरुढ़ दिखलाया गया है. इस मंदिर के चौखट के ललाट बिम्ब पर गणेश की मूर्ति उत्कीर्ण है और उसके उपर नवग्रह की छोटी मूर्तियां भी उत्कीर्ण दिखती हैं.



### शिखर के शीर्ष पर विशाल त्रिशूल !

ये प्राचीन मंदिर छत विहीन है और पंच-रथ योजना के आधार पर निर्मित है. इसके अंदर प्रवेश करने पर गर्भ गृह के क्षेत्र में, इसी स्थल पर पाई गई अनेक मूर्तियां में से कुछ मूर्तियां सजा कर रख दी गई हैं, मध्य में एक शिवलिंग स्थापित है. मंदिर के अन्य भग्नावशेष तथा आमलक आदि भी यहां बड़ी संख्या में पाए गए हैं, जिससे प्रतीत होता है कि मूल रूप में ये विशालकाय मंदिर रहा होगा. विशेष कर यहां पाए गए एक विशालकाय लोहे का त्रिशूल, जिसकी चर्चा आगे की गई है, को देखकर एक पुरातत्वज्ञ के रूप में मेरी परिकल्पना ये है कि यहां का मूल मंदिर इतना विशाल रहा होगा कि उसके शिखर के शीर्ष पर इस त्रिशूल को स्थापित किया गया होगा. लेकिन इस परिकल्पना पर और शोध की आवश्यकता है. यहां शिवलिंगों की भी बहुतायत है. यहां एक बेहतरीन एकमुखी शिवलिंग भी पाया गया है जो सामान्यतः बहुत कम संख्या में पाये जाते हैं.

### हैं इन देवों की मूर्तियां

इस मंदिर परिसर में विष्णु, सूर्य, महिषासुर मर्दिनी, दुर्गा, लक्ष्मी, गणेश, अर्धनारीश्वर, उमा-महेश्वर, हनुमान, नंदी, गज तथा सिंह आदि की अनेकानेक मूर्तियां पाई गईं, जिन्हें मंदिर परिसर में ही सजाकर सुरक्षित रखा गया है. एक मूर्ति राधा कृष्ण की भी मिली है.

### शिवरात्रि व सावन पर मेले

पिछले कुछ सालों से इस मंदिर की देखरेख स्थानीय लोगों द्वारा अनवरत रूप से की जा रही है, जिससे ये मंदिर अब बेहतर स्थिति में है और इसी परिसर में एक आधुनिक सुविधाओं युक्त नया शिव मंदिर भी बना दिया गया है, जिसमें सावन के महीने में तथा शिवरात्रि आदि के अवसर पर भक्तों की भारी भीड़ इकट्ठी होती है और भक्तगण इस मंदिर सहित, प्राचीन मंदिर तथा त्रिशूल आदि की भी पूजा करते हैं. अब इसी परिसर में दुर्गा माता का भी एक मंदिर निर्मित कर दिया गया है. शिवरात्रि एवं सावन आदि अवसरों पर यहां अब बड़े मेले भी लगते हैं, जिससे लोगों में इस प्राचीन मंदिर की प्रसिद्धि और लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है. अब झारखंड के महत्वपूर्ण पुरातात्विक स्थलों में टांगीनाथ मंदिर की भी गणना हो रही है.

### त्रिशूल पर नहीं लगता जंग

इस मंदिर से संबंधित एक विशालकाय त्रिशूल के बारे में देश भर में जिज्ञासा बढ़ी हुई है. लोहे का बना ये त्रिशूल आकार में यहां के बचे हुए मंदिर की तुलना में बहुत ही बड़ा है. इस त्रिशूल के तीनों फलक भूमि पर पड़े मिले थे. त्रिशूल का दंड अष्टकोणीय है और इसकी परिधि 11 इंच है. त्रिशूल के फलकों सहित अनुमानित ऊंचाई 5 मीटर है जिसमें से 3 मीटर ज़मीन के ऊपर और 2 मीटर ज़मीन के नीचे अनुमानित है. दिल्ली के मेहरौली स्तंभ की भांति इस त्रिशूल पर भी धूप पानी आदि का कोई असर नहीं होता है क्योंकि इसमें सैकड़ो साल के बाद भी जंग नहीं लगी है. त्रिशूल के निकट ही छत विहीन एक शिव मंदिर के अवशेष हैं, जिनकी चर्चा पूर्व में की जा चुकी है.



### यह है जनश्रुति

जनश्रुति के अनुसार उक्त त्रिशूल को स्थानीय लोहरा जाति के लोगों ने कभी उठा ले जाने का प्रयास किया था. कहा जाता है, इसकी भारी क़ीमत उन लोगों द्वारा, दैवीय प्रकोप के रूप में चुकानी पड़ी. संभवतः इसी कारण उसके बाद किसी और ने ऐसा दुस्साहस नहीं किया और आज भी इस स्थान के 10-15 कि.मी. की परिधि में लोहरा जाति के लोग निवास नहीं करते हैं.

**बहरहाल टांगीनाथ धाम का प्राचीन मंदिर भले ही अब खंडहर में तब्दील हो चुका है, लेकिन यहीं पर नए मंदिर के निर्माण के पश्चात् यह स्थान फिर से राज्य के एक महत्वपूर्ण धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में लोकप्रिय हो चुका है, जिसके विकास के लिए पर्यटन विभाग को विशेष ध्यान देने की ज़रूरत है.**

### मातृदेवी व शिव पूजा के साक्ष्य

प्रागैतिहासिक काल में मनुष्य को जन्मजात धर्म की कोई अवधारणा हो, ऐसा प्रतीत नहीं होता. लेकिन इतना अवश्य समझा जा सकता है कि प्रकृति के अतिवादी स्वरुप से वो भयभीत रहा करते होंगे, विशेष कर आंधी-तूफान, बरसात, बिजली का चमकना-कड़कना, आग का लगना आदि ये सारी घटनाएं उन्हें अवश्य डराती होंगी. आगे चलकर एक अन्य घटना से भी वह संभवत: डरने लगे होंगे, और वो घटना थी, उनकी गुफाओं में शिशु जन्म. जब उनके साथ रहने वाली गर्भवती महिलाएं शिशु को जन्म देती होंगी, तब इस पूरी प्रक्रिया को देखकर उन्हें ये लगता होगा कि ये कोई चमत्कार, कोई जादू है, जो स्त्रियां करती हैं और नए मानव का निर्माण करती हैं. इसीलिए आदि मानव ने स्त्रियों से भी भयभीत रहना और उनका सम्मान करना शुरू किया. इसी भय का परिणाम हम आगे चलकर धर्म की नींव के पड़ने के रूप में देखते हैं. ऐसा मानने का कारण ये है कि आगे चलकर प्रागैतिहासिक मानव ने स्त्रियों की मूर्तियों का निर्माण भी किया. दुनिया भर में प्रागैतिहासिक काल की गुफाओं से, पुरातात्त्विक उत्खननों में, छोटी-छोटी स्त्री मूर्तियां पाई गई हैं, जो लकड़ी या पत्थर की बनाई जाती थीं. आगे चलकर ये मूर्तियां कच्ची या पक्की मिट्टी की भी बनने लगीं, जिन्हें आज पुरातत्व में मातृ देवी के नाम से जानते हैं. मातृ देवी के रूप में पाई जाने वाली ये मूर्तियां पुरातत्व की ऐसी प्राथमिक साक्ष्य हैं जिनसे पता चलता है कि मनुष्य के मन में धर्म की अवधारणा प्रागैतिहासिक काल में ही स्थापित होने लगी थी. ऐसे ही, धार्मिक विचारों का धीरे-धीरे प्रसार होने लगा और फिर अन्य देवी देवताओं की परिकल्पना भी की गई, जिसमें मातृ देवी के बाद, पुरातात्विक साक्ष्यों सहित सबसे पुराना संदर्भ संभवत: शिव का मिलता है, जो हमें मोहनजोदड़ों की खुदाई में प्राप्त एक सील पर दिखता है. इस सील पर एक पुरुष को एक आसन पर बैठे हुए दिखाया गया है जिसके चारों तरफ चार पशु भी बैठे हुए हैं और उस व्यक्ति के सर पर दो सींग भी बने हुए हैं. इसे हम पशुपति शिव की प्राचीनतम मूर्ति मानते हैं, जिसमें यही सींग आगे चलकर शिव मूर्तियों में संभवत: त्रिशूल के रूप में रूपांकित किया जाने लगा.

## शिव की अराधना का यह दिन

एकादशी की तरह सोम प्रदोष व्रत भी प्रत्येक महीने में दो बार, शुक्ल पक्ष और कृष्ण पक्ष में आते हैं. यह व्रत भोले बाबा को समर्पित हैं. इस दिन भगवान शिव की विधिवत पूजा-अर्चना करने का विधान है. भोले बाबा की कृपा दृष्टि पाने के लिए इस व्रत को बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है. ऐसी मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव की अराधना करने से जीवन के दुख-तकलीफ दूर होते हैं, पापों का नाश होता है, मनोकामनाएं पूरी होती हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है. सोम प्रदोष व्रत भगवान शिव और माता पार्वती के मिलन का प्रतीक भी माना जाता है.

वैशाख माह का सोम प्रदोष व्रत 20 मई को है. यह दिन समस्या-दुखों के निवारण के लिए उपाय अपनाने के लिए बेहतद महत्वपूर्ण माना गया है. आइए, ऐसे ही कुछ उपायों के बारे में जानें-



- सोम प्रदोष व्रत के दिन धन प्राप्ति के लिए भगवान शिव को 11 गोमती चक्र अर्पित कर शिवलिंग पर घी और शहद से अभिषेक करें. भगवान भोलेनाथ को पीले रंग के वस्त्र चढ़ाएं.
- अगर आपकी कुंडली में चंद्र दोष है और तो अपनी राशि के अनुसार शिवलिंग का पूजन करें. शिव चालीसा का 11 बार पाठ करें. भोले बाबा को नारियल अर्पित करें.
- अगर विवाह में बाधा आ रही है तो इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की प्रतिमा स्थापित कर उनकी पूजा करें. **"ॐ पार्वतीपतये नमः"** मंत्र का जाप करें और फिर सामर्थ्य के अनुसार कन्याओं को भोजन कराएं.
- नौकरी नहीं मिल रही या जॉब में किसी तरह की परेशानी का सामना कर रहे हैं तो प्रदोष व्रत के दिन भगवान शिव को बेलपत्र अर्पित करें और 108 बार **"ॐ नमः शिवाय"** मंत्र का जाप करें.
- संतान प्राप्ति की मनोकामना है तो प्रदोष व्रत के दिन भगवान शिव और माता पार्वती को गाय का दूध अर्पित करें और फिर पुत्र कामना स्तोत्र का पाठ करें. इस दिन पीपल पेड़ पर जल अर्पित कर पूजा करने से भी लाभ होगा.

## इस द्वार से घर आएगी समृद्धि-सकारात्मकता

***घर का मुख्यद्वार बुरी नजर से बचा रहे, इससे सुख-सौभाग्य और सकारात्मकता की आवक बनी रहे, इसके लिए वास्तु शास्त्र में कुछ उपाय बताए गए हैं. आइए, आज ऐसे ही कुछ उपायों की करें चर्चा...***



स्वामी विमलेश
वास्तु शास्त्री


वास्तु में घर के मुख्य दरवाजे पर पाकुआ दर्पण लगाने का विशेष महत्व है. खास कर तब जब घर राजमार्ग पर अवस्थित हो, सामने पेड़, खंबा, नदी, नाले, मंदिर, मस्जिद, किसी मकान की ऊंची दीवार आदि हो तो अशुभ प्रभाव पड़ने की आशंका होती है. फ्लैट में रहते हैं तो मुख्य दरवाजे के सामने चढ़ती-उतरती सीढ़ियां, लिफ्ट, सामने किसी और का दरवाजा आदि हो तो भी पाकुआ दर्पण लगाना उपयुक्त रहता है. इससे बुरी शक्तियों का प्रवेश रुकता है. इन बाधाओं के कारण जो कई तरह की शारीरिक समस्याएं भी होती हैं. इससे हृदय रोग होने की आशंका होती है. पाकुआ दर्पण लगाने से यह भय दूर होता है. अगर घर बड़ा हो तो मुख्य दरवाजे पर उत्तल दर्पण लगाएं. मान्यता है कि उत्तल दर्पण आपकी संपत्ति से दुर्भाग्य को दूर रखता है.

- **सूर्य की आकृति**

मुख्य दरवाजे पर सूर्य की आकृति लगाना भी शुभ प्रभाव देता है. खासकर तब जब आपके मुख्यदरवाजे पर सूर्य की रौशनी पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंचती है. लेकिन ध्यान रखें कि मिट्टी या चीनी मिट्टी की बनी सूर्य आकृति नहीं लगाएं. एक साल होते होते ऐसी आकृति नकारात्मक प्रभाव देना शुरू कर देती है. वास्तु में मुख्य दरवाजे की दिशा के अनुसार सूर्य आकृति का धातु/रंग तय होता है. पूर्व दिशा में घर है तो पीतल की सूर्य आकृति मुख्य दरवाजे पर लगाएं. दक्षिण दिशा में घर है तो कॉपर की सूर्य आकृति लगाएं. पश्चिम या उत्तर दिशा में घर है तो व्हाइट सिल्वर सूर्य आकृति लगाएं.



- **त्रिशक्ति यंत्र**



त्रिशक्ति यंत्र को मुख्य दरवाजे पर लगाना भी शुभ माना जाता है. इसमें त्रिशुल, ओम और स्वास्तिक शामिल हैं. माना जाता है कि त्रिशक्ति यंत्र खुद में ब्रह्मा, विष्णु और महेश को समेटे रहते हैं और घर में रहने वाले को सुरक्षा प्रदान करते हैं.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# छेत्री ने संन्यास का ऐलान किया, 6 जून को खेलेंगे आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच

- 2005 में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में पदार्पण करने वाले छेत्री ने भारत के लिए 94 गोल किये हैं
- उनके नाम भारत के लिए सबसे ज्यादा गोल और सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय मैच है

एजेंसी। नयी दिल्ली

महान खिलाड़ी सुनील छेत्री ने कुवैत के खिलाफ छह जून को फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कहने का फैसला लिया है जिससे उनके लंबे और सुनहरे कैरियर पर विराम लग जाएगा. भारतीय टीम के कप्तान छेत्री ने सोशल मीडिया पर डाले वीडियो के जरिये यह घोषणा की. 2005 में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में पदार्पण करने वाले छेत्री ने भारत के लिए 94 गोल किये हैं. उनके नाम भारत के लिए सबसे ज्यादा गोल और सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय मैच है. सक्रिय फुटबॉल खिलाड़ियों में क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेस्सी के बाद उनके नाम सबसे ज्यादा गोल हैं. वह सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में चौथे स्थान पर हैं. 39 वर्ष के छेत्री करीब दो दशक से भारतीय फुटबॉल को अपनी सेवाएं दे रहे हैं. उनके योगदान को इससे आंका जा सकता है कि आज भी भारतीय टीम गोल के लिए पांच फुट सात इंच के इस फॉरवर्ड पर निर्भर करती है. छेत्री का आखिरी मैच कोलकाता के साल्टलेक स्टेडियम पर होगा. जिस शहर में उन्होंने इतना फुटबॉल खेला, वहीं से विदा लेने से बेहतर इस स्वर्णिम यात्रा की परिणिति नहीं हो सक. भारत इस समय चार अंक लेकर कतर के बाद ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर है. छेत्री ने मार्च में 150वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था और गुवाहाटी में अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में गोल भी किया था. भारत हालांकि वह मैच 1.2 से हार गया था. देश के सबसे उम्दा स्ट्राइकर में से एक बने छेत्री ने पाकिस्तान के खिलाफ 2005 में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में पदार्पण मैच में गोल किया था. उन्होंने कहा, उस दिन को मैं कभी नहीं भूल सकता. मुझे याद है जब मैं देश के लिए पहली बार खेला था. यह अविश्वसनीय था. उन्होंने कहा, एक दिन पहले सुबह भारतीय टीम के मेरे पहले कोच सुक्खी सर (सुखविंदर सिंह) मेरे पास आये और बोले कि तुम खेल रहे हो. मैं बता नहीं सकता कि कैसा महसूस



हुआ था. उन्होंने कहा, मैने अपनी जर्सी ली, उस पर परफ्यूम छिड़का. पता नहीं क्यों. उस दिन जो कुछ भी हुआ, उसका मुझे यह बताना, नाश्ते से लंच तक, मेरा पहला गोल और 80वें मिनट में गोल गंवाना. वह दिन मैं कभी नहीं भूल सकता और राष्ट्रीय टीम के साथ मेरे सफर के सर्वश्रेष्ठ दिनों में से वह एक था.भारतीय फुटबॉल के भविष्य के बारे में उन्होंने कहा कि अब देश को नौ नंबर की जर्सी के लिए अगला खिलाड़ी चुनना होगा. उनका मानना है कि टीम में फिलहाल ऐसे स्ट्राइकर की कमी है, जो अपने क्लब के लिए मुख्य स्ट्राइकर के तौर पर खेलता हो. छेत्री ने कहा कि हाल ही में उन्हें अहसास हुआ कि अब सफर खत्म करने का समय आ गया है. उन्होंने कहा, पिछले 19 साल में मैने कर्तव्य, दबाव और आनंद की अनुभूति की है. मैने कभी व्यक्तिगत रूप से नहीं सोचा. पिछले डेढ दो महीने से मुझे ख्याल आ रहा था कि अब समय आ गया है. जैसे ही यह ख्याल आया, अतीत की सारी यादें मेरे दिमाग में चलने लगीं.उन्होंने कहा, मैने खुद से कहा कि यह मेरा आखिरी मैच होने वाला है. बहुत अजीब लग रहा था. हर मैच, हर कोच, हर टीम, हर मैदान, हर साथी खिलाड़ी, अच्छे बुरे प्रदर्शन, मेरे सारे व्यक्तिगत प्रदर्शन, सब कुछ दिमाग में चलने लगा.

### बस मुझे भीतर से आवाज आई कि यह मेरा आखिरी मैच होना चाहिए

छेत्री ने कहा, मैने अपने माता पिता और पत्नी को बताया. मेरे पिता सामान्य थे, राहत महसूस कर रहे थे, खुश थे. लेकिन मेरी मां और पत्नी रोने लगे. उन्होंने कहा, वे मुझे बता नहीं सके कि रो क्यो रहे हैं. मैं थका हुआ या कुछ और महसूस नहीं कर रहा था. बस मुझे भीतर से आवाज आई कि यह मेरा आखिरी मैच होना चाहिए और मैने इसके बारे में बहुत सोचा. छेत्री भारत की नेहरू कप (2007, 2009, 2012), दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (सैफ) चैम्पियनशिप (2011, 2015, 2021) में खिताबी जीत के सूत्रधार रहे. वह 2008 एएफसी चैलेंज कप जीत में भी सूत्रधार रहे जिसकी मदद से भारत को 27 साल में पहली बार एएफसी एशियाई कप ( 2011) खेलने का मौका मिला. मोहन बागान के लिए 2002 में क्लब फुटबॉल में पदार्पण करने वाले छेत्री ने अमेरिका में मेजर लीग फुटबॉल टीम कंसास सिटी विजाडर्स के लिए 2010 में खेला और 2012 में पुर्तगाली फुटबॉल टीम में स्पोर्टिंग सीपी की रिजर्व टीम में रहे. सात बार एआईएफएफ के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे छेत्री ने ईस्ट बंगाल, डेम्पो, इंडियन सुपर लीग टीम मुंबई सिटी एफसी और बेंगलुरु एफसी के लिए खेला.

## ब्रीफ खबरें

### दिव्यांग फैन के लिए ऑडियो उपलब्ध होगी

मुंबई। वेस्टइंडीज और अमेरिका में अगले महीने से होने वाले टी20 विश्व कप में बधिर और दृष्टिबाधित क्रिकेटप्रेमियों के लिए इंडियन साइन लैंग्वेज और ऑडियो वर्णन के साथ फीड उपलब्ध कराई जाएगी. आधिकारिक प्रायोजकों डिजनी प्लस हॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क ने विशेष प्रसारण की व्यवस्था की है. विश्व कप के दस मैचों के लिए यह व्यवस्था रहेगी जिसमें भारत के सभी मैच, सेमीफाइनल और फाइनल शामिल हैं. प्रसारकों ने कहा कि पहली बार टी20 विश्व कप का प्रसारण आईएसएल और वर्णनात्मक कमेंट्री के साथ होगा जिससे बधिर और दृष्टिबाधित प्रशंसक भी खेल का मजा ले सकेंगे.

### हसरंगा हरफनमौलाओं की रैंकिंग में हैं शीर्ष पर

**दुबई।** हार्दिक पंड्या टी20 हरफनमौलाओं की आईसीसी रैंकिंग में सातवें स्थान पर बने हुए हैं जबकि श्रीलंका के स्पिनर वानिंदु हसरंगा बांग्लादेश के शाकिब अल हसन के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गए हैं. पंड्या 185 अंकों के साथ सातवें स्थान पर हैं. हसरंगा और शाकिब के 228 अंक हैं. अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी 218 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं जबकि जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा के 210 अंक हैं . एडेन माक्रम पांचवें स्थान पर और आस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस छठे स्थान पर हैं, बल्लेबाजों की रैंकिंग में सूर्यकुमार यादव 861 अंक लेकर शीर्ष पर हैं.

### क्रिकेट स्कॉटलैंड की प्रायोजक बनी नंदिनी

**ग्लास्गो।** क्रिकेट स्कॉटलैंड ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप में अपनी राष्ट्रीय टीम के लिए कर्नाटक की नंदिनी डेयरी को अपना आधिकारिक प्रायोजक बनाने की घोषणा की है. नंदिनी का लोगो दो जून से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में स्कॉटलैंड की पुरुष टीम की शर्ट की बाजू पर बना होगा. स्कॉटलैंड के क्रिकेट बोर्ड ने एक्स' पर लिखा, क्रिकेट स्कॉटलैंड और कर्नाटक दुग्ध महासंघ को यह घोषित करने में काफी खुशी हो रही है कि नंदिनी डेयरी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 में स्कॉटलैंड पुरुष टीम का आधिकारिक प्रायोजक होगी.

**आईपीएल मुंबई संभावना:** आज मुंबई और लखनऊ के बीच मुकाबला

# जीत के साथ आईपीएल से विदा लेना चाहेंगी दोनों टीमें

एजेंसी। मुंबई

आईपीएल प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो चुकी मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जाइंट्स शुक्रवार को वानखेड़े स्टेडियम पर अपने आखिरी मैच में जीत के साथ टूर्नामेंट से विदा लेने की कोशिश करेंगी. मुंबई इंडियंस काफी पहले ही प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है, जबकि लखनऊ सुपर जाइंट्स अगर आखिरी मैच में भारी अंतर से जीत दर्ज करती है तो भी उसके अंतिम चार में पहुंचने की संभावना नगण्य है. तीन मैचों में लगातार हार से लखनऊ ने अंक भी गंवाये और रन रेट भी खराब हो गया. केकेआर से 98 रन से हार के बाद उसे सनराइजर्स हैदराबाद ने दस विकेट से और दिल्ली कैपिटल्स ने 19 रन से हराया. सातवें स्थान पर काबिज लखनऊ का नेट रन रेट माइनस 0 . 787 है जबकि छठे स्थान की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का रन रेट 0 . 387 है. पांच बार की आईपीएल चैम्पियन मुंबई इंडियंस प्लेआफ की दौड़ से बाहर होने वाली पहली टीम थी. नये कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ इस सत्र में टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा. अब तक 13 मैचों में बस चार



मैच का समय : शाम 7.30 बजे से.

जीत सकी मुंबई इंडियंस शुक्रवार को जीत जाती है तो उसके दस अंक होंगे जिससे वह आखिरी स्थान पर रहने से बच सकती है. सत्र से पहले रोहित शर्मा की जगह पंड्या को कप्तानी सौंपे जाने से मुंबई के प्रशंसकों में काफी आक्रोश था जिसका टीम के प्रदर्शन पर भी असर पड़ा. बल्लेबाजों ने पूरी तरह निराश किया तो गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह (13 मैचों में 20 विकेट) दूसरे गेंदबाजों को अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रेरित नहीं कर सके. इस मैच में फोकस विश्व कप टीम में शामिल पंड्या, रोहित , बुमराह और सूर्यकुमार यादव पर रहेगा. रोहित पिछली छह पारियों में नाकाम रहे हैं और उनका सर्वोच्च स्कोर 19 रन रहा.वहीं पंड्या भी हरफनमौला की भूमिका बखूबी नहीं निभा सके. सूर्यकुमार यादव ने तीन अर्धशतक और एक शतक जमाकर आत्मविश्वास हासिल किया है. लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने तीन अर्धशतक समेत 136 . 36 के स्ट्राइक रेट से 465 रन बनाये. उनका स्ट्राइक रेट हालांकि चर्चा का विषय रहा. निकोलस पूरन (168 . 92 के स्ट्राइक रेट से 424 रन) ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन एक इकाई के रूप में टीम नाकाम रही.

**टीमें**

**मुंबई इंडियंस:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, गेराल्ड कोएट्ती, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, इशान किशन, अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, हार्विक देसाई (विकेटकीपर), नेहल वढेरा और ल्यूक वुड.

**लखनऊ सुपर जाइंट्स :** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान.

पिता से क्रिकेट का जुनून विरासत में मिला है

# क्रिकेट मेरे खून में है, टी20 परफेक्ट प्रारूप : उसेन बोल्ट

एजेंसी। नयी दिल्ली

फर्राटा के शहंशाह उसेन बोल्ट को पिता से क्रिकेट का जुनून विरासत में मिला है, लिहाजा उनके खून में है और उनका पसंदीदा प्रारूप टी20 है. आठ ओलंपिक स्वर्ण जीत चुके बोल्ट जमैका में बचपन के दिनों में तेज गेंदबाज बनना चाहते थे. अगले महीने से होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के दूत बोल्ट का क्रिकेट से जुड़ने का सपना आखिर किसी रूप में साकार हुआ. बोल्ट ने न्यूयॉर्क से फोन पर दिये इंटरव्यू में कहा, मैं क्रिकेट देख कर बड़ा हुआ हूं. मेरे पिता क्रिकेट के शौकीन रहे हैं और आज भी हैं. यह मेरे खून में है. मैं क्रिकेट से दूत के रूप में जुड़ रहा हूं जो शानदार है.

क्रिकेटर बनने का मेरा सपना तो पूरा नहीं हुआ, लेकिन टी20 विश्व कप का दूत होना शानदार है. अपने सात साल के कैरियर में 100 और 200 मीटर के विश्व रिकॉर्डधारी बोल्ट अनेक उपलब्धियां हासिल कर चुके हैं. पिछले कुछ महीने संगीत और फुटबॉल का अपना शौक पूरा करने के लिए दुनिया घूमने वाले बोल्ट को टीवी पर क्रिकेट और आईपीएल देखने का मौका नहीं मिला. उन्होंने कहा, मैं उतना क्रिकेट नहीं देख सका लेकिन जब भी मौका मिलता है, मैं टी20 मैच देखता हूं. उन्होंने कहा, यह मेरा पसंदीदा प्रारूप है. इसमें आपको



### मिली विरासत

- मैं उतना क्रिकेट नहीं देख सका, मैं टी20 मैच देखता हूं
- टी20 में टेस्ट और वनडे दोनों का जादू देखने को मिलता है

मजबूत, तेज और अच्छी रणनीति बनाने में माहिर होना पड़ता है. इसमें टेस्ट और वनडे दोनों का जादू देखने को मिलता है. बोल्ट ने कहा, वेस्टइंडीज में टी20 और वनडे अभी भी लोकप्रिय है. लोगों को टेस्ट क्रिकेट उतना पसंद नहीं आता है. यह खेल की रफ्तार से जुड़ा है. आंद्रे रसेल जैसे बिग हिटर को देखने में मजा आता है. वेस्टइंडीज में टी20 क्रिकेट काफी लोकप्रिय है. बचपन के दिनों की क्रिकेट की उनकी यादों में वसीम अकरम की इनस्विंग यॉर्कर भी शामिल है. उन्होंने कहा , बचपन में वसीम अकरम मेरे फेवरिट थे. इनस्विंग यॉर्कर की वजह से. कर्टनी वॉल्श और कर्टली एम्बरोज भी थे. अपने पिता की तरह मैं वेस्टइंडीज का समर्थक था लेकिन मुझे सचिन तेंदुलकर भी पसंद हैं. वह और ब्रायन लारा मेरे बचपन की यादों का हिस्सा हैं. मौजूदा क्रिकेटरों के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि विराट कोहली का कोई सानी नहीं.

# हस्सी को उम्मीद, दो साल तक और खेलेंगे महेंद्र सिंह धौनी

एजेंसी। बेंगलुरु

चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हस्सी को उम्मीद है कि करिश्माई महेंद्र सिंह धौनी अगले दो साल और टीम के साथ रहेंगे क्योंकि वह बेहतरीन बल्लेबाजी कर रहे हैं. आईपीएल 2024 की शुरुआत से एक दिन पहले रुतुराज गायकवाड़ को कप्तानी सौंपकर 42 वर्ष के धौनी ने सभी को हैरान कर दिया था. हस्सी ने ईएसपीएन के अराउंड द विकेट शो में कहा, हम उम्मीद कर रहे हैं कि वह खेलते रहेंगे. वह इतनी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं. वह शिविर में जल्दी आकर काफी अभ्यास करते हैं और पूरे सत्र में फॉर्म में रहे हैं. उन्होंने



कहा,हम उनके कार्यभार को अच्छे से मैनेज कर पाये हैं. पिछले सत्र के बाद उनके घुटने का आपरेशन हुआ था. वह टूर्नामेंट के इस सत्र में शुरुआती चरण से उसे मैनेज कर रहे हैं. उम्मीद है कि वह दो साल और खेलेंगे. वैसे इस बारे में फैसला तो वही लेंगे. मुझे नहीं लगता कि इतनी जल्दी कोई फैसला आएगा.

### मैच फिक्सिंग के आरोपी भारतीयों का पासपोर्ट जब्त

**कोलंबो।** श्रीलंका की एक अदालत ने अमान्य लीजैंड्स क्रिकेट लीग के दौरान मैच फिक्सिंग को लेकर भारतीय नागरिकों योनी पटेल और पी आकाश के पासपोर्ट जब्त करने के आदेश दिये हैं. दोनों इस समय जमानत पर हैं. इन पर आठ से 19 मार्च तक कैंडी के पल्लेकेले स्टेडियम पर खेली गई लीग में मैच फिक्स करने की कोशिश का आरोप है. राजस्थान किंग्स ने फाइनल में न्यूयॉर्क सुपर स्ट्राइकर्स को हराया था. पटेल कैंडी स्वैंप आर्मी टीम के मालिक हैं. श्रीलंका के पूर्व वनडे कप्तान और राष्ट्रीय चयन समिति के मौजूदा अध्यक्ष उपुल थरंगा और न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर नील ब्रूम ने कहा कि इन दोनों ने लीग में खराब प्रदर्शन के जरिये मैच फिक्स करने के लिए उनसे संपर्क किया था.

सुपरस्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा

# काम पूरा हो गया तो चला जाऊंगा

एजेंसी। बेंगलुरु

भारत के सुपरस्टार बल्लेबाज विराट कोहली को पता है कि वह हमेशा खेलते नहीं रह सकते लेकिन विदा लेने से पहले वह अपना सबकुछ क्रिकेट कैरियर को देना चाहते हैं और उनका कहना है कि एक बार जाने के बाद वह कुछ समय नजर भी नहीं आएंगे. कोहली आईपीएल में इस सत्र में अब तक का रिकॉर्ड आठवां शतक जड़ चुके हैं. उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए 13 मैचों में 661 रन बनाये हैं. आरसीबी द्वारा सोशल मीडिया पर डाले गए वीडियो में 35 वर्ष के कोहली ने कहा कि मलाल के बिना जीने की ललक ही उनकी प्रेरणा



है. उन्होंने कहा, मैं कोई भी काम अधूरा नहीं छोड़ना चाहता ताकि बाद में कोई पछतावा नहीं हो. एक बार काम पूरा हो जाए तो मैं चला जाऊंगा और फिर कुछ समय नजर नहीं आऊंगा. उन्होंने कहा, जब तक मैं खेल रहा हूं, अपना सब कुछ खेल को देना चाहता हूं. यही मेरी प्रेरणा है. कोहली ने कहा, हर खिलाड़ी के कैरियर का अंतिम समय आता है मैं भी हमेशा खेलता नहीं रहूंगा, लेकिन मैं इस सोच के साथ विदा नहीं लेना चाहता कि अगर मैने उस दिन ऐसा किया होता तो अच्छा होता. कोहली अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप में भारतीय टीम के सदस्य हैं.

### एएफआई का प्यूमा के साथ कई वर्षों का करार

**नयी दिल्ली।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि उसने खेलों के दौरान पहनने के लिए पोशाक बनाने वाले ब्रांड प्यूमा के साथ कई वर्षों का करार किया है. इससे प्यूमा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के दौरान करीब 400 भारतीय खिलाड़ियों को पोशाक, जूते और अन्य साजो सामान मुहैया कराएगा. आधिकारिक किट प्रायोजक होने के नाते शीर्ष भारतीय एथलीट प्यूमा के सामान का इस्तेमाल करेंगे, जिसमें ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा, लंबी कूद के एथलीट मुरली श्रीशंकर और स्टीपलचेस एथलीट पारुल चौधरी शामिल हैं. उन्होंने कहा, यह करार भारतीय खेलों के चमकदार भविष्य का संकेत है.

**आईपीएल 2024** नाम बड़े और दर्शन छोटे, इन पांच खिलाड़ियों ने अपनी टीम को लगाई चपत

# फीस ली करोड़ों में, मैदान में प्रदर्शन रहा निराशाजनक

एजेंसी। नयी दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है. इस सीजन में कई ऐसे खिलाड़ी रहे हैं, जिन्होंने अपने दमदार खेल से खूब धमाल मचाया, लेकिन कुछ नाम ऐसे भी रहे जो इस पूरे सीजन में संघर्ष करते हुए दिखे. इन खिलाड़ियों से टीम को बहुत ही ज्यादा उम्मीद थी, लेकिन घटिया प्रदर्शन के कारण ना सिर्फ उन्होंने खुद पर दाग लगाया बल्कि अपनी टीम को भी मुश्किल में डालने का काम किया. ऐसे में आइए जानते हैं उन पांच खिलाड़ियों के बारे में जो इस सीजन अपनी टीम से करोड़ों रुपए लेकर चूना लगाने का काम किया है.

### सनराइजर्स के एडेन मार्कराम किया निराश

आईपीएल 2023 में सनराइजर्स के लिए कप्तानी करने वाले साउथ



अफ्रीका के धाकड़ बल्लेबाज एडेन मार्कराम मौजूदा सीजन में काफी निराश किया है. टीम ने मार्कराम को रिटेन किया था, लेकिन वह उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए. मार्कराम 9 मैच में सिर्फ 199 रन बना पाए हैं. ऐसे में यह माना जा सकता है कि मार्कराम ने सनराइजर्स को करोड़ों का चूना लगा दिया है.

### ईशान किशन बुरी तरह हुए हैं फ्लॉप

मुंबई इंडियंस के विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन भी आईपीएल



2024 में बुरी तरह फ्लॉप हुए हैं. ईशान आईपीएल के 17वें सीजन में 15.75 करोड़ में रिटेन किया गया था. हालांकि वह टीम के लिए बुरी तरह से फ्लॉप हुए हैं. ईशान मुंबई इंडियंस के लिए 13 मैच में सिर्फ 306 रन बना पाए हैं, जिसमें एक अर्धशतक शामिल है. ईशान के इस खराब फॉर्म के कारण ही मुंबई की टीम प्लेऑफ की रेस से बाहर हुई है.



### ग्लेन मैक्सवेल लगाया है अपनी टीम को चूना

आईपीएल 2024 में सबसे ज्यादा निराश ग्लेन मैक्सवेल ने किया है. आरसीबी का यह धाकड़ खिलाड़ी टीम के लिए 8 मैचों में मैदान पर उतरा, जिसमें वह सिर्फ 104 रन ही बना पाया. उनके इस निराशाजनक खेल के कारण आरसीबी की टीम काफी मुश्किलों में रही.



### अजिंक्य रहाणे उम्मीदों पर नहीं उतरे खरे

भारत के धाकड़ खिलाड़ी अजिंक्य रहाणे भी आईपीएल में अपनी सीएसके को काफी निराश किया. रहाणे इस सीजन में सीएसके के लिए 12 मैचों में सिर्फ 209 रन पाए हैं. टीम के लिए रहाणे एक अहम खिलाड़ी थे, लेकिन खराब फॉर्म के कारण वह बुरी तरह से फ्लॉप साबित रहे.



### शतक के बावजूद रोहित रहे हैं बेअसर

मुंबई इंडियंस को अपनी कप्तानी में पांच बार चैंपियन बनाने वाले रोहित शर्मा ने भी आईपीएल 2024 में बुरी तरह फ्लॉप रहे हैं। रोहित शर्मा ने इस सीजन में एक शतक भी लगाया है। हालांकि, इसके बाद वह कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए। रोहित मुंबई के लिए इस सीजन में 13 मैचों में सिर्फ 349 रन पाए हैं.

# चुनौतीपूर्ण टूर्नामेंट के बाद जीत की खुशी है : एलिस

एजेंसी। गुवाहाटी

पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज नाथन एलिस आईपीएल के इस चुनौतीपूर्ण सत्र के बाद दूसरे स्थान पर काबिज राजस्थान रॉयल्स पर मिली जीत के बाद काफी राहत महसूस कर रहे हैं. प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो चुकी पंजाब टीम 13 मैचों में पांच जीत और आठ हार के बाद दस अंक लेकर नौवें स्थान पर है. एलिस ने मैच के बाद कहा, यह विकेट अपेक्षा से धीमा था, लेकिन अच्छा था. मुझे टीम के लिए खुशी है कि एक चुनौतीपूर्ण सत्र में हम यह जीत दर्ज करने में कामयाब रहे. रॉयल्स को नौ विकेट पर 144 रन पर रोकने के बाद पंजाब ने सात गेंद बाकी रहते पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया. एलिस ने जीत के बाद कहा, हम प्रतिष्ठा के



लिए खेल रहे थे और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते थे. यह बेहतर प्रदर्शन था जिसमें हमने हालात के अनुकूल ढल कर गेंदबाजी में भी सुधार किया. यह मुकम्मल प्रदर्शन रहा. इस सत्र में पहली बार खेलने वाले एलिस ने कहा, इस मैदान पर हमें पता नहीं था कि पहले गेंदबाजी करनी चाहिए या बल्लेबाजी. बाद में हमने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन हम टॉस हार गए. मैं खुश हूं कि हमने पहले गेंदबाजी की.

▼ ब्रीफ खबरें

## मध्याह्न भोजन में गड़बड़ी को लेकर हुआ हंगामा

**भागलपुर ।** जिले के सुल्तानगंज प्रखण्ड के कटहरा पंचायत के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय कटहरा में गुरुवार को मध्याह्न भोजन में गड़बड़ी होने पर स्कूल के बच्चे और अभिभावकों ने जमकर बवाल काटा. इस दौरान कटहरा पंचायत के उपमुखिया सीता देवी ने बताया कि स्कूल में कुल 101 बच्चे हैं. यहां वर्ग एक से पांच तक की पढ़ाई होती है. स्कूल के प्रधानाध्यापक विंदेश्वरी कुमार घोष के द्वारा मध्याह्न भोजन में गड़बड़ी किया जा रहा है. पानी वाले और सब्जी भी सही नहीं दिया जाता है.

## हथियार लहराने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**नवादा ।** जिले की सिरदला पुलिस ने व्हाट्सएप आए फोटो पर अवैध हथियारों का प्रदर्शन करने के मामले में गुरुवार को सिरदला थाना क्षेत्र के हेमजाभारत गांव के उमेश राजवंशी के पुत्र रोहित कुमार को सिरदला पुलिस ने हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की. इस क्रम में पता चला की रोहित कुमार का ही फोटो है पर पुलिस के अनुसार रोहित ने कबूला की फोटो में हथियार है. वो हिसुआ थाना क्षेत्र के मोदी बीघा गांव के कपिल राजवंशी के पुत्र मनोज राजवंशी उर्फ डब्लू के हथियार से हम ने फोटो खींचा था. रोहित कुमार के बयान के बाद उपयुक्त मनोज राजवंशी को पुनः हेमजाभारत गांव से गिरफ्तार कर लिया है.

## सत्ता का दुरुपयोग हो रहा है : मुकेश सहनी

**पटना ।** वीआइपी सुप्रीमो मुकेश सहनी ने भाजपा पर सत्ता के दुरुपयोग का आरोप लगाया है. सहनी ने कहा है कि आवेदन देने के बावजूद थाने में उनका केस दर्ज नहीं हो रहा है. भाजपा की ओर से मुकेश सहनी के खिलाफ पटना के कोतवाली थाने में केस दर्ज हुआ है. इसके बाद सहनी ने भी कंकड़बाग थाने में बीजेपी के खिलाफ केस दर्ज करने का आवेदन दिया है. सहनी का दावा है कि कई दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस ने अब तक केस दर्ज नहीं किया है. ऐसे में सहनी ने बीजेपी पर सत्ता के दुरुपयोग का आरोप लगाया है और कहा कि संविधान खतरे में आ गया है.

### एनडीए प्रत्याशी डॉ. संजय जायसवाल के समर्थन में की चुनावी सभा

# राजद और कांग्रेसवाले ही हिंदू मुस्लिम में झगड़ा कराते हैं : सीएम

**संवाददाता ।पूर्वी चंपारण**

पश्चिमी चंपारण लोकसभा के एनडीए प्रत्याशी डॉ. संजय जायसवाल के समर्थन में रक्सौल के भेलाही स्थित नथुनी दुर्गा हाई स्कूल के मैदान में गुरुवार को एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कांग्रेस और राजद की तीखी आलोचना करते कहा कि हिन्दू मुस्लिम के झगड़े यही लोग कराते थे. हमने कब्रिस्तान की घेराबंदी कराई.

राज्य में महिलाओं को पंचायत में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया. अनुसूचित जाति, जन जाति और अति पिछड़ों को 65 प्रतिशत, और गरीब सवर्ण को 10 प्रतिशत यानी 75 प्रतिशत आरक्षण दिया. जातीय जनगणना हमने कराया. आर्थिक जनगणना भी कराई. जिसमे पता लगा कि 95 लाख परिवार की आर्थिक स्थिति काफी खराब है. उन्हें मदद दी जायेगी. उन्होंने ऐलान किया कि बिहार के प्रत्येक गरीब परिवार को दो लाख रुपए मिलेंगे. सभी पंचायत में पंचायत सरकार भवन बनेगा. हम काम करने वाले हैं. आगे भी काम करेंगे. हमने बीच में दो बार गलती किया है. इधर उधर चले गए. आश्वस्त करने आए हैं कि अब कहीं नही जायेंगे. दूसरी बार जब गए तो ई सब गड़बड़ करने लगा. चुनाव बाद सबका जांच कराएंगे.

उन्होंने लालू परिवार पर निशाना साधते कहा कि 9/9गो बाल बच्चा पैदा किया. बेटा-बेटी को ई ऊ बनाता रहता है. ऊ सब अंट संट बोलते रहता है. उन्होंने कहा कि हमारे लिए तो पूरा बिहार एक परिवार है. एनडीए ने ही बिहार का विकास किया है. उन्होंने कहा कि याद कीजिए 2005 से पहले राज्य में कैसी स्थिति थी.. कोई घर से निकल पाता था? कोई काम हुआ था? हमने करके दिखाया. यह कहने नहीं, महसूस करने की बात है.

उन्होंने कहा कि आप सब गड़बड़ लोगों के चक्कर में मत आइए.. एनडीए को फिर से लाइए. उन्होंने डॉ संजय जायसवाल को विजयी बनाने की अपील करते हुए उपस्थित लोगों से हाथ उठा कर वोट देने के लिए आश्वस्त कराया. कहा कि देश पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व ही आगे बढ़ेगा. देश में तीसरी बार एनडीए की ही सरकार बनेगी. बिहार में हम 40 में 40 सीट जीतेंगे. सभा को बिहार सरकार के मंत्री विजय चौधरी, कृष्ण नंदन पासवान, राज्य सभा सदस्य संजय झा, सांसद सह भाजपा प्रत्याशी डा संजय जायसवाल सहित अन्य ने भी संबोधित किया.



### सीएम ने दिवंगत मोदी के परिजनों से की मुलाकात

**पटना ।** सीएम नीतीश कुमार गुरुवार को दिवंगत सुशील कुमार मोदी के घर पहुंचे. दिवंगत मोदी के परिजनों से उन्होंने मुलाकात की. इस दौरान मंत्री विजय चौधरी और सांसद संजय झा भी सीएम के साथ मौजूद रहे. वहीं, इस मुलाकात को लेकर सुशील मोदी के भाई राजकुमार मोदी ने कहा नीतीश जी और सुशील मोदी दोनों सच्चे दोस्त थे. बता दें कि सोमवार को बीजेपी नेता सुशील कुमार मोदी का दिल्ली में निधन हो गया था. इसके बाद सीएम नीतीश की तबीयत खराब हो गई थी. इस वजह से सुशील मोदी के अंत्येष्टि में सीएम नीतीश नहीं पहुंच सके थे.

## गैस रिसाव से लगी आग में झुलसे दो की मौत

**मोतिहारी ।** मुफस्सिल थाना अंतर्गत टिकुलिया वार्ड नंबर दो में घरेलू गैस सिलेंडर रिसाव से लगी आग में झुलस कर घायल दो लोगों की मौत हो गयी. मृतकों में हरिकिशोर प्रसाद की पत्नी पूनम देवी (40) व उसका देवर श्रीभगवान कुमार (35) शामिल है. यह हादसा 18 अप्रैल की देर शाम हुई थी, जिसमें पूनम व उसका देवर श्रीभगवान के अलावा पूनम की बेटी आंचल (17) व बेटा प्रिंस कुमार (13) घायल हो गये थे. फिलहाल दोनों बच्चों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है. थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि जख्मी देवर व भाभी की मौत की सूचना मिली है.

### टैक्स रिटर्न में चोरी का है मामला

# कारोबारी के ठिकानों पर रेड

**संवाददाता ।मुजफ्फरपुर**

जिले में गुरुवार सुबह एक बार फिर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की छापेमारी ने हड़कंप मचा दिया है . मुजफ्फरपुर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 41 के पार्षद सह कारोबारी विजय झा के कई ठिकानों पर एक साथ आयकर विभाग की रेड हुई है. जिसमें घर से लेकर करीब आधा दर्जन आशियाने विजय झा के शामिल है.

विजय झा के आवास रामबाग मिठनपुरा से लेकर नगर के कल्याणी के करीब विवाह भवन एवं अन्य दफ्तर में छापेमारी चल रही है. विजय झा का एनजीओ, ठेकेदारी, ब्याज का धंधा, जमीन कारोबार सहित अन्य चीज की फाइल इनकम टैक्स विभाग खंगाल रही है. टैक्स रिटर्न में चोरी का है मामला. अब तक कई अहम सुराग भी इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को मिल गई है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार विजय झा को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की टीम रामबाग स्थित आवास से लेकर उनके कल्याणी स्थित कार्यालय पर ले गई है. जहां टीम के अन्य ऑफिसर्स कागजात के बारे में पूछताछ कर रहे हैं. अब देखना होगा कि विजय झा के पास से क्या कुछ इनकम टैक्स विभाग को हाथ लगता है.

## गोहत्या करनेवालों को उल्टा लटकाकर सीधा करेंगे : अमित शाह

**मधुबनी ।** गृह मंत्री अमित शाह चुनावी जनसभा को संबोधित करने के लिए गुरुवार को मधुबनी पहुंचे. इस दौरान शाह ने बिहार से लेकर कश्मीर तक के मुद्दे पर अपनी बातें रखी. उन्होंने मधुबनी क्षेत्र में गौ-हत्या और गौ-तस्करी के मुद्दे को भी उठाया और बेहद सख्त संदेश देकर उन्होंने भविष्य में इस मुद्दे पर सरकार की ओर से होने वाली कार्रवाई से लोगों को अवगत कराया. वहीं भाजपा सरकार के कामों को भी गिनाया. उन्होंने कहा कि आप मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बना दो. मैं गौ-हत्या करने वालों को उल्टा लटकाकर सीधा कर दूंगा.

**पेज एक का शेष**

## आलमगीर आलम 6 दिन की ईडी...

**पूर्व मुख्य अभियंता बीरेंद्र राम कमीशन की राशि जमा करते थे :** ईडी ने कहा कि उसने पिछले साल ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता बीरेंद्र कुमार राम को गिरफ्तार किया था. राम निविदा आवंटन और काम के निष्पादन के मामले में कमीशन जमा करते थे और कमीशन का 1.5 प्रतिशत हिस्सा मंत्री आलमगीर आलम को पहुंचाया जाता था. जांच एजेंसी ने कहा है कि कमीशन जमा करने व वितरण की पूरी प्रक्रिया ग्रामीण विकास स्पेशल डिवीजन और ग्रामीण कार्य विभाग में तैनात सहायक इंजीनियरों द्वारा की जाती थी. ईडी ने आरोप लगाया कि आवंटित निविदा में आलमगीर का 1.5 प्रतिशत कमीशन निर्धारित था.

**सहायक इंजीनियर ने कमीशन का तीन करोड़ मंत्री को दिया था :** ईडी ने कहा कि एक मामले में मंत्री को तीन करोड़ रुपये का कमीशन मिला, जिसे एक सहायक इंजीनियर ने सितंबर 2022 में उनको भेजा था. जांच में पता चला है कि कमीशन के संग्रह और वितरण की पूरी प्रक्रिया ग्रामीण विकास विशेष प्रभाग और ग्रामीण कार्य विभाग में तैनात सहायक इंजीनियरों ने की थी. जांच और पूछताछ में पता चला कि मंत्री आलमगीर आलम का हिस्सा आवंटित निविदा राशि का 1.5% था. ईडी के अनुसार, यह जानकारी इसी केस में जेल में बंद निलंबित इंजीनियर इन चीफ वीरेंद्र राम ने पूछताछ में दी थी.

**मंत्री आलम का नया ठिकाना होटवार जेल :** टेंडर घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी मंत्री आलमगीर आलम को कड़ी सुरक्षा के बीच लेकर ईडी की टीम होटवार जेल पहुंची. आलम का नया ठिकाना होटवार का भगवान बिरसा मुंडा जेल हैं. गुरुवार रात उनकी होटवार जेल में ही कटेगी. गिरफ्तारी के बाद उनके चेहरे पर शिकन और बेचैनी साफ दिख रही थी. आलमगीर को गुरूवार को कोर्ट में पेश करने के बाद ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका ने 10 दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की अनुमति मांगी. हालांकि कोर्ट ने छह दिनों की रिमांड की मंजूरी दी. सुरक्षा के लिहाज से कोर्ट में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति की गयी है. वहीं पेशी के बाद आलमगीर आलम को वापस ले ईडी ऑफिस ले जाया गया. फिर वहां से होटवार जेल ले जाया गया.

## आलमगीर का जहाज डुबाने वाले...

- **पुराना कार्यकाल :** आलमगीर आलम वर्ष 2009 के कार्यकाल में विधानसभा के अध्यक्ष रहे थे. इस दौरान विधानसभा में नियुक्ति घोटाला हुआ था. उस वक्त उनके साथ दो लोग हुआ करते थे. दोनों सरकारी पदाधिकारी. गजब का रौब था और गजब की कमाई. कहते हैं, उसी काल में आलमगीर आलम को सारे फाटक-सिग्नल तोड़ने की लत लगी थी. उससे पहले ठीक-ठाक ही थे.
- **रंजीत सिंह :** सरकारी पद से वीआरएस ले चुके हैं. वर्तमान में एक महिला सांसद के साथ हैं. कहते हैं ऐसे लोग हर पार्टी के, हर नेता के करीबी होते हैं, यही योग्यता रंजीत सिंह में भी है. पहले आलमगीर आलम के साथ थे, अब जिस सांसद के साथ हैं, वह भाजपा की हैं. विधानसभा अध्यक्ष पद पर आलम जब तक रहे, इनकी तूती बोलती थी. नियुक्ति घोटाले की जांच शुरू होने के बाद इन्होंने वीआरएस ले लिया था.
- **झा जीः** उस वक्त एक झा जी भी बहुत चर्चित हुआ करते थे. अब भी चर्चित हैं. एक अन्य मंत्री के साथ हैं. दल भी दूसरा है. हां सरकार में दोनों दल सहयोगी की भूमिका में है. उस कार्यकाल में आलमगीर आलम के स्तर से हुई गड़बड़ियों की बात होगी, तो झा जी की भी गर्दन फंसेगी.

## समरथ को नहिं दोसु...

इसने एक नयी बहस को जन्म दिया है और सुप्रीम कोर्ट की निष्पक्षता पर खरोंच भी आयी है.

सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या खालिस्तानी आतंकी अमृतपाल को चुनाव लड़ने के लिए सुप्रीम कोर्ट अंतरिम जमानत देगा ? सवाल यह भी है कि देश की विभिन्न जेलों में बंद विचाराधीन कैदियों को भी सुप्रीम कोर्ट की कृपा से सिर्फ वोट डालने के लिए बिना मांगे अंतरिम जमानत मिलेगी ? चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है. इसमें भाग लेने के लिए सबको समान अवसर मिलना ही चाहिए. सुप्रीम कोर्ट ठहरा सुप्रीम. उसका आदेश लोग सर-माथे पर रखते हैं तो वह यह मान लेता है कि वह आलोचनाओं से परे है. उसके पास डिफेमेशन और कंटेंप्ट का डंडा भी है. लेकिन भारत एक गणराज्य है और यहां नागरिक का हित ही सर्वोच्च होना चाहिए, किसी केजरीवाल या किसी अन्य का नहीं. केवल चुनाव प्रचार के लिए किसी को जमानत देना कानून की नजर में सब बराबर हैं का दावा महज एक ढोंग लगता है. बतर्ज न जाने कौन से गुण पर दयानिधि रीझ जायें या उनका दिल-दिमाग किस पर नरम किस पर गरम हो जाये, यह परंपरा या शैली हमारी न्यायिक व्यवस्था के विरुद्ध है. हमारी व्यवस्था में जो सर्वोच्च व्यक्ति या संस्थाएं हैं उन्हें हमारे संविधान ने इसलिए अधिकारसंपन्न नहीं बनाया है कि वे उच्छृंखल या स्वेच्छाचारी हो जायें. अगर सुप्रीम कोर्ट को शराब घोटाले के अभियुक्तों से इतनी ही हमदर्दी है तो उसने मनीष सिसौदिया, के. कविता आदि को कम से कम चुनाव भर के लिए बाहर क्यों नहीं आने दिया ? बहरहाल जब यह एक मान्य सिद्धांत है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले कानून ही होते हैं तब केजरीवाल को जमानत आनेवाले दिनों में एक कारक और बहस का मुद्दा तो बनेगी ही. यदि न्यायपालिका यह समझती है कि उसे प्राप्त अधिकार असीम हैं, तो यह उसकी भूल है. जनता से चुना हुआ कोई प्रधानमंत्री अपनी औकात पर आ जाये तो क्या होता है, इसे राजीव गांधी के शाहबानो मामले में और इंदिरा गांधी के वरीय न्यायमूर्तियों की उपेक्षा कर कनीय को मुख्य न्यायाधीश बनाने के रूप में देखा-समझा जा सकता है. इन दोनों फैसलों की खूब आलोचना हुई, अब भी होती है. इसलिए सभी संस्थाओं, व्यक्तियों को अपने अधिकारों का विवेकसम्मत ही इस्तेमाल करना चाहिए. सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल प्रकरण में ऐसा नहीं किया है. इसीलिए आम जनमानस में इस आदेश के विरुद्ध उद्वेलन के स्वर सुनाई दे रहे हैं.

## मोतिराजपुर गांव के मदरसे में धमाका, मौलवी की मौत, दो घायल

**छपरा ।** सारण जिले के गड़खा थाना क्षेत्र के मोतिराजपुर गांव के मदरसा परिसर में बुधवार रात हुए धमाके में ओल्हनपुर गांव निवासी मौलाना इमामुद्दीन की मौत हो गई, वहीं 10 वर्षीय बालक मुजफ्फरपुर निवासी नूर आलम गंभीर रूप से घायल हो गया. यह जानकारी पुलिस ने दी. पुलिस के अनुसार, मदरसा परिसर में विस्फोट से हुए धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए. सूचना मिलने पर गड़खा थाना के एसआई अमान अशरफ वहां पहुंचे, लेकिन उससे पहले स्थानीय लोग दोनों घायलों को लेकर पटना रवाना हो चुके थे. लोगों ने बताया कि पहले घायलों को छपरा सदर अस्पताल ले जाया गया है.

**कारोबार**

## ओबेरॉय रियल्टी के शेयर में 9% का उछाल

**नयी दिल्ली ।** ओबेरॉय रियल्टी के शेयर में गुरुवार को करीब नौ प्रतिशत का उछाल आया. बीएसई पर शेयर 8.70 प्रतिशत चढ़कर 1,712.30 रुपये पर पहुंच गया. एनएसई पर यह 8.81 प्रतिशत बढ़कर एक साल के उच्चतम स्तर 1,712.85 रुपये पर पहुंच गया. ओबेरॉय रियल्टी ने बुधवार को बताया था कि उसका एकीकृत शुद्ध मुनाफा बीते वित्त वर्ष की मार्च में समाप्त तिमाही में 64 प्रतिशत बढ़कर 788.03 करोड़ रुपये पर पहुंच गया. जबकि उसकी कुल आय बढ़कर 1,558.56 करोड़ रुपये हो गई.

## जेट एयरवेज के संस्थापक की पत्नी का निधन

**मुंबई ।** बंद पड़ी एयरलाइन जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल की पत्नी अनीता गोयल का गुरुवार को दक्षिण मुंबई के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया. वह 70 वर्ष की थीं. सूत्रों ने बताया कि अनीता गोयल कैंसर से पीड़ित थीं और पिछले कुछ समय से उनका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था. सूत्रों के मुताबिक, अनीता गोयल के अंतिम पलों में उनके पति नरेश गोयल भी उनके पास मौजूद थे. कर्ज धोखाधड़ी के एक मामले में जेल में बंद नरेश गोयल को दो महीने के लिए अंतरिम जमानत मिली हुई है.

## रिलायंस ने आरईसी सोलर की बिक्री पूरी की

**नयी दिल्ली ।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने करीब 2.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर में आरईसी सोलर नॉर्वे एएस को ओस्लो में सूचीबद्ध एल्केम एएसए को बेच दिया है. आरईसी नॉर्वे, आरईसी सोलर होल्डिंग्स की पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई है और स्कैंडिनेवियाई देश में पॉलीसिलिकॉन के निर्माण में शामिल है. कंपनी ने बताया कि बिक्री प्रक्रिया पूरी हो गई है. इसमें कहा गया, अब आरईसी नॉर्वे कंपनी की अनुषंगी कंपनी नहीं है. आरआईएल ने अमेरिका, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और एशिया में अन्य जगहों सहित वैश्विक स्तर पर हरित ऊर्जा बाजारों में विस्तार करने के लिए चाइना नेशनल ब्लूस्टार ग्रुप को. से आरईसी सोलर होल्डिंग्स को अक्टूबर 2021 में खरीदा था.

### बेन कैपिटल और टेमासेक ने हल्दीराम में हिस्सेदारी खरीदने के लिए मिलाया हाथ

# लोकप्रिय ब्रांड हल्दीराम को खरीदने की मची होड़

**भाषा ।नयी दिल्ली**

हल्दीराम देश का एक लोकप्रिय बांड है. इसका कारोबार देश ही नहीं, बल्कि विदेश में भी है. यही वजह है कि इस पर विदेशी कंपनियों की भी नजर है. वहीं भारत में नमकीन और मिठाई इंडस्ट्री पर कई दशकों से राज कर रहे लोकप्रिय ब्रांड हल्दीराम में हिस्सेदारी खरीदने की होड़ दिलचस्प हो गई है. दुनिया की सबसे बड़ी प्राइवेट इक्विटी कंपनी ब्लैकस्टोन इंक की अगुवाई वाले कंसोर्टियम को टक्कर देने के लिए अब टेमासेक होल्डिंग्स लिमिटेड और बेन कैपिटल ने हाथ मिला लिया है. इसे देश में अब तक का सबसे बड़ा प्राइवेट इक्विटी एक्विजिशन माना जा रहा है.

सूत्रों के मुताबिक बेन और टेमासेक ने पिछले हफ्ते पिछले हफ्ते नॉन-बाइंडिंग ऑफर सौंप दिया है. इसके लिए हल्दीराम की वैल्यूएशन 8 से 8.5 अरब डॉलर यानी 66,400 से 70,500 करोड़ रुपये आंकी गई है. बेन और टेमासेक ने हल्दीराम में स्टेक खरीदने के लिए फाउंडर फैमिली के साथ पहले अलग-अलग बातचीत की थी. लेकिन अब ब्लैकस्टोन की अगुवाई वाले कंसोर्टियम को टक्कर देने के लिए दोनों ने आपस में हाथ मिला लिया है.




**हल्दीराम के स्नैक्स बिजनेस के मर्जर को मिली मंजूरी**

**बढ़े दावेदार**

- हल्दीराम की वैल्यूएशन है 8 से 8 .5 अरब डॉलर
- ब्लैकस्टोन भी 76 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदना चाहती है

मिली जानकारी के अनुसार दुनिया के सबसे बड़े निजी इक्विटी फंड ब्लैकस्टोन ने कंपनी में 76% तक हिस्सेदारी खरीदने के लिए अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी और सिंगापुर के सॉवरेन वेल्थ फंड जीआईसी के साथ हाथ मिलाया है. बेन के ग्लोबल फंड्स में टेमासेक लिमिटेड पार्टनर है. एडीआईए और जीआईसी के साथ भी बेन का यही रिश्ता है. पिछले साल नवंबर में, बेन ने अपने पांचवें पैनएशिया प्राइवेट इक्विटी फंड का अंतिम समापन 7.1 अरब डॉलर पर पूरा किया, जो अपने लक्ष्य से 40% अधिक था. यह इस क्षेत्र के लिए उसका सबसे बड़ा फंड था. बेन पिछले सात महीनों में हल्दीराम को ऑपरेट करने वाले अग्रवाल परिवार के बातचीत में लगा था. उसकी अग्रवाल परिवार के नागपुर और दिल्ली गुट के साथ बात हो रही थी. अग्रवाल परिवार पूरे देश में रिस्ट्रक्चरिंग में लगा है.

2023 के आखिर में बेन के अधिकारियों ने हल्दीराम की फैक्ट्री का भी दौरा किया था. तब दोनों पक्षों के बीच बातचीत में तेजी आई थी. यह बातचीत माइनोरिटी इन्वेस्टमेंट पर केंद्रित थीं. लेकिन अग्रवाल परिवार की योजना अब स्नैक्स बिजनेस का मर्जर करने और रेस्तरां चेन के लिए अलग कंपनी बनाने की है. यह कंपनी परिवार के पास ही रहेगी. इसके साथ ही परिवार हल्दीराम में मैज्योरिटी स्टेक बेचने को तैयार है. अग्रवाल परिवार की अगली पीढ़ी दूसरे बिजनस को आगे बढ़ाना चाहती है. हल्दीराम में मैज्योरिटी हिस्सेदारी बेचने की डील तीन-चार महीने में पूरी हो सकती है. हल्दीराम के स्नैक्स बिजनस के मर्जर को एनसीएलटी ने मंजूरी दे दी है और इसमें भी तीन-चार महीने लगने की उम्मीद है. सूत्रों के मुताबिक बेन अन्य एलपी और भागीदारों को भी इस डील में शामिल करके बड़ा कंसोर्टियम बना सकता है. लेकिन यह इस बात पर निर्भर करेगा कि अग्रवाल परिवार हल्दीराम में कितनी हिस्सेदारी बेचता है और इसकी वैल्यूएशन कितनी रहती है. इसी आधार पर ब्लैकस्टोन भी अपने कंसोर्टियम का दायरा बढ़ा सकता है.

## ओएचएम को 1,000 ई-सी 3 ईवी की आपूर्ति करेगी सिट्रॉन

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

फ्रांसीसी कार विनिर्माता सिट्रॉन ने गुरुवार को कहा कि वह ओएचएम ई-लॉजिस्टिक्स को अपने इलेक्ट्रिक मॉडल ई-सी3 की 1,000 इकाइयों की चरणबद्ध ढंग से आपूर्ति करेगी. सिट्रॉन ने गुरुवार को बयान में कहा कि ओएचएम ई-लॉजिस्टिक्स की इलेक्ट्रिक परिवहन सेवाओं में ई-सी3 मॉडल को शामिल करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं और सिट्रॉन ई-सी3 मॉडल की 1,000 इकाइयों की 12 महीनों में आपूर्ति की जाएगी. सिट्रॉन इंडिया के ब्रांड निदेशक शिशिर मिश्रा ने कहा, यह साझेदारी इलेक्ट्रिक परिवहन को बढ़ावा देने और आवागमन क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन कम करने के हमारे साझा दृष्टिकोण को रेखांकित करती है. पहले चरण में हैदराबाद में 120 वाहनों की आपूर्ति की जाएगी जबकि शेष 880 वाहनों को अगले 12 महीनों में ओएचएम ई-लॉजिस्टिक्स अपने बेड़े में धीरे-धीरे शामिल करने की योजना बना रही है. ओएचएम ने अक्टूबर, 2022 में 100 इलेक्ट्रिक कैब के साथ अपना बेड़ा शुरू किया था. उन वाहनों को जीएमआर हैदराबाद हवाई अड्डे पर तैनात किया गया है.

# भुवनेश्वर में 24 मई से शुरू हो रहा वंडरला हॉलिडेज




▪ रोमांचक रोलर कोस्टर और मनोरंजक वाटर राइड के अलावा दिखेंगी कई मनोरंजक चीजें

**सॉफ्ट लॉन्च डे के बाद के टिकटों पर 25 प्रतिशत की छूट मिलेगी**

**संवाददाता ।रांची**

भारत की सबसे बड़ी मनोरंजन पार्क श्रृंखला वंडरला हॉलिडेज 24 मई को भुवनेश्वर के कुम्भारबास्ता में अपना नया मनोरंजन पार्क खोलने के लिए तैयार है. वंडरला रोमांचक रोलर कोस्टर और मनोरंजक वाटर राइड के अलावा हर उम्र के लोगों के लिए अलग-अलग मजेदार और आकर्षक चीजें होगी. पार्क के कई राइड्स ऐसे हैं जो पूरे भारत में सिर्फ यहीं मिलेंगे क्योंकि वे कस्टम-मेड हैं और उन्हें प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से मंगाया किया गया है.

इस संबंध में विशेष जानकारी देते हुए वंडरला के प्रबंध निदेशक अरुण के चिट्टिलपिल्ली ने कहा कि हम वंडरला के असाधारण मनोरंजन अनुभव को लाने के लिए उत्साहित हैं. हम अपने आगंतुकों को शानदार और यादगार स्मृतियां प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. सीमित अवधि के प्री-बुकिंग ऑफर के अलावा, वंडरला अर्ली बर्ड ऑफर भी पेश कर रहा है, जिसमें सॉफ्ट लॉन्च डे के बाद के टिकटों पर 25% की छूट मिलेगी. यह ऑफर सीमित अवधि के लिए ही उपलब्ध है और सिर्फ ऑनलाइन प्री-बुकिंग के जरिए ही मिलेगा. वंडरला हॉलिडेज की टिकटें इसकी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं.

**आई गिरावट** सार्वजनिक क्षेत्रों की कंपनियों की ओर से जारी आंकड़ों में यह बात सामने आई

# चुनाव प्रचार चरम पर होने के बावजूद डीजल की बिक्री घटी

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

भारत में आम चुनाव के लिए प्रचार चरम पर होने के बावजूद मई के पहले पखवाड़े में डीजल की बिक्री में गिरावट आई, जबकि पेट्रोल की खपत लगभग स्थिर रही. सार्वजनिक क्षेत्रों की कंपनियों की ओर से जारी प्रारंभिक आंकड़ों में यह बात सामने आई. आम चुनाव के प्रचार के कारण परंपरागत रूप से ईंधन की मांग में वृद्धि हुई है क्योंकि उम्मीदवार मतदाताओं तक पहुंचने के लिए बड़े पैमाने पर मोटर वाहन का इस्तेमाल करते हैं, हालांकि सार्वजनिक क्षेत्रों की कंपनियों के बिक्री आंकड़े कुछ ओर बयां करते हैं. आंकड़ों के अनुसार, ईंधन बाजार के 90 प्रतिशत हिस्से को नियंत्रित करने वाली तीन सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों की पेट्रोल बिक्री मई के पहले पखवाड़े में 13.67 लाख टन रही. यह पिछले साल की समान अवधि में 13.6 लाख टन खपत के लगभग बराबर रही. हालांकि, मासिक आधार पर खपत 11 प्रतिशत बढ़ी. देश में सबसे ज्यादा खपत वाले ईंधन डीजल की एक से 15 मई के दौरान बिक्री 1.1 प्रतिशत घटकर 32.8 लाख टन रही. इसकी खपत में अप्रैल में 2.3 प्रतिशत और मार्च में 2.7 प्रतिशत गिरावट आई थी. चुनाव प्रचार के अलावा, फसल कटाई का मौसम और तेज गर्मी का मौसम आने से कार में एयर कंडीशनिंग अधिक चलाया जाता है जिससे ईंधन की खपत में वृद्धि होनी चाहिए.



### दो-दो रुपये प्रति लीटर की कटौती की गई थी

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में मार्च के मध्य में दो-दो रुपये प्रति लीटर की कटौती की गई थी. यह दो साल में पहला मौका था जब कीमतों में बदलाव हुआ था. अगर मासिक आधार पर देखें तो एक से 15 अप्रैल में 12 .3 लाचा टन खपत की तुलना में बिक्री 11 प्रतिशत अधिक रही. अप्रैल के पहले पखवाड़े की तुलना में 31 .5 लाख टन के मुकाबले डीजल की मांग मासिक आधार पर चार प्रतिशत अधिक रही. डीजल भारत में सबसे अधिक खपत वाला ईंधन है, जो सभी पेट्रोलियम उत्पादों की खपत का लगभग 40 प्रतिशत है. देश में कुल डीजल बिक्री में परिवहन क्षेत्र की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत है. यह हार्वेस्टर और ट्रैक्टर सहित कृषि क्षेत्रों में उपयोग किया जाने वाला प्रमुख ईंधन है. विमान ईंधन की मांग एक से 15 मई 2024 के दौरान सालाना आधार पर 4 .1 प्रतिशत बढ़कर 3,14,200 टन हो गई. हालांकि एक से 15 अप्रैल में 3,45,800 टन की तुलना में यह मासिक आधार पर यह 9 .1 प्रतिशत कम है. आंकड़ों के अनुसार, रसोई गैस एलपीजी की बिक्री एक से 15 मई के बीच सालाना आधार पर 1 .1 प्रतिशत घटकर 12 .1 लाख टन हो गई.

# चालू वित्त वर्ष में देश का वस्तु निर्यात 12 से 15 प्रतिशत बढ़ा

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

निर्यातकों के शीर्ष संगठन फियो ने गुरुवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर चुनौतियों के बावजूद देश का वस्तु निर्यात चालू वित्त वर्ष में 12 से 15 प्रतिशत तक बढ़कर 500 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है. फियो ने निर्यात को गति देने के लिए प्रतिस्पर्धी दर पर दीर्घकालीन कर्ज उपलब्ध कराने, ब्याज छूट बढ़ाने, निर्यात विकास कोष बनाने जैसे सुझाव भी दिये. वस्तु निर्यात बीते वित्त वर्ष 2023-24 में तीन प्रतिशत से अधिक बढ़कर 437.1 अरब डॉलर रहा है.

फियो के अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने यह भी कहा कि देश का सेवा निर्यात 2024-25 में 390 से 400 अरब डॉलर पर पहुंच सकता है. उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, हमारा अनुमान है कि वस्तु निर्यात चालू वित्त वर्ष में 500 से 510 अरब डॉलर रहेगा. सेवा क्षेत्र में निर्यात 390 से 400 अरब डॉलर रहने की उम्मीद है. कुमार ने कहा, मांग में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है. इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी, उच्च और मध्यम प्रौद्योगिकी, दवाएं, चिकित्सा और डायग्नोस्टिक उपकरण जैसे प्रौद्योगिकी आधारित क्षेत्रों के लिए मांग मजबूत बनी हुई है. उन्होंने कहा कि पीएलआई योजना के तहत उत्पादन बढ़ने से भी निर्यात के मोर्चे पर लाभ होगा. फियो के अनुसार परिधान, जूते, रत्न और आभूषण जैसे श्रम प्रधान क्षेत्रों में बीते वित्त वर्ष में दहाई अंक में गिरावट आई है लेकिन इनका प्रदर्शन इस साल बेहतर रहने का अनुमान है.



रुद्रप्रयाग जिले में गुरुवार को चारधाम यात्रा के दौरान केदारनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए काफी संख्या में भक्त एकत्रित हुए.

## ब्रीफ खबरें

### निष्कासित रविकरण भाजपा में हुए शामिल

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) से निष्कासित किए जाने के एक दिन बाद रविकरण सिंह काहलों ने गुरुवार को भाजपा का दामन थाम लिया. वह अकाली दल के नेतृत्व वाली सरकार में कई उच्च पदों पर रहे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्वर्गीय निर्मल सिंह काहलों के बेटे हैं. भाजपा की पंजाब इकाई के अध्यक्ष सुनील जाखड़ और पार्टी नेता मनजिंदर सिंह सिरसा की मौजूदगी में काहलों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. काहलों ने डेरा बाबा नानक सीट से 2022 में पंजाब विस का चुनाव लड़ा था.

### पद्मश्री लेखिका मालती जोशी का हुआ निधन

**नयी दिल्ली।** पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित लेखिका और प्रसिद्ध कथाकार मालती जोशी का 90 वर्ष की उम्र में निधन हो गया. एक पारिवारिक मित्र ने बताया कि मालती जोशी ने बेटे के दिल्ली स्थित आवास पर अंतिम सांस ली. मालवा की मीरा के नाम से लोकप्रिय रहीं जोशी को 2018 में तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने पद्मश्री सम्मान से नवाजा था. जोशी की कहानियां मध्यांतर, पटाक्षेप, पराजय, एक घर सपनों का और वो तेरा घर, ये मेरा घर तथा उनका उपन्यास 'औरत एक रात है' काफी लोकप्रिय हुए.

### बीजद-भाजपा समर्थकों में झड़प, एक की मौत

**बेरहामपुर (ओडिशा)।** ओडिशा के गंजाम जिले में सत्तारूढ़ बीजद और भाजपा के समर्थकों के बीच झड़प होने से एक भाजपा कार्यकर्ता की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए. पुलिस ने बताया कि यह घटना बुधवार रात को खल्लीकोट थाना क्षेत्र के श्री कृष्णा सरनापुर गांव में चुनाव प्रचार के लिए पोस्टर लगाने को लेकर हुई. मृतक की पहचान इसी गांव के निवासी दिलीप कुमार पाहाना के रूप में की गई है जिसने एमकेसीजी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया.

### कविता को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड मिला

**लंदन।** प्रसिद्ध गायिका कविता कृष्णमूर्ति को लंदन में वार्षिक 'यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल (यूकेएएफएफ)' में संगीत में उनके योगदान के लिए 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है. मिस्टर इंडिया और हम दिल दे चुके सनम जैसी कई हिंदी फिल्मों के गीतों को अपनी आवाज दे चुकीं 66 वर्षीय गायिका को सप्ताहांत में एक शानदार समारोह में 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' प्रदान किया गया. कविता कृष्णमूर्ति को चार दशक के करियर में उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया है.

### फ्लाइट में टिशू पेपर पर बम लिखा मिला

**नयी दिल्ली।** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर दिल्ली से वडोदरा जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब चालक दल के एक सदस्य ने विमान के शौचालय में एक टिशू पेपर देखा जिस पर बम लिखा था. पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि बम लिखा टिशू पेपर मिलने के बाद विमान की तलाशी ली गई, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला. उन्होंने कहा कि जब चालक दल के सदस्य ने बम लिखा टिशू पेपर देखा उस समय विमान उड़ान भरने के लिए तैयार था.

### अरविंद केजरीवाल और अखिलेश यादव ने की संयुक्त प्रेस-कांफ्रेंस, बोले

# भाजपा सत्ता में आई तो आरक्षण समाप्त कर देगी : केजरीवाल

**एजेंसी । लखनऊ**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को दावा किया कि भाजपा यदि लोकसभा चुनाव के बाद फिर से केंद्र की सत्ता में आई तो वह संविधान बदल देगी और आरक्षण समाप्त कर देगी. केजरीवाल ने यहां सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, इन लोगों (भाजपा) की पूरी तैयारी है कि अगर ये जीत गये तो संविधान को बदल कर अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) का आरक्षण खत्म कर दिया जाएगा. उन्होंने कहा, पिछले चार-पांच महीने से इन्होंने 'चार सौ पार' का शोर मचा रखा है. इन्हें 'चार सौ पार' सीट चाहिए क्योंकि ये आरक्षण खत्म करना चाहते हैं और बाबासाहेब (आंबेडकर) ने जो संविधान बनाया, उसे खत्म करना चाहते हैं. केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, ये लोग कहते थे कि मोदी जी कुछ बड़ा काम करना चाहते हैं. अंदर से पता कराने पर मालूम हुआ कि ये लोग आरक्षण खत्म करना चाहते हैं. आरएसएस और भाजपा शुरू से ही आरक्षण के ख़िलाफ रहे हैं. ये लोग संविधान को तार-तार करना चाहते हैं.



**सत्ता मिलते ही योगी को हटा देंगे :** मुख्यमंत्री ने अपना यह दावा दोहराया कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हटा दिया जाएगा. उन्होंने कहा, अगर ये (भाजपा) लोग जीत गये तो योगी आदित्यनाथ को दो से तीन माह के अंदर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद से हटा दिया जाएगा. केजरीवाल ने कहा, मैंने कहा कि योगी आदित्यनाथ को दो महीने में हटा दिया जाएगा तो इस पर अभी तक भाजपा के किसी नेता की टिप्पणी नहीं आई. इसका मतलब, यह बात पक्की है कि उन्होंने योगी को हटाने की पूरी योजना बना ली है. आप नेता ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने लिए नहीं, बल्कि गृह मंत्री अमित शाह को प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट मांग रहे हैं. उन्होंने कहा कि जब 2014 में मोदी प्रधानमंत्री बने थे तो उन्होंने खुद एक नियम बनाया था कि भाजपा के अंदर और उनकी सरकारों में 75 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति होगा तो उसे संगठन और सरकार में किसी भी पद पर नहीं रखा जायेगा और 'रिटायर' कर दिया जाएगा.

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने संवाददाताओं से बातचीत में दावा किया कि लोकसभा चुनाव के पहले चार चरणों में भारतीय जनता पार्टी चारों खाने चित्त हो चुकी है. उन्होंने कहा, जो देश का माहौल है, उस हिसाब से भाजपा चार चरणों में चारों खाने चित्त हो गई है. अब वे स्वयं स्वीकार कर रहे हैं कि 143 सीट से ज्यादा नहीं जीत रहे हैं. 140 करोड़ जनता इन्हें 140 सीट के नीचे पहुंचा देगी. संवाददाता सम्मेलन में मौजूद आप नेता संजय सिंह ने राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल को लेकर पूछे गए एक सवाल पर कहा, पूरा देश आज तक दुखी है कि कारगिल के सैनिक की पत्नी को मणिपुर में नग्न घुमाया गया और भारत के प्रधानमंत्री चुप हैं. मालीवाल ने हाल ही में अरविंद केजरीवाल के एक सहयोगी द्वारा खुद पर हमला किए जाने का आरोप लगाया है. संजय सिंह ने आरोप लगाया, प्रज्वल रेवन्ना ने हजारों महिलाओं के साथ बलात्कार किया और उन्हें भाजपा ने देश से भागने की अनुमति दी. जब महिला पहलवान जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रही थीं तब दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष के तौर पर मालीवाल वहां गईं, उन्हें पुलिस ने घसीटा और पीटा. उत्तर प्रदेश में, कुलदीप सिंह सेंगर और हाथरस के मामले में भारत के प्रधानमंत्री शांत रहे और कुछ भी नहीं कहा.

सिंह ने कहा, 'आप' हमारा परिवार है. पार्टी ने इस मामले पर अपना नजरिया स्पष्ट कर दिया है. उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि जो मुद्दे मैंने आपके सामने रखे हैं, उन पर भाजपा और प्रधानमंत्री को भी जवाब देना चाहिए. उन्हें (प्रधानमंत्री को) स्वाति मालीवाल के मुद्दे पर जवाब देना चाहिए, जिन्हें जंतर मंतर पर घसीटकर पीटा गया था. जब वह महिला पहलवानों के लिए न्याय मांगने गयी थी. मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि मुद्दों पर राजनीतिक खेल मत खेलो.

## ओडिशा के लोगों ने नवीन पटनायक को आराम देने का फैसला किया है: जेपी नड्डा



**एजेंसी। भुवनेश्वर**

भाजपा के उम्मीदवारों के समर्थन में ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में गुरुवार को रोड शो के दौरान भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा कि राज्य के लोगों ने भाजपा की सरकार बनाने तथा मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को आराम देने का फैसला किया है. रोड शो के दौरान भगवा रंग के, खुली छत वाले वाहन में खड़े नड्डा ने सड़क के दोनों तरफ मौजूद भीड़ का हाथ हिलाकर अभिवादन किया.

मौसिना चक से लिंगराज मंदिर तक के इस रोड शो में पार्टी अध्यक्ष नड्डा के साथ भुवनेश्वर की भाजपा सांसद और उम्मीदवार अपराजिता सारंगी और एकामरा-भुवनेश्वर विधानसभा सीट से पार्टी उम्मीदवार बाबू सिंह भी मौजूद थे. लोगों ने भाजपा अध्यक्ष का स्वागत किया और सड़क के दोनों ओर स्थित इमारतों से उन पर पुष्पवर्षा की. रोड शो में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी के झंडे लहराए और नारे लगाए. त ीन किलोमीटर लंबे रोड शो के दौरान पत्रकारों से बातचीत में नड्डा ने कहा कि लोगों का उत्साह बताता है कि उन्होंने पिछले 24 वर्षों से ओडिशा पर शासन कर रहे नवीन पटनायक को आराम देने का और भाजपा की सरकार चुनने का फैसला किया है.



**बारिश का कहर**
हैदराबाद में गुरुवार को बारिश के बीच जलजमाव वाली सड़क पर यात्री.

## भाजपा राशन को लेकर झूठ फैला रही है : जयराम रमेश

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा पर राशन के मुद्दे पर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए गुरुवार को कहा कि अगर केंद्र में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की सरकार बनती है तो कर्नाटक की 'अन्न भाग्य' योजना की तर्ज पर पूरे देश में गरीबों को प्रति माह 10 किलोग्राम मुफ्त राशन दिया जाएगा. पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि गुजरात का मुख्यमंत्री रहते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून का विरोध किया था. लखनऊ में बुधवार को समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए खरगे ने घोषणा की थी कि अगर 'इंडिया' गठबंधन की सरकार सत्ता में आती है तो भाजपा सरकार की ओर से दी जा रही गरीबों को मुफ्त राशन की मात्रा दोगुनी कर दी जाएगी. भाजपा ने खरगे की



इस घोषणा को लेकर कांग्रेस पर झूठे वादे करने का आरोप लगाया है. रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री और भाजपा राशन को लेकर भयंकर झूठ फैला रहे हैं. उन्होंने कहा, राशन की असली क्रोनोलॉजी समझिए. 80 करोड़ भारतीयों के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (2011 की जनगणना के आधार पर) सितंबर 2013 में पारित किया गया था. इसका सिर्फ़ एक मुख्यमंत्री ने लिखित में विरोध किया था, वह थे गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री. रमेश ने कहा, प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 को लागू करने के लिए कुछ नहीं किया.

### संदेशखाली की महिला ने अपहरण का मामला दर्ज कराया, जांच शुरू

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में एक महिला ने गुरुवार को तीन लोगों पर घर के बाहर से उसका अपहरण करने की पुलिस में शिकायत दर्ज कराई. संदेशखाली में तृणमूल कांग्रेस नेता महिलाओं के यौन उत्पीडन को लेकर विवादों में हैं. संदेशखाली पुलिस स्टेशन में अपनी शिकायत में महिला ने दावा किया कि उस पर अदालत में यह कहने के लिए दबाव डाला गया था कि क्षेत्र में महिलाओं पर कथित अत्याचार झूठ हैं. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, गुरुवार को महिला की शिकायत के बाद मामला दर्ज कर लिया गया और जांच जारी है. शिकायत में तीन लोगों को नामजद किया गया है. अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है.

## केजरीवाल को अंतरिम जमानत कोई अपवाद नहीं : न्यायालय

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए अंतरिम जमानत देना कोई अपवाद नहीं है और इस फैसले के 'आलोचनात्मक विश्लेषण' का स्वागत है. न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को दी गई अंतरिम जमानत के संबंध में दिए गए कुछ बयानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केजरीवाल के वकील के दावों तथा जवाबी दावों पर विचार करने से इनकार कर दिया. पीठ ने कहा, हमने किसी के लिए अपवाद स्वरूप कुछ नहीं किया है. हमने अपने



आदेश में वही कहा, जो हमें न्यायोचित लगा. ईडी की ओर से सॉलसिटर जनरल तुषार मेहता ने चुनावी रैलियों में दिए गए केजरीवाल के इन भाषणों पर विरोध जताया कि अगर जनता आम आदमी पार्टी को वोट देती है तो उन्हें दो जून को जेल वापस नहीं जाना पड़ेगा. पीठ ने मेहता से कहा, यह उनका मानना है. हम कुछ नहीं कह सकते. वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कार्यवाही के दौरान एक वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री के बयान का उल्लेख किया.

### तेज रफ्तार बोलेरो ने खड़े ट्रक में मारी टक्कर, आठ मजदूरों की हुई मौत

**इंदौर।** इंदौर में दर्दनाक सड़क हादसा हो गया है. यहां बेटमा थाना क्षेत्र के धार अहमदाबाद बाइपास पर मजदूरों से भरी तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक में घुस गयी. इस हादसे में आठ मजदूरों की मौत हो गई. जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया. हादसे के बाद इलाके में चीख पुकार मच गयी. घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. वहीं घायल को अस्पताल में भर्ती किया, जहां उसका इलाज चल रहा है. बताया जाता है कि बेटमा थाना क्षेत्र के धार अहमदाबाद बाइपास पर एक ट्रक सड़क किनारे खड़ा था. इसी दौरान बाग टांडा से गुना की ओर जा रही बोलेरो अनियंत्रित हो गयी.

## भारत-म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाने के फैसले के विरोध में मिजोरम में रैलियां

**एजेंसी। आइजोल**

भारत-म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाने और पड़ोसी देश के साथ मुक्त आवाजाही व्यवस्था (एफएमआर) वापस लेने के केंद्र के फैसले के विरोध में गुरुवार को मिजोरम में हजारों लोगों ने रैलियों में भाग लिया. संगठन के एक नेता ने कहा कि जो री-यूनिफिकेशन ऑर्गनाइजेशन (जोरो) द्वारा आयोजित शांतिपूर्ण रैलियां म्यांमा की सीमा से लगे चंफाई जिले के जोखावथर और वाफई गांवों में आयोजित की गईं और पड़ोसी देश के कई लोगों ने भी इनमें हिस्सा लिया. जोरो एक मिजो समूह है जो भारत, बांग्लादेश और म्यांमा की सभी चिन-कुकी-मिजो-जोमी जनजातियों को





एक प्रशासन के तहत लाकर उनका एकीकरण चाहता है. जोरो के महासचिव एल रामदीनलियाना रेंथली ने पीटीआई.भाषा को बताया, "वफाई में हजारों लोग सड़कों पर उतर आए, जबकि लगभग 7,000 प्रदर्शनकारियों ने जोखावथर रैली में भाग लिया. म्यांमार के सैकड़ों लोगों ने दो रैलियों में भाग लिया, जबकि कई लोग भारत में प्रवेश नहीं कर सके क्योंकि संबंधित अधिकारियों को किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए 'फ्रेंडशिप गेट' बंद करना पड़ा. मिजोरम म्यांमा के चिन राज्य के साथ 510 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है और मिजो लोग चिन समुदाय के लोगों के साथ जातीय संबंध साझा करते हैं.

**पहल** जानें संविधान में बॉडी शेमिंग को लेकर क्या है नियम

# भूल से भी कहा मोटा या बौना तो हो सकती है जेल

**एजेंसी। नयी दिल्ली**


भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के सभी भारतीय नागरिकों को अभिव्यक्ति की आजादी है. यानी कोई भी नागरिक जो चाहे कर सकता है,कह सकता है. उस पर किसी प्रकार का कोई प्रतिबंध नहीं होगा. लेकिन अभिव्यक्ति की आजादी आजकल लोग काफी गलत तरीकों से इस्तेमाल कर रहे हैं. लोग कई ऐसी बातें व्यक्ति की आजादी के तौर पर कह जाते हैं. जो कि शायद उन्हें नहीं कहनी चाहिए होती. अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर लोग आजकल बॉडी शेमिंग भी खूब कर रहे हैं. यानी लोगों को मोटा कहना, बौना कहना, किसी का रंग



सांवला है, तो उसे कालू कहना. यह सब बॉडी शेमिंग के अंदर आते है. लेकिन अगर आपने किसी की बॉडी शेमिंग की तो तो फिर आपको जेल हो सकती है. चलिए क्या है इसके लिए कानून जानते हैं.

### बॉडी शेमिंग को लेकर कानून

बॉडी शेमिंग को लेकर भारत में फिलहाल कोई आधिकारिक तौर पर कानून नहीं बनाया गया है. यानी ऐसी कोई स्पेसिफिक धारा संविधान में नहीं जोड़ी गई है. जिससे किसी के ऊपर गैर उपयुक्त शारीरिक टिप्पणी करना जुर्म माना जाए. कम शब्दों में कहें तो बॉडी शेमिंग को लेकर कानूनी तौर पर कोई टर्म नहीं है. लेकिन अगर आप किसी की बॉडी शेमिंग करते हैं. किसी की शारीरिक बनावट को लेकर उसे नीचा दिखाने की कोशिश करते हैं. तो फिर आप पर मानहानि के तहत केस दायर किया जा सकता है. जिसमें आईपीसी की धारा 399 के तहत आपको 2 साल तक की जेल हो सकती है.



### मामला भी हो सकता है दर्ज

आमतौर पर लोग बॉडी शेमिंग को बहुत हल्के में लेते हैं. यह एक प्रकार से स्कूल और कॉलेज में की जाने वाली रैगिंग की तरह होती है. जब रैगिंग की जाती है तो कुछ छात्रों पर इसका पर बेहद नेगेटिव इंपैक्ट होता है. यहां तक कि मामलों में छात्रों ने अपनी जान लेने की कोशिश करते देखे गए हैं. बॉडी शेमिंग भी एक प्रकार से उसी तरह है. आप किसी को बार-बार उसकी शारीरिक बनावट को लेकर ताने कसते हैं. उसका मजाक उड़ाते हैं, उसे नीचा दिखाते हैं. तो ऐसे मामलों में अक्सर लोग तंग आकर सुसाइड करने की कोशिश करते हैं. अगर ऐसा होता है तो फिर बॉडी शेमिंग करने वालों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला भी दर्ज हो सकता है.

### एनसीडब्ल्यू ने विभव के खिलाफ समन जारी किया

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से मारपीट के आरोप पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी को गुरुवार को समन जारी किया. समन के मुताबिक, बिभव कुमार की सुनवाई शुक्रवार को होगी. एनसीडब्ल्यू ने पूर्व डीसीडब्ल्यू प्रमुख स्वाति मालीवाल ने केजरीवाल के निजी सचिव पर उनके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया शीर्षक के एक मीडिया पोस्ट का स्वतः संज्ञान लिया. उन्होंने दावा किया था कि बिभव द्वारा सीएम के आवास पर उनके साथ बेरहमी से मारपीट की गई थी. इन आरोपों के आलोक में आयोग ने एक नोटिस जारी किया, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया कि अनुपालन में विफलता पाए जाने पर आवश्यक समझा गया तो आगे की कार्रवाई की जा सकती है.

## राजकीय यात्रा पर चीन पहुंचे पुतिन शी चिनफिंग से की मुलाकात

**एजेंसी। बीजिंग**

यूक्रेन युद्ध में रूस के प्रति अपना समर्थन वापस लेने के लिए अमेरिका और यूरोपीय संघ की ओर से पड़ रहे दबाव के बीच चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को अपने रणनीतिक संबंधों के भविष्य पर बातचीत की. सत्ता में पांचवीं बार फिर से चुने जाने के कुछ दिनों बाद पुतिन अपनी पहली विदेश यात्रा पर चीन पहुंचे हैं. ऐतिहासिक 'ग्रेट हॉल ऑफ पीपल' में पुतिन के पहुंचने के तुरंत बाद शी ने एक स्वागत समारोह की मेजबानी की जिसमें पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की टुकड़ी द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर के साथ सम्मान दिया गया. पंद्रह मिनट के समारोह के बाद दोनों नेता बातचीत के लिए चले गए.



रूसी राष्ट्रपति के विदेश नीति मामलों के सहयोगी यूरी उशाकोव ने कहा कि चीन को पुतिन की पहली विदेश यात्रा के लिए अचानक नहीं चुना गया था बल्कि पिछले साल अभूतपूर्व तीसरे कार्यकाल के लिए चुने जाने के बाद शी द्वारा इसी तरह का मैत्रीपूर्ण कदम उठाने की प्रतिक्रिया में इसे निर्धारित किया गया है. उशाकोव ने कहा कि चीन के साथ बातचीत का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा बंद कमरे में अनौपचारिक वार्ता होगी और दोनों नेता यूक्रेन पर महत्वपूर्ण बातचीत करेंगे.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)